शेयर बाजार
सेंसेक्स 72,638.70 -429.11 (-0.59%)
निफ्टी 22,603.05 -173.05 (-0.76%)
सर्राफा बाजार प्रति 10 ग्राम
24 carat
सोना 1,45,010.00
चांदी 2450.00

सूर्योदय प्रातः 5:42 सूर्यास्त संध्या 5:30 पखवाड़ा आश्विन कृ. त्रयोदशी, संवत 2083 तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 19°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 08 अक्टूबर 2026, वर्ष : 17, अंक : 234, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को मातृशोक, नहीं रहीं रूपी सोरेन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की मां रूपी सोरेन का निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. उज्ज्वल राय ने दी है। उनके निधन से सोरेन परिवार में शोक का माहौल है। रूपी सोरेन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता रहे शिबू सोरेन की पत्नी थीं। उनके निधन की खबर सामने आने के बाद परिवार, करीबियों और समर्थकों के बीच शोक की लहर है। उनके निधन की सूचना मिलने के बाद परिवार के करीबी लोग और समर्थक हिल व्यू हॉस्पिटल में शोक जताने के लिए पहुंचने लगे हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री के पैतृक गांव नेमरा में अंतिम संस्कार किये जाने की बात बतायी गयी है।

सोरेन परिवार में शोक

रूपी सोरेन के निधन से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनके परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। परिवार के लिए यह दुख की घड़ी है। उनके निधन की सूचना के बाद मुख्यमंत्री आवास और परिवार से जुड़े लोगों के बीच शोक का माहौल है। रूपी सोरेन लम्बे समय से सोरेन परिवार के साथ रहीं। परिवार के सदस्यों के साथ उनके करीबी रिश्ते रहे। उनके निधन से परिवार और करीबियों में शोक है।

अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार की तैयारी

रूपी सोरेन के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए मोरहाबादी स्थित आवास में रखा जायेगा। उनके अंतिम दर्शन के लिए परिवार के करीबी लोगों, राजनीतिक नेताओं और समर्थकों के पहुंचने की सम्भावना है। वहीं, गुरुवार को ही मुख्यमंत्री के पैतृक गांव नेमरा में अंतिम संस्कार किये जाने की बात बतायी गयी है।

राजनीतिक जगत में शोक की लहर

रूपी सोरेन के निधन की खबर के बाद झारखंड के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की ओर से शोक संवेदनाएं आने लगी हैं। शिबू सोरेन के परिवार से लम्बे समय से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए भी यह भावुक क्षण है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

शासन प्रमुख के तौर पर 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सभा' में सम्मिलित हुए प्रधानमंत्री

जब तक भारत विकसित नहीं होता, न रुकूंगा, न थकूंगा : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत को अपने जीवन का प्रमुख लक्ष्य बताते हुए बुधवार को यहां कहा कि जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक वह न रुकेंगे, न थकेंगे और न अपने पथ से डिगेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में शासन प्रमुख के तौर पर 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सभा' को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण 140 करोड़ से अधिक देशवासी मिल कर करेंगे।

मोदी ने सात अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और इसके बाद मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री के रूप में सरकार के प्रमुख के तौर पर लगातार 25 वर्ष पूरे किये हैं।

मोदी ने कहा कि आजादी हासिल करने के लिए देशवासियों ने अपना जीवन समर्पित किया था, अब विकसित भारत बनाने के लिए देश के लिए जीना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के सामने लक्ष्य स्पष्ट हैं...विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में स्थान, गरीबी का उन्मूलन और विभिन्न क्षेत्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की स्थिति में पहुंचाना।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में समस्याएं जरूर हैं, लेकिन भारत के पास 140 करोड़ समाधान भी हैं। उन्होंने युवाओं को देश की बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और सामर्थ्य विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि भारत को छोटे लक्ष्य लेकर आगे नहीं बढ़ना चाहिए, बल्कि असाधारण और अभूतपूर्व लक्ष्य तय करने चाहिए।

मोदी ने कहा कि सरकार के प्रमुख के तौर पर 25 वर्षों की निरन्तर सेवा जनता के निरन्तर आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों का जनविश्वास और अनुभव बड़ी पूंजी है, लेकिन यह पूंजी केवल मोदी की नहीं, बल्कि देश की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके 25 वर्षों का आकलन इस बात से नहीं होना चाहिए कि वह स्वयं कहां पहुंचे, बल्कि इससे होना चाहिए कि देश कहां पहुंचा है। उन्होंने कहा कि गुजरात में उनका मंत्र रहा कि गुजरात के विकास से देश का विकास हो और प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने इसी सोच के साथ काम किया।

मोदी ने कहा कि देश के लिए निःस्वार्थ कर्म उनके लिए सब कुछ है और कर्म ही उनका धर्म है। उनके लिए कर्म केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि देश के प्रति साधना है। उन्होंने कहा कि फल या श्रेय की चिन्ता किये बिना देश की सेवा करना ही उनका संकल्प रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आनेवाले समय में प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, खेल, अंतरिक्ष और विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

जनसेवा को जीवन का ध्येय बना कर राष्ट्रसेवा के पथ पर बढ़े प्रधानमंत्री मोदी : नितिन नवीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार के प्रमुख (हेड ऑफ गवर्नमेंट) के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया और सत्ता को सेवा का माध्यम मान कर राष्ट्रसेवा के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ते रहे। इंदिरा गांधी स्टेडियम इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बुधवार को नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सेवा और समर्पण की 25 वर्षों की अनवरत एवं अविचल यात्रा के लिए वह 140 करोड़ देशवासियों और भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने परिश्रम और समर्पण से देशवासियों के जीवन में विकास, आत्मविश्वास और स्वाभिमान का उजाला फैलाने ● शेष पृष्ठ 11 पर

एसआईआर पर रार : मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे तक आन्दोलन को विपक्ष तैयार

दूसरे दिन भी घमसान सड़क पर संग्राम !

एजेंसी

नयी दिल्ली : एसआईआर रोकने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर इंडिया ब्लॉक का आन्दोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को दिल्ली पुलिस ने समझाने की बहुत कोशिश की। लेकिन, दोनों ने पुलिस की एक नहीं सुनी। जंतर-मंतर पर धरना देने को लेकर वह अडिग रहे। बाध्यतः, पुलिस ने राहुल-प्रियंका समेत इंडिया ब्लॉक के नेताओं व सांसदों को हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में सभी छोड़ दिये गये। जंतर-मंतर पर धरना देने के लिए इंडिया ब्लॉक के सांसद बस में सवार होकर रवाना हुए, तो पुलिस बल ने उन्हें रास्ते में रोक दिया। इंडिया गठबंधन के सांसदों की बस से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उतरते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि क्या यह कोई तरीका है? आप देख सकते हैं कि ये लोग क्या कर रहे हैं। फिर प्रियंका गांधी ने सड़क पर लेट कर धरना शुरू कर दिया।

कुछ देर मान-मनौव्वल के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उसके बाद कई नेताओं और सांसदों को पुलिस ने हिरासत में लिया। दिल्ली पुलिस के जवानों ने प्रियंका गांधी वाड्रा को जंतर-मंतर के पास उस जगह से हटा दिया, जहां इंडिया गठबंधन के सांसदों को प्रदर्शन स्थल की ओर आगे बढ़ने से रोका गया था। इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में हिरासत में लिये जाने के वक्त आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि उन्होंने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया। इसके लिए ज्ञानेश कुमार, अमित शाह और पीएम मोदी सभी जिम्मेदार हैं। हमने वर्षों से ऐसे दृश्य नहीं देखे थे। यह बर्बरता की हद है। आप सभी बेनकाब हो चुके हैं। आप सभी कायर हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

- जंतर-मंतर पर धरना देने के लिए जा रहे इंडिया ब्लॉक के सांसदों को पुलिस ने रोका
- राहुल-प्रियंका समेत इंडिया ब्लॉक के नेताओं व सांसदों को हिरासत में ले लिया, बाद में सभी छोड़े गये

आकाशवाणी भवन में जबरन घुसने पर राहुल-प्रियंका व अन्य पर एफआईआर

दिल्ली पुलिस ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्ष के मार्च के दौरान आकाशवाणी भवन परिसर में बिना अनुमति प्रवेश करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आकाशवाणी भवन में बिना अनुमति प्रवेश करने और धरना देने की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले में आगे की जांच जारी है। मंगलवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संसद भवन से चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर मार्च करने की कोशिश की थी। पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया, जिसके बाद राहुल, प्रियंका और कुछ अन्य नेता आकाशवाणी भवन परिसर में दाखिल होकर धरने पर बैठ गये। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर जाने के लिए कहा गया, लेकिन वे वहां डटे रहे। इस दौरान पुलिस ने करीब 260 लोगों को हिरासत में लिया था। इनमें राहुल और प्रियंका के अलावा अन्य सांसद और समर्थक भी शामिल थे। बाद में पुलिस ने आकाशवाणी भवन परिसर से प्रदर्शनकारियों को हटाया ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

दक्षिण दिनाजपुर में 25 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

कोलकाता : कश्मीर से छिप कर पश्चिम बंगाल पहुंचे 25 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। सीमावर्ती गांव में एक साथ इन बांग्लादेशी नागरिकों को देखकर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। यह घटना मंगलवार को दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुशमंडी थाने के अंतर्गत आनेवाले लोहागंज के पंचानगर इलाके में हुई।

गांव में इन अनजान लोगों को देखकर स्थानीय निवासियों को संदेह हुआ। जब उनसे पूछताछ की गयी, तो पता चला कि वे सभी बांग्लादेशी नागरिक हैं। इसके बाद तुरंत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची बीएसएफ ने 25 बांग्लादेशियों के साथ-साथ उनके साथ मौजूद एक भारतीय युवक को भी हिरासत में ले लिया।

कार्टून कोना



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया अटल टनल का दौरा

एजेंसी

कुल्लू : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के रोहतांग स्थित सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण अटल टनल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने टनल के निर्माण में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के योगदान की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि सीमा सड़क संगठन के समर्पण और कठिन परिश्रम से निर्मित अटल टनल वैश्विक मानकों पर खरा उतरने वाला इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित बुनियादी ढांचा परियोजना देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में भी निर्बाध सम्पर्क सुनिश्चित करने की भारत की तकनीकी क्षमता, दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अटल टनल सामरिक दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण है और इसके निर्माण ● शेष पृष्ठ 11 पर

केरलम सहकारी समितियों में धोखाधड़ी के तीन केस में ईडी की 20 ठिकानों पर तलाशी

कर्नाटक में केपीएससी के दो अधिकारी गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरलम में सहकारी समितियों से जुड़ी कथित धोखाधड़ी के तीन अलग-अलग मामलों में बुधवार को त्रिशूर, एनार्कुलम और कोझिकोड में करीब 20 ठिकानों पर छापा मार कर तलाशी की। इन मामलों में कथित तौर पर करीब 92 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित संपत्ति शामिल है। इसी बीच, एक अन्य कार्रवाई में ईडी ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के निलंबित अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस. साहूकार और आयोग की सदस्य बी.वी. गीता को कथित भर्ती अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है।

ईडी के अनुसार, अर्बन को-ऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़े मामले में पदाधिकारियों पर फर्जी ऋण जारी कर सदस्यों को नुकसान पहुंचाने का आरोप है और इसमें करीब 55 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता चला है। एनार्कुलम और आसपास के करीब पांच-छह ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। थेन्नेला सर्विस को-ऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़े दूसरे मामले में अधिक ब्याज देने का वादा कर फर्जी ऋण जारी करने के आरोप हैं। इसमें करीब 10 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित संपत्ति शामिल है ● शेष पृष्ठ 11 पर

सीजेपी और एआईएसए 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली : कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और अखिल भारतीय छात्र संघ (एआईएसए) ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसी मांगों को लेकर 10 अक्टूबर को यहां के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का एलान किया है।

सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास और एआईएसए की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने बुधवार को प्रेस क्लब में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

सौरव दास ने कहा कि सीजेपी, सभी छात्र संगठनों और सिविल सोसाइटी संगठनों के साथ मिल कर 10 अक्टूबर को सड़कों पर उतरेगी और ● शेष पृष्ठ 11 पर

वियतनाम में मृत प्रवासी कामगार स्व. राजा कुमार वर्मा के आश्रितों को प्रदान की गयी 05 लाख की सहायता राशि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर वियतनाम में सड़क दुर्घटना में मृत रांची के कैलास नगर निवासी स्व. राजा कुमार वर्मा के आश्रितों को 'मुख्यमंत्री झारखण्ड अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना' के अंतर्गत 5 लाख की सहायता राशि प्रदान की गयी। यह सहायता राशि श्रम मंत्री एवं राज्यसभा सांसद द्वारा दिवंगत के परिजनों को सौंपी गयी।

मालूम हो कि स्व. राजा कुमार वर्मा वियतनाम में योग प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत थे, जहां एक सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल होने के उपरांत इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। परिजनों द्वारा पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने हेतु राज्य सरकार से गुहार लगायी गयी थी।

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदान की गयी सहायता राशि
- राज्य सरकार के प्रयासों से पार्थिव शरीर वियतनाम से 05 अक्टूबर को रांची लाकर परिजनों को सौंपा गया था

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुख्यमंत्री के आदेश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई की। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा हनोई (वियतनाम) स्थित भारतीय दूतावास से निरन्तर समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करायी गयीं। तत्पश्चात पार्थिव शरीर को हनोई से कोलकाता हवाई अड्डे लाया गया।

कोलकाता हवाई अड्डे से पार्थिव शरीर को रांची स्थित उनके पैतृक आवास तक सकुशल एवं सम्मानपूर्वक पहुंचाने के लिए रांची जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी थी। तत्पचात 05 अक्टूबर को शव रांची लाया गया था।

रेलवे में बढ़ती आउटसोर्सिंग के खिलाफ एआईआरएफ का राष्ट्रीय सम्मेलन आज

नयी दिल्ली : भारतीय रेलवे के मुख्य, तकनीकी और सुरक्षा-संवेदनशील कार्यों में बढ़ती आउटसोर्सिंग के विरोध में रेल कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। आउटसोर्सिंग के खिलाफ रेल कर्मचारियों की सबसे बड़ी यूनियन ने गुरुवार को देश की राजधानी में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसमें तीन हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) द्वारा 08 अक्टूबर को कर्नल सिंह रेलवे स्टेडियम में इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें आउटसोर्सिंग के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया जायेगा। सम्मेलन में नॉर्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन (एनआरएमयू) के 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एआईआरएफ ने कहा कि सम्मेलन में एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने बुधवार को एआईआरएफ मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण और नयी तकनीक के इस्तेमाल का वह विरोधी नहीं है, लेकिन ट्रैक और सिग्नल अनुरक्षण, लोको शेड, कार्यशाला, कोचिंग डिपो और रोलिंग स्टॉक जैसे सुरक्षा-संवेदनशील कार्यों को लगातार ठेके पर दिये जाने से वह चिन्तित है।



एक झलक

मृतक लक्ष्मी कुमारी के स्वजनों को भाजपा एसटी मोर्चा ने दी आर्थिक सहायता

बेड़ो : प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अंतर्गत जहानाबाज गांव निवासी 15 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी, पिता अगनू मुंडा का पिछले दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। घटना से परिवार में शोक का माहौल है। मृतक के स्वजनों को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी टोप्पो की ओर से आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। यह सहायता मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह के माध्यम से पीड़ित परिवार तक पहुंचाई गई। इस दौरान सन्नी टोप्पो ने लक्ष्मी कुमारी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में परिवार अकेला नहीं है और भविष्य में भी परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। मौके पर बिगुल महतो, कार्तिक मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, अभिषेक कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

बेड़ो के नेहालू घाट टोली गांव में जंगली हाथियों ने दो किसानों की फसल रौंदी

बेड़ो : प्रखंड के नेहालू पंचायत के घाट टोली गांव में मंगलवार की रात लगभग आठ बजे जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के दो किसान जोगो उरांव और सुकरा उरांव के धान की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। वहीं हाथियों के आने-जाने के कारण कई अन्य किसानों के धान की फसल भी बर्बाद हो गई। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को मजबूर हैं। पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को एक बार फिर हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है।

गोला थाना प्रभारी ने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ की बैठक दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

गोला (रामगढ़) : गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने एक बैठक की। जिसमें सभी बैंक के प्रबंधक उपस्थित हुए तथा सभी बैंक मैनेजर से अनुरोध किया गया कि बैंक के प्रवेश द्वार पर अच्छा कैमरा लगाए जिसे आना जाने वाले लोगों का चेहरा साफ साफ दिख सके तथा सभी बैंकों में आपातकालीन स्थिति में हूटर को तेज आवाज से बजाने का आदेश दिया गया। बैंक में कोई व्यक्ति काम से आता है, तो उसके साथ कोई भी व्यक्ति बिना काम के बैंक में प्रवेश नहीं करने का आदेश दिया गया। मौके पर एसबीआई अभिषेक बनर्जी, यूनियन बैंक के अनंत कुमार साव, बैंक ऑफ इंडिया मगनपुर के नीलेश कोंगाड़ी, सेंट्रल बैंक के रविशंकर, पीएनबी के रविन्द्र कुमार राम, एसास स्माल बैंक अमित कुमार तिवारी, एक्सिस बैंक के जया कुमारी, बीओआई बनतारा के चंदन कुमार, बीओबी के विक्की कुमार, एचडीएफसी के दीपक कुमार सिंह तथा केनरा बैंक के रवि कुमार मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ थाना का किया भौतिक निरीक्षण

त्योहारों पर बढ़ायें गश्त, संदिग्धों पर रखें निगरानी : एसपी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : आगामी दुर्गा पूजा सहित अन्य त्योहारों के सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने सोमवार को रामगढ़ थाना का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने थाना परिसर, अभिलेखों, हाजत और पुलिसकर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने थाने के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि त्योहारों के

दौरान सभी संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख पूजा पंडालों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अड्डेबाजी एवं असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने, सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक जमावड़ा नहीं होने देने एवं एंटी क्राइम चेकिंग अभियान तेज करने को कहा। सक्रिय अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। एसपी ने थाना क्षेत्र में पैदल गश्ती बढ़ाने, पुलिस विजिबिलिटी बढ़ाने और महिला, बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो। इसके अलावा अफवाह और भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित रोक लगाने के लिए सोशल मीडिया पर सतर्क निगरानी रखने एवं आवश्यकता पड़ने पर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। अंत में एसपी ने सभी पदाधिकारियों को त्योहारों के दौरान सतर्कता, संवेदनशीलता एवं प्रोफेशनल पुलिसिंग के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

जेएलकेएम की प्रखंड स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा, 04 नवम्बर को होगा सम्मेलन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुढ़मू : बुधवार को बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के भांट बोड़या मैदान में जेएलकेएम पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संदीप साहू ने की, जबकि संचालन मनोज महतो ने किया। बैठक में पार्टी के विस्तार, संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से आगामी 4 नवंबर 2026 को भांट बोड़या मैदान में पार्टी का सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में पार्टी प्रमुख सह विधायक जयराम महतो के शामिल होने की जानकारी दी गई। इस दौरान संदीप साहू ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया गया है। उन्होंने बैठक के सफल आयोजन में मनोज महतो, बबलू महतो, हीरा साहू, राहुल महतो, रमेश महतो और प्रदीप महतो के योगदान की सराहना की।

सुकरीगढ़ा दिव्यांग विद्यालय में विशेष जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : जिला प्रशासन रामगढ़ और दीपशिखा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्पैस्टिक आवासीय विद्यालय, सुकरीगढ़ा लारी में दिव्यांगजनों के सहायतार्थ एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, एलिम्को के प्रतिनिधि एवं दीपशिखा संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों का मेडिकल चेकअप किया गया एवं मौके पर योग्य लाभुकों के बीच 2 यूडीआईडी कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति, पेंशन, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन योजना तथा नेशनल ट्रस्ट के तहत निरामया कार्ड, लीगल गार्जियनशिप सर्टिफिकेट की जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित एलिम्को के प्रतिनिधियों द्वारा भारत सरकार की एडीप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, ट्राई-साइकिल, वैशाखी आदि उपलब्ध कराने हेतु चिह्नीकरण व पंजीकरण की प्रक्रिया साझा की गई। इस दौरान दीपशिखा संस्था द्वारा दिव्यांगजनों तथा विद्यालय के बुनियादी ढांचे का विस्तृत मूल्यांकन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास व उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जल्द ही विद्यालय की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त कर इसे मॉडल दिव्यांग विद्यालय के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है, जहां दिव्यांगता के प्रकार के आधार पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों को स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देकर आजीविका से जोड़ा जाए और सीधे रोजगार मुहैया कराया जाए। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ग्राम से प्रखंड स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त ने एलिम्को और दीपशिखा संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की और योग्य लाभुकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

राजदीप गुप्ता बने अभाविप के खूंटी जिला संयोजक

खूंटी : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में राजदीप गुप्ता को खूंटी जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। छह और सात अक्टूबर को आयोजित बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। राजदीप गुप्ता खूंटी स्थित बिरसा कॉलेज के इतिहास विभाग में सेमेस्टर-4 के विद्यार्थी हैं। वे खूंटी के मिश्रा टोली के निवासी हैं और विद्यार्थी जीवन से ही संगठनात्मक गतिविधियों तथा छात्रहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे हैं। प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी ने राजदीप गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों से निरंतर संपर्क बढ़ाकर छात्रहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। साथ ही जिले के महाविद्यालयों में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

घुटूवा में भाजपा ने विकसित भारत संकल्प सभा का किया आयोजन

सेवा ज्योति यात्रा निकाली, सुना पीएम का सम्बोधन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा जिला इकाई की ओर से बुधवार को घुटूवा स्थित दुर्गा मंदिर परिसर के समीप मैदान में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने की। मौके पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। सभा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व महिलाएं शामिल हुईं। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पीएम के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की यात्रा का उल्लेख किया। बताया गया कि पीएम ने अपने संबोधन में 7 अक्टूबर 2001 से शुरू हुई

अपनी सेवा यात्रा को देशवासियों का आशीर्वाद बताया और राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं सेवा ज्योति यात्रा के जिला संयोजक बलराम महतो ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। मौके पर जिला प्रभारी सुरेन्द्र महतो, महामंत्री जगेश्वर प्रजापति, रंजीत राम, नूतन महतो, मनोज अग्रिहरी, दिनेश प्रसाद, सुनील प्रसाद, शिव कुमार महतो, विनोद कुमार, भीमसेन चौहान, प्रवीण सोनू, रूपा साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बेड़ो में रौनियार वैश्य संघ ने मनाया हेमू विजयोत्सव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में बुधवार को रौनियार वैश्य संघ इकाई बेड़ो ने भारतवर्ष के अंतिम हिंदू सम्राट रौनियार कुलभूषण महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य उर्फ हेमू का विजयोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर रौनियार समाज के लोगों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए, नौजवानों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की बात कही। इसके बाद सभी ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। डा रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि समाज के लोग एक-दूसरे से मिलकर नौजवानों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की सीख दें। उन्होंने नौजवानों को बताया कि समाज और देश का विकास आपके हाथों में है, इसलिए आगे बढ़िए और समाज को ऊंचाई पर ले जाने की कोशिश कीजिए। अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के लोग अपने परिवार और बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, जिससे समाज का बेहतर विकास हो। वहीं सचिव मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि स्वजातीय समाज की मजबूती और एकता के साथ-साथ आपसी रिश्तों में मधुर संबंध बनाए रखें। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज की गौरवशाली विरासत को संजोना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य है।

विधायक ममता देवी को सुधीर मंगलेश ने सौंपा ज्ञापन

सिरू उपस्वास्थ्य केन्द्र शीघ्र चालू कराने की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दुलमी (रामगढ़) : दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने स्थानीय विधायक ममता देवी को ज्ञापन सौंपकर दुलमी प्रखंड के बुध बाजार सिरू उपस्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र चालू कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से सुधीर मंगलेश ने कहा कि बुध बाजार सिरू क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए यह उपस्वास्थ्य केंद्र काफी महत्वपूर्ण है। उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होने के बावजूद इसके नियमित रूप से संचालन नहीं होने के कारण आसपास के ग्रामीणों को छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर स्थित अस्पतालों एवं स्वास्थ्य

केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है। इससे ग्रामीणों को समय और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार निवास करते हैं। उपस्वास्थ्य केंद्र के चालू होने से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जांच, दवा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। विशेषकर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए यह केंद्र काफी उपयोगी साबित होगा। सुधीर मंगलेश ने विधायक ममता देवी से आग्रह किया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर बुध बाजार सिरू उपस्वास्थ्य केंद्र को जल्द से जल्द आवश्यक स्वास्थ्यकर्मी एवं संसाधन उपलब्ध कराते हुए नियमित रूप से संचालित कराने की दिशा में पहल करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उपस्वास्थ्य केंद्र के संचालन से सिरू, बुध बाजार एवं आसपास के गांवों के लोगों को काफी राहत मिलेगी और उन्हें सामान्य उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

नारो जतरा टांड़ में उमड़ा आस्था और उत्साह का सैलाब, विभिन्न गांवों के खोड़ा ने बढ़ायी शोभा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पिस्का नगड़ी : नारो गांव स्थित जतरा टांड़ में बुधवार को पारंपरिक जितिया जतरा का भव्य आयोजन किया गया। जितिया जतरा को लेकर सुबह से ही नारो जतरा टांड़ में लोगों की भीड़ जुटने लगी। आसपास के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में खोड़ा जतरा में शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा जतरा टांड़ उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। जतरा में दूर-दराज के गांवों से पहुंचे खोड़ा ने अपनी पारंपरिक संस्कृति और कला का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। ढोल-नगाड़ों एवं पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण उत्सवमय बना रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में जितिया जतरा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। जतरा के सफल आयोजन में जितिया जतरा संचालन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के अध्यक्ष बबलू तिर्की के नेतृत्व में आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया। वहीं बरखा उरांव, अंजू टोप्पो एवं बापी कच्छप उपाध्यक्ष, प्रशांत तिर्की सचिव, जबकि सिमरन तिर्की एवं सुमन खलखो सह सचिव के रूप में उपस्थित रहे। सनी उरांव कोषाध्यक्ष तथा जयंती उरांव एवं लेलो उरांव उप कोषाध्यक्ष के रूप में आयोजन में सक्रिय रहे।

सुवर्ण वणिक दुर्गा मंदिर में शुद्धिकरण पूजा हुई सम्पन्न

वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा सम्पूर्ण क्षेत्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गोला प्रखंड क्षेत्र स्थित सुवर्ण वणिक दुर्गा मंदिर के नव निर्मित मंदिर में बुधवार को शुद्धिकरण एवं वैदिक पूजा पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। पुराने मंदिर के स्थान पर ही नए मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी दुर्गा पूजा भी इसी स्थान पर परंपरागत रूप से आयोजित की जाएगी, जहां पिछले कई वर्षों से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना होती आ रही है। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुद्धिकरण पूजा में आचार्य कानन हाजरा, अनंतो हाजरा, पुरोहित अजय घोषाल, विपुल घोषाल, संजीव मिश्रा, आलोक मिश्रा, गौतम मिश्रा, उपेंद्र गुरु, सुरेश पाठक एवं आयुष मिश्रा सहित अन्य शामिल रहे। यजमान अध्यक्ष राजेश चंद्र पोद्दार, सचिव दीपक चंद्र दे, उप सचिव पंचम पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौर चंद्र पोद्दार एवं उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र पोद्दार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर विकास पोद्दार, विकास चंद्र पोद्दार, रुपेश चंद्र दे, जितेंद्र कुमार, लालटू चंद्रा, संजय पोद्दार, टिकेश्वर पोद्दार, चंदन पाठक, दुलाल मिश्रा, दिनेश पोद्दार, संटू पोद्दार, मनोरंजन पोद्दार, योगेश पोद्दार, अनिल पोद्दार सहित समाज के अन्य सदस्य मौजूद थे।

'सामुदायिक मध्यस्थता' पर 60 दिवसीय मेगा अभियान के तहत डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

सामुदायिक मध्यस्थता के लिए लोगों की जागरूकता ही लक्ष्य : डालसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : महुआजारी पंचायत भवन एवं महुआजाड़ी गांव में डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत सामुदायिक मध्यस्थता पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के नेतृत्व में 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान (चरण-1) होना सुनिश्चित हुआ है,

जो कि 60 दिनों तक चलेगा। डालसा टीम के पीएलवी कालिन्दर गोप ने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थताः एक मुकदमा-मुक्त ग्रामीण भारत की ओर - 2026 राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मुकदमों के बोझ को कम करने और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक पहल है। विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर ही विवादों का शुरूआती और सौहार्दपूर्ण समाधान कर नए मुकदमों को अदालत तक पहुँचने से रोकना है। ग्राम पंचायतों और अन्य सामुदायिक संस्थाओं को विवाद निवारण में एक रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह भी ज्ञात हो कि कानीजाड़ी गांव में डालसा टीम के द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा टीम के द्वारा कानीजाड़ी गांव के ग्रामीणों से घर-घर जाकर पूछताछ की एवं उनके समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को दूर करने की बातें कहीं। मौके पर ही प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, राशन कार्ड, सिंचाई मशीन एवं लेबर कार्ड से संबंधित आवेदन लिये गये। लगभग 350 लोग जागरूक हुए और योजना से लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डालसा टीम में पीएलवी कालिन्दर गोप महुआजाड़ी पंचायत भवन तथा गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

एनएच 23 की बगल से बारीडीह होते हुए भसनंदा की जर्जर सड़क के शिलान्यास कार्य के दो वर्ष बाद भी नहीं शुरू हुआ काम

कार्य अवधि से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य न होना दुर्भाग्यपूर्ण : पूर्व उपप्रमुख

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : गांव के विकास के लिए बिजली पानी और सड़क की अति आवश्यक है और इसी को देखते हुए एनएच 23 के बगल से बारीडीह होते हुए भसनंदा गांव जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मती का कार्य आरईओ योजना के तहत शिलान्यास के दो वर्ष बीत जाने के बाद अब तक सड़क मरम्मती का कार्य शुरू न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बातें बेड़ो के पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। जहां बुधवार को पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय व हरिहरपुर जामटोली पंचायत

के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप के नेतृत्व में सात गांव ग्रामीण जर्जर सड़क के उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। इस जर्जर सड़क में सात गांव के ग्रामीण स्कूली बच्चे व गर्भवती महिलाएं भी इसी जर्जर से आवागमन करते है। जिसे देखते हुए 2024 में आरईओ से विशेष मरम्मती के नाम से टेंडर हुआ जिसमें एनएच 23 से बारीडीह होते हुए भसनंदा गांव और फौजी होटल से मतला महतो कठर टोली तक का विशेष मरम्मती कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इसमें 7 सड़क मिलाकर कुल टेंडर राशि दस करोड़ रुपये से अधिक की है। जहां पांच सड़कें का विशेष मरामती कार्य हो चुका है वे भी गुणवत्ता पूर्ण भी नहीं है। उन्होंने कहा है कि तत्कालीन विधायक व वर्तमान में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और सांसद सुखदेव भगत के द्वारा वर्ष 2024 में इस सड़क मरम्मती का शिलान्यास इंजीनियर और ठेकेदार के साथ मिलकर किए थे, लेकिन इस सड़क की अभी तक मरम्मती ना होना एक गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि शिलान्यास के समय ठेकेदार को 15 माह के अंदर सड़क मरम्मती का कार्य करना था लेकिन कार्य अवधि से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह सड़क अभी तक जर्जर हालत में ही पड़ा हुआ है। जिसको लेकर आक्रोशित सातों गांव के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ सड़क पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि 15 दिनों के अंदर सड़क मरम्मती का कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो सातों गांव के ग्रामीण एनएच 23 में उतरेंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी आरईओ एवं संवेदक का होगा। मौके पर वाणी कुमार रॉय, सुनील ओहदार, अजित रॉय, मनोज गोप, सरवन खान, जलील अंसारी, विनोद उरांव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

विधायक प्रतिनिधि शमीम बड़ेहार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़मू का किया निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुढ़मू : विधायक प्रतिनिधि शमीम बड़ेहार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी विभागों एवं वार्डों में घूम कर जायजा लिया, एक्स-रे मशीन लंबे समय से खराब था उसको भी ठीक कर दिया गया है, और ब्लड जांच करनेवाले कर्मचारी, भी फार्मा के कर्मचारी और सभी स्टाफ वगैरह उपस्थित पाए गए। इसी दौरान शमीम बड़ेहार ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बहुत बढ़िया उपचार चल रहा है। आप लोग निजी अस्पतालों में जाकर पैसा की बर्बादी नहीं करें, किसी भी तरह का बीमारी होने पर सबसे पहले आप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू आये उसके बाद ही दूसरे जगह जाने का कोशिश करें। इस दौरान प्रखंड अंजुमन के खजांची अकील खान, प्रभारी डॉ तारिक अनवर, उप सदर कुदुस अंसारी सलाहकार इदरीश अंसारी, उप सेक्रेटरी इरशाद अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एक झलक

पितृपक्ष पर मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गो सेवा

रांची : पितृपक्ष के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा द्वारा हरमू गौशाला न्यास में गौ सेवा का आयोजन किया गया। शाखा की बहनों ने गौ माता को हरा चारा एवं सब्जियां खिलाकर श्रद्धापूर्वक सेवा की। पितृपक्ष में गौ सेवा को विशेष पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस काल में गौ माता को कराई गई सेवा सीधे पितरों तक पहुँचती है, जिससे पितृगण तृप्त होते हैं और परिवार को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। पंचबलि में भी प्रथम ग्रास गौ माता के लिए ही निकाला जाता है। इस अवसर पर शाखा की बहनों ने पूर्वजों की आत्मिक शांति की कामना करते हुए सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

मंईयां सम्मान योजना के तहत सितम्बर माह की सम्मान राशि का हुआ भुगतान

रांची : दुर्गा पूजा से पहले राज्य की महिलाओं को झारखंड सरकार का उपहार मिला है। सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत रांची जिले की 03 लाख 93 हजार 994 लाभुकों के बैंक खातों में सितंबर 2026 की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। प्रत्येक लाभुक को 2,500 की सम्मान राशि आधार बेस्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। योजना के तहत रांची जिले में लाभुकों के खातों में कुल ?98 करोड़ 49 लाख 85 हजार की सम्मान राशि हस्तांतरित की गई है। दुर्गा पूजा से पहले राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के खातों में सम्मान राशि का भुगतान किया जाना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सितंबर माह की सम्मान राशि का समय पर भुगतान यह सुनिश्चित करता है कि योजना का लाभ पात्र लाभुकों तक सीधे और सुगम तरीके से पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर से पहले सम्मान राशि का भुगतान महिलाओं एवं उनके परिवारों के लिए आर्थिक संबल प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कदम है।

झारखंड में आठ और नौ अक्टूबर को वज्रपात के साथ तेज हवा चलने का येलो अलर्ट

रांची : राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में आठ और नौ अक्टूबर को वज्रपात के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से बुधवार को येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, विभाग की ओर से बुधवार को राज्य के उत्तर-पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। साथ ही मौसम विभाग की ओर से आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री के गिरावट होने की संभावना व्यक्त की गई है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के तोपचांची में 113.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद बादल छाए रहे। देर शाम तक बारिश होने की संभावना है। वहीं, बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम 18.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.4 डिग्री और न्यूनतम 21.5 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 32.4 और न्यूनतम 21.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.2 डिग्री और न्यूनतम 21.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

डीसी ने की दुर्गा पूजा को लेकर केन्द्रीय शांति समिति के साथ बैठक

सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर प्रशासन का विशेष फोकस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आगामी दुर्गा पूजा एवं दशहरा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक-बी सभागार में केंद्रीय शांति समिति के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, पूजा पंडालों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि इस बार केंद्रीय शांति समिति में महिलाओं की काफी सहभागिता देखने को मिली है, जो महत्वपूर्ण और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार आयोजन एवं शांति व्यवस्था से जुड़े कार्यों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाई जा रही है, ताकि दुर्गा पूजा में सभी वर्गों की समान भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सामाजिक समरसता और शांति व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने केंद्रीय शांति समिति में युवाओं एवं महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की अपील की।

सोशल मीडिया पर रहेगी विशेष निगरानी

वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान अपराध पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया की निगरानी, चेन छिनतई की घटनाओं पर नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर निगरानी रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन दुर्गा पूजा के दौरान शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार है।

पूजा पंडालों में सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी

उपायुक्त ने सभी पूजा पंडाल समितियों से जिला प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा संबंधी निदेर्शों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि दुर्गा पूजा के दौरान यातायात व्यवस्था से संबंधित प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का पालन करें, ताकि पूजा के दौरान शहर में अनावश्यक जाम एवं यातायात संबंधी समस्या उत्पन्न न हो।

केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों ने दिये सुझाव

बैठक के दौरान केंद्रीय शांति समिति के सदस्यों ने भी जिला प्रशासन के समक्ष अपने सुझाव और समस्याएं रखीं। सदस्यों ने पूजा पंडालों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने से संबंधित विभिन्न सुझाव दिए। जिला प्रशासन ने समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार करने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अफवाहों से बचने की अपील

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना का प्रसार नहीं किया जाये।

सीएम से पंजाबी हिन्दू बिरादरी, (दशहरा कमेटी-2026), रांची व श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार मुलाकात

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को 'रावण दहन' कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु किया सादर आमंत्रित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पंजाबी हिन्दू बिरादरी, (दशहरा कमेटी-2026) रांची एवं श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 20 अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान एवं अरगोड़ा मंडा मैदान में आयोजित ःरावण दहनः कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपरिवार सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पंजाबी हिन्दू बिरादरी, (दशहरा कमेटी-2026) रांची एवं श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों से 'रावण दहन' कार्यक्रम के तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिल

मुलाकात करनेवाले प्रतिनिधिमंडल में पंजाबी हिन्दू बिरादरी, (दशहरा कमेटी-2026) रांची के अध्यक्ष कुणाल अजमानी सहित राजेश मेहरा, सौरभ खन्ना, सुनील कालरा, हैप्पी फिंगर, राहुल माकन, राकेश गिरधर, रणदीप आनंद तथा दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के अध्यक्ष प्रकाश साहू सहित जय प्रसाद साहू, वीरेन्द्र प्रसाद साहू, मुनेश्वर साहू, सुभाष प्रसाद साहू, युवराज साहू, सुमित साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

एक्सपो का हुआ समापन, अगले साल फिर मिलेंगे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : युवा सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन जेसीआई के बहुप्रतीक्षित और भव्य आयोजन 'एक्सपो उत्सव 2026' का आज समापन हुआ । रांची का त्यौहार कहे जाने वाले यह बहुप्रतीक्षित व्यापार मेले की 29वीं वर्षगांठ थी ।इस मेले में देश विदेश के कई स्टॉल लगे। रांचीवासियों ने आखरी दिन सभी स्टाल्स में ऑफर्स के लाभ लिए। इस उत्सव का समापन समारोह में मुख्य अतिथि भरत अन आचार्य, राष्ट्रिय अध्यक्ष, जे सी आई, इंडिया, विशिष्ट अतिथि गौरव सेठ, मंडलीय अध्यक्ष, तन्वी अग्रवाल, मंडलीय उपाध्यक्ष एवं राखी जैन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, सभी का संक्षिप्त परिचय जेसी ऋषब जालान, जेसी अभिनव अनूप गर्ग एवं जेसी ऋषब अग्रवाल द्वारा दिया गया ।मुख्य अतिथि ने सभी युवा सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी, समापन समारोह में एक्सपो को सफल बनाने हेतु सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिसमें एक्सपो रतन : जेसी दीपक पटेल,एक्सपो भूषण : जेसी ऋषब जैन एवं जेसी अनिमेष निखिल, एक्सपो पद्म भूषण : जेसी ऋषब

अग्रवाल, जेसी देवेश जैन एवं जेसी सन्नी केडिया को दिया गया। साथ ही, सभी स्पोंसर्स को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन का मंच सञ्चालन जेसी तरुण अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिव जेसी साकेत अग्रवाल द्वारा दिया गया। एक्सपो के चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी एचजीएफ सीए प्रशांत पाटोदिया ने भावुक होते हुए बताया की रांची वासियो ने इस मेले का भरपूर लुफ्त उठाया एवं सराहना की, इस मेले में कुल 400 स्टॉल्स देश के वभिन्न शहरो से लगे, इन्होने बताया की इस बार सभी हैंगर्स एवं एम्यूजमेंट पार्क को बड़ा किया गया एवं पहली बार एक्सपो टैंक एवं भजन जैमिंग का आयोजन किया गया। इस बार लगभग 7 लाख लोग इस मेले के साक्षी बने एवं सभी ने सराहा। अंत में प्रशांत ने सभी मीडिया एवं इन्फ्लुएंसर्स का धन्यवाद दिया।

इंद्रिया ने पेश किया 22 कैरेट गोल्ड कलेक्शन 'पद्मिका', पारम्परिक कारीगरी की झलक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आदित्य बिरला ज्वेलरी के ब्रांड इंद्रिया ने मां लक्ष्मी से प्रेरित 22 कैरेट सोने का फेस्टिव कलेक्शन 'पद्मिका' पेश किया है। इसमें मां लक्ष्मी, कमल, गज, शंख, श्रीफल, कलश और कसु सिक्कों जैसे पारंपरिक प्रतीकों को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ा गया है। कलेक्शन की खासियत पारंपरिक और धीरे-धीरे विलुप्त हो रही गुलाबी मीनाकारी के साथ नीली मीनाकारी का इस्तेमाल है। इंद्रिया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा कि कलेक्शन के जरिए भारतीय आभूषण विरासत और गुलाबी मीनाकारी को आधुनिक अंदाज में पेश किया गया है। हेड ऑफ डिजाइन अभिषेक रस्तोगी ने बताया कि समुद्र मंथन और कमल पर विराजमान मां लक्ष्मी की कथा से डिजाइन को प्रेरणा मिली है। कलेक्शन में बनारसी मीनाकारी, नक्काशी, कुंदन जड़ाई, वेणी तार और हंसली जैसी पारंपरिक कारीगरी का इस्तेमाल किया गया है।

पारस एचईसी रांची में एआई आधारित पर्सनलाइज्ड घुटना प्रत्यारोपण की शुरुआत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची में अब उन्नत एआई आधारित रोबोट्रिक्स प्लस तकनीक की मदद से पर्सनलाइज्ड टोटल नी रिप्लेसमेंट (टीकेआर) किया जा रहा है। इस तकनीक का इस्तेमाल कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ विवेक कुमार डेविड कर रहे हैं। अस्पताल में यह सिस्टम आने के बाद पिछले एक महीने में इसकी सहायता से सात घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की जा चुकी हैं। रोबोट्रिक्स प्लस मरीज की शारीरिक संरचना और घुटने के प्राकृतिक एलाइनमेंट को ध्यान में रखते हुए इम्प्लांट की स्थिति एवं एलाइनमेंट की योजना बनाने में सर्जन की सहायता करता है। सिस्टम प्री-ऑपरेटिव प्लानिंग, सर्जरी के दौरान गाइडेंस और पोस्ट-ऑपरेटिव वैलिडेशन के तीनों चरणों में आवश्यक माप एवं जानकारी उपलब्ध कराता है। डॉ डेविड ने कहा कि हर व्यक्ति के घुटने की बनावट अलग होती है। रोबोट्रिक्स प्लस मरीज की प्राकृतिक शारीरिक संरचना को बेहतर तरीके से समझकर उसी के अनुरूप घुटना प्रत्यारोपण की योजना बनाने में सहायता करता है। शुरूआती सात मामलों में अनुभव उत्साहजनक रहा है। उन्होंने कहा कि रोबोट्रिक्स प्लस सर्जन का स्थान नहीं लेता, बल्कि एआई आधारित उन्नत प्लानिंग एवं गाइडेंस सिस्टम के रूप में काम करता है। सर्जरी से जुड़े अंतिम निर्णय सर्जन ही लेते हैं। इस तकनीक के जरिए झारखंड के मरीजों को आधुनिक और पर्सनलाइज्ड घुटना प्रत्यारोपण की सुविधा रांची में ही उपलब्ध हो सकेगी।

वाणिज्यकर सर्किलों में संयुक्त आयुक्त की पदस्थापना शीघ्र हो : झारखण्ड चैम्बर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : वाणिज्यकर विभाग के विभिन्न सर्किल कार्यालयों में संयुक्त आयुक्त के पद रिक्त रहने के कारण व्यवसायियों को हो रही असुविधा को देखते हुए आज चैम्बर भवन में बैठक कर स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में डीलरों द्वारा सामना किये जा रहे व्यावहारिक समस्याओं एवं लंबित कार्यों के कारण व्यापार संचालन में उत्पन्न हो रही बाधाओं पर चिंता व्यक्त की गई। यह कहा गया कि वाणिज्यकर विभाग में हालिया स्थानांतरण एवं पदोन्नति के पश्चात कई सर्किल कार्यालय संयुक्त आयुक्त के नियमित प्रभार के बिना संचालित हो रहे हैं। चूंकि कई महत्वपूर्ण वैधानिक एवं प्रशासनिक कार्य सर्किल प्रभारी के स्तर से संपादित होते हैं, ऐसे में आवश्यक प्रक्रियाओं के लंबित रहने से व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर झारखण्ड वैट के अंतर्गत आनेवाले पेट्रोलियम उत्पाद, शराब एवं अन्य गैर-जीएसटी वस्तुओं का कारोबार करने वाले व्यापारियों को नई जेवैट एवं सीएसटी पंजीकरण प्राप्त करने, पंजीकरण में आवश्यक संशोधन कराने, वस्तुओं को जोड़ने अथवा हटाने, व्यवसायिक पता एवं नए गोदाम की जानकारी अपडेट कराने तथा आवश्यक वैधानिक फॉर्म प्राप्त करने में परेशानी हो रही है।

इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांतों की समझ जरूरी : डॉ. उदय सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक उपयोग पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। आयोजन सरला बिरला विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा के बीच हुए शैक्षणिक करार के तहत किया गया था। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा के बायो-प्रोडक्ट्स एंड बायोसिस्टम्स इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. उदय बी. सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि आज एआई तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसका प्रभाव लगभग हर क्षेत्र में नजर आता है। ऐसे समय में केवल नई तकनीक के पीछे चलने के बजाय इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांतों को समझना जरूरी है। मजबूत बुनियादी ज्ञान, तार्किक सोच और समस्या का व्यावहारिक समाधान खोजने की क्षमता ही इंजीनियरों को बेहतर बनाने में मदद करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे नई तकनीकों को सीखने के साथ-साथ अपने मूल विषयों की समझ भी मजबूत करें। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग का उद्देश्य केवल तकनीक का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि समाज और वास्तविक जीवन की समस्याओं का उपयोगी और टिकाऊ समाधान तैयार करना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, कुलसचिव प्रो. एस. बी. दंडिन सहित डीन, एसोसिएट डीन और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने एक्सपर्ट टॉक के आयोजन के निमित्त आयोजक मंडली को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

माता-पिता की असामयिक मृत्यु से बेसहारा हुए बच्चों तक पहुंचा जिला प्रशासन

- उपायुक्त के निर्देशानुसार राहत सामग्री के साथ दोनों बच्चों की शिक्षा एवं आवास की हुई व्यवस्था
- गुरुकुल विद्यालय में कराया गया दाखिला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदला पंचायत के लेकया गांव निवासी योगेन्द्र मुंडा एवं उनकी पत्नी सावित्री देवी के असामयिक निधन के बाद उनके बच्चों के समक्ष उत्पन्न कठिन परिस्थितियों पर जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लिया है।

विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना पर जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार दोनों बच्चों के परिवार को आवश्यक राहत उपलब्ध कराई गई। परिवार को कंबल एवं राशन सामग्री प्रदान की गई, ताकि तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। बच्चों की शिक्षा एवं बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए दोनों बच्चों का प्रखण्ड के ही गुरुकुल विद्यालय में दाखिला कराया गया है। विद्यालय में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, ड्रेस एवं छात्रावास की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रखने के साथ-साथ उनके सुरक्षित एवं समुचित देखभाल की भी व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। इसके अतिरिक्त, बच्चों को बाल संरक्षण विभाग की रस्त्रङ्कल्ल२ङ्क१३ँस्त्र योजना से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है, ताकि उन्हें आगे भी आवश्यक संरक्षण, सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मामले में अनुमंडल पदाधिकारी, बुंडू मनोहर लाल मरांडी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, तमाड़ द्वारा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जिला प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी परिस्थिति में माता-पिता को खो चुके बच्चों को अकेलेपन और अभाव का सामना न करना पड़े तथा उन्हें शिक्षा, संरक्षण, पोषण एवं सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक सहयोग समय पर उपलब्ध कराया जा सके।

टॉरियन वर्ल्ड स्कूल, रांची में नालसा योजना पर 'डॉन-2025' पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम

नशे से मुक्ति, बेहतर भविष्य की शक्ति : डालसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने आदर्श सेवा संस्थान, एनजीओ से समन्वय स्थापित कर एचआरडीसी सेल, चर्च कम्पाउण्ड, रांची में नालसा योजना शिक्षा-2026 तथा टॉरियन वर्ल्ड स्कूल, रांची में नालसा योजना 'डॉन - 2025' पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया एवं उन्हें नशा और मादक पदार्थ के प्रति जागरूक किया गया तथा बचाव की जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर सीआईडी टीम द्वारा कानूनी प्रावधानों को बारीकी से बताया गया। नालसा द्वारा संचालित 'शिक्षा योजना-2026' पर बोलते हुए, राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि वैसे परिवार, जो गरीबी रेखा के नीचे में रह रहे है, वे अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें और इसके लिए, 'राईट-टू-,एजुकेशन' अधिनियम बना हुआ है, जिसके तहत गरीब परिवार के बच्चों के लि, 25 प्रतिशत प्राईवेट स्कूलों में आरक्षित रहती है, जिसका विधिक जागरूकता और लाभ गरीब परिवार नहीं ले पाते है लोगों को जागरूक कर शिक्षा का लाभ दिलाना ही डालसा का काम है। डालसा टीम के द्वारा नालसा टॉल फ्री नम्बर-15100 के बारे में जानकारी दी गयी। आगे उन्होंने माननीय नालसा द्वारा संचालित योजना 'डॉन-2025' पर भी फोकस किये, कहां कि नशा से युवा को बचाना आवश्यक है, इसके लिए, डालसा जगह-जगह विधिक जागरूकता कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक कर रही है। उन्होंने पोश एक्ट-2013, बाल विवाह, पेशा एक्ट, बच्चों से संबंधित नालसा की योजना, स्पॉनशरसीप योजना के बारे में भी जानकारी लोगों को दी। डालसा के पीएलवी गणेश कुमार ने लोगों को आगामी 12 दिसम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को वादकारी अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क करा सकते है। नशा से कई घर परिवार बरबाद हो रहे है। डालसा के पीएलवी द्वारा लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डालसा टीम में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी गणेश कुमार, रजनी देवी, प्रिया देवी, मुन्नी देवी, संगीता देवी, नमिता देवी, अमित बड़ाईक संजय उरांव उपस्थित थे।

आदिवासी-मूलवासी संगठनों का एसआईआर में हो रही गडबड़ी के खिलाफ प्रदर्शन का एलान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर रांची में आदिवासी-मूलवासी और सामाजिक संगठनों ने विरोध जताया है। बुधवार को करमटोली स्थित धुमकुड़िया में केंद्रीय सरना समिति, ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन और आदिवासी समन्वय संगठनों ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। संगठनों ने घोषणा की कि 10 अक्टूबर को शाम 4 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से फिरायालाल चौक तक विरोध मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद निर्वाचन आयोग का पुतला दहन किए जाने की बात कही गई है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि झारखंड में (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान आदिवासी और मूलवासी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि महिला, बुजुर्ग और ग्रामीण आबादी के सामने कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। उनका कहना है कि ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जो कई लोगों के पास उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने(एसआईआर) प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। वहीं, ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. अली ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों को (एसआईआर) प्रक्रिया और इसके लिए जरूरी दस्तावेजों की पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अशिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण कई लोगों के पास शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट और पारिवारिक सूची जैसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं।

एक झलक

गुरुद्वार की श्रद्धा के साथ मनायी गयी 86वीं वर्षगांठ

विष्णुगढ़ : प्रखंड के बेड़ाहरियारा पंचायत अंतर्गत रमुआ गांव स्थित गुरुद्वार की 86वीं वर्षगांठ मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वार परिसर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद धार्मिक परंपरा के अनुसार ध्वज परिवर्तन किया गया। आचार्य कालीचरण पांडेय ने बताया कि वर्ष 1940 में निर्मित इस गुरुद्वार की वर्षगांठ प्रत्येक वर्ष धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता भी मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि महंथ केशवदास ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित कर गुरुद्वार की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसका निर्वहन वह लगातार कर रहे हैं। पूजा-अर्चना एवं ध्वज परिवर्तन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर कालीचरण पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, शालीग्राम झा, बंटी मिश्रा, विकास पांडेय, घनश्याम पाठक, त्रिभुवन पांडेय, रंजीत पांडेय समेत कई श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद थे।

बरियठ स्कूल में पेड़ों को बांधा रक्षा-सूत्र, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

इचाक : जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देश पर 7 अक्टूबर को मध्य विद्यालय बरियठ में वृक्षों को रक्षा-सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक राकेश रंजन एवं अभय कुमार गिरी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पेड़ों को रक्षा-सूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को वृक्षों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। मौके पर शिक्षक कुलदीप कुमार, मुक्ता रंजन, गीता कुमारी, नीलम कुमारी, पार्वती कुमारी, बीना कुमारी, देवनारायण मेहता एवं राजकुमार पांडे ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पेड़ों की रक्षा करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की सामूहिक शपथ ली।

सर्पदंश की भेंट चढ़ी 45 वर्षीय महिला, हुई मौत

बरही : थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीचुआं पंचायत के मौगड़हा निवासी कनिजा खातून उम्र करीब 45 वर्ष पति जलील अंसारी की सर्पदंश से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी एल अनुसार मृतिका मकई का खेत गई हुई थी, इसी दौरान सर्पदंश से वह गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर उनके परिजनों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

वन रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला में उपायुक्त ने वृक्षों को बांधी राखी, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी : उपायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त हेमन्त सती बुधवार को दूधमटिया, टाटीझरिया में आयोजित वन रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मेले की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति का हिस्सा नहीं, बल्कि मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। उपायुक्त ने मेला परिसर में स्कूली बच्चों द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर लगाए गए विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत कला, रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों की सराहना की तथा पर्यावरण के प्रति बच्चों की जागरूकता को समाज के लिए सकारात्मक पहल बताया। इसके उपरांत मंच पर जिला पर्यावरण समिति के सदस्यों द्वारा उपायुक्त हेमन्त सती का स्वागत किया गया। समिति के सदस्यों ने उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। मेला को संबोधित करते हुए उपायुक्त हेमन्त सती ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से महादेव महतो द्वारा शुरू की गई वृक्षों के रक्षाबंधन की परंपरा की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन की चुनौती का सामना कर रहा है। ऐसे समय में पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक विभाग या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए हमें अपने व्यवहार और जीवनशैली में भी आवश्यक बदलाव लाने होंगे। वृक्षों की रक्षा एवं अधिक से अधिक पौधारोपण के साथ-साथ जलस्रोतों, जंगलों, पहाड़ों, झरनों, नदियों, झीलों तथा वन्यजीवों का संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है। पर्यावरण का संरक्षण तभी प्रभावी होगा, जब समाज का प्रत्येक वर्ग इसके प्रति संवेदनशील होकर अपनी भूमिका निभाए। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के अधिक करीब हैं। ग्रामीण समुदाय पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्थानीय स्तर पर जंगलों एवं जलस्रोतों की रक्षा, वृक्षों का संरक्षण तथा वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक दिन या किसी एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह निरंतर चलने वाला जन-अभियान है। बच्चों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना इस दिशा में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज की जागरूक पीढ़ी ही आने वाले समय में प्रकृति के प्रति जिम्मेदार समाज का निर्माण करेगी। उपायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में जिले में वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है।

विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

वन रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला में स्कूली बच्चों के लिए क्विज, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश प्रस्तुत किए गए। मेला परिसर में सरकारी, गैर-सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा विभिन्न जागरूकता स्टॉल लगाए गए। इस दौरान वृक्षों का रक्षाबंधन किया गया तथा बीएसएफ मेरु द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई। जिला जनसंपर्क कार्यालय के सौजन्य से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक सहभागिता एवं प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेने का संदेश दिया गया।

दूधमटिया हजारीबाग में वृक्ष रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला आयोजित

वन्य जीव बचाओ, धरती बचाओ, इस दुनिया को स्वर्ग बनाओ : संजीव कुमार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 07 अक्टूबर को दूधमटिया में वार्षिक पर्यावरण मेला आयोजित किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह वन बल प्रमुख झारखंड संजीव कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने मुख्य संदेश दिया कि 'वन्य जीव बचाओ, धरती बचाओ, इस दुनिया को स्वर्ग बनाओ'। प्रधान मुख्य वन संरक्षक झारखंड संजीव कुमार वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम के जनक हैं। उनके कार्यकाल में ही यह मेला लोकप्रियता को प्राप्त हुआ था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार ने समाजसेवी सह पर्यावरणविद् महादेव महतो, मनोज सिंह, दिनेश खंडेलवाल, दुष्यंत मेहता, सुरेन्द्र कुमार आदि को सम्मानित किया और पर्यावरण के क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये योगदान की सराहना की। इस कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणों समेत बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर वृक्ष रक्षाबंधन कार्य किया तथा वन्य प्राणियों की सुरक्षा का संकल्प लिया। संजीव कुमार ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, वृक्ष रक्षाबंधन तथा वन्य प्राणियों की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय नागरिकों एवं उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा लगाये गये पेड़ों की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वनों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक ममता प्रियदर्शी ,वन प्रमंडल पदाधिकारी कुमार उज्जवल सहित हजारीबाग रीजन के विभिन्न वन प्रमंडलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का लिया संकल्प

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड के कोनार डैम स्थित दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) कोनार बांध परियोजना में मंगलवार को 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले अभियान के समापन पर स्वच्छता को नियमित व्यवहार का हिस्सा बनाने और इसमें जनभागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया गया। समारोह परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस वर्ष अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत-विकसित भारत' रही। समारोह में अभियान के तहत आयोजित चित्रांकन एवं स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और जूट बैग देकर सम्मानित किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में आकांक्षा हांसदा, रीना कुमारी, सोनाली बेसरा, रेखा टुडू, मुस्कान बेसरा एवं विशुन कुमार को सम्मान मिला। वहीं, स्लोगन प्रतियोगिता में गोपाल महतो, राकेश कुमार एवं मुनेश्वर लाल को पुरस्कृत किया गया। कोनार डैम परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में योगदान देने वाले सफाई मित्रों राजकुमार, कारण कुमार, चिंटू कुमार, राम एवं सुमित्रा देवी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। समारोह के अंत में अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सफाई मित्रों ने ह्यस्वच्छ कोनार-सुंदर कोनार, हम सबका दायित्वह्न के संदेश के साथ स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ व सुपरवाइजर हुए सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड कार्यालय के सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजर को सम्मानित किया गया। इस दौरान जोबर पंचायत के बंदखारो स्थित बूथ संख्या 52 की बीएलओ उगनी देवी और उनकी बीएलओ सुपरवाइजर सह महिला पर्यवेक्षिका मनीषा गुप्ता को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने दोनों कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में जिम्मेदारी, तत्परता और निष्ठा के साथ किया गया कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को समय पर पूरा कराने में बीएलओ और सुपरवाइजर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करता है। मौके पर अंचल अधिकारी नित्यानंद दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा, बीपीआरओ सुरेंद्र प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर भूदेव राम समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

विभिन्न दलों को छोड़ सैकड़ों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हीराबाग चौक स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला कार्यालय में बुधवार को आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक के पूर्व सदर प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रंजीत राम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समारोह में झामुमो जिलाध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने रंजीत राम समेत अन्य लोगों को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो परिवार में स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं ने पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं और समर्थकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में खतियानी परिवार के जिला अध्यक्ष अशोक राम, रामचंद्र राम, कार्तिक सिन्हा, भीखू राम, आलोक वर्मा, कुलदीप राम, नरेश प्रजापति, अधिवक्ता पिंटू प्रकाश, अधिवक्ता पारस राव अंबेडकर, अधिवक्ता अमन कुमार, भीम आर्मी के जिला मीडिया प्रभारी बादल कुमार, वार्ड सदस्य सुरेंद्र कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम शरण राम, रजक समाज हजारीबाग जिला के महामंत्री बालेश्वर रजक, प्रकाश कुमार राम, पूर्व उपमुखिया बृजनंदन राम, बंगाली राम, रोहित राम, भोला भुइयां, बासदेव राम, राजेश राम, दीपक राम, अशोक कुमार, विजय राम, दयानंद साव, सतीश प्रजापति, सुधीर राम, विजय राम, संजय राम, बुधदेव राम, राहुल कुमार, वार्ड सदस्य दिलीप कुमार, विनोद राम, शंकर राम, खुशिया राम, संतोष कुमार,वही अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष के नेतृत्व मे मुख्तार अहमद, सुशील केरकेट्टा,अनुपम विशाल, रिचर्ड एंथोनी बैचमेन, बसंत परेया, रोबिन रॉय, कुमुद् दास,समेत कई अन्य लोग शामिल थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि झामुमो लगातार आम लोगों, गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और युवाओं के हक की आवाज को मजबूती से उठाता रहा है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का झामुमो से जुड़ना इस बात का संकेत है कि जनता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व और राज्य सरकार की नीतियों पर भरोसा जता रही है। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि नए साथियों को संगठन में सम्मान और उचित जिम्मेदारी दी जाएगी।

भगत सिंह जयंती पर पूर्व विधायक के पौत्र का भी मनाया गया जन्मदिन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) : शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती बुधवार को चौपारण में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि देने के साथ उनके पौत्र एवं जिला परिषद सदस्य भाग-दो रविशंकर अकेला के पुत्र भगत सिंह का 10वां जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित कर हुई। इसके बाद बालक भगत सिंह का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। उपस्थित लोगों ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि उन्होंने अपने पौत्र का नाम भगत सिंह के विचारों और आदर्शों से प्रभावित होकर रखा है। उन्होंने कहा कि यह नाम केवल पारिवारिक पहचान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को शहीद भगत सिंह के त्याग, संघर्ष और विचारों से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह का सपना केवल राजनीतिक आजादी तक सीमित नहीं था, बल्कि वे शोषण और असमानता से मुक्त समाज की स्थापना चाहते थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जेपी भाई पटेल ने कहा कि भगत सिंह के नाम पर पौत्र का नाम रखना प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने बालक भगत सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

केरेडारी : विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति केरेडारी के तत्वावधान में एक प्रतिनिधि प्रस्तावित चट्टी बरियातू दक्षिणी कोयला खनन परियोजना से विस्थापित होने वाले रैयतों ने झारखंड के राज्यपाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीबी साउथ परियोजना से संबंधित क्षेत्र के जनता की चिंताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान प्रभावित ग्रामीण भू रैयतों एवं विस्थापन की आशंकाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं को राज्यपाल के समक्ष रखा गया। तथा कोयला मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित सीबी साउथ कोल परियोजना को रद्द करने हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। इस विषय को राज्यपाल ने गंभीरता से सुन समझा कर राज्य के मुख्यमंत्री, सहित भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय एवं सक्षम प्राधिकार को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई हेतु पहल करने का आश्वासन दिया। राज्यपाल से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रमोद कुमार साहू, प्रेम रंजन पासवान, प्रीतम सिंह, सुरेश साव, शंकर साहा, तापेश्वर साव का नाम शामिल है।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में बुधवार को 'वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत इंडिया गठबंधन की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुरु प्रसाद साव ने की, जबकि संचालन मंडल अध्यक्ष सह मुखिया उत्तम महतो ने किया। बैठक में झामुमो नेता सह पूर्व मुखिया शिबू सोरेन ने कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के नियमों का इंडिया गठबंधन ने विरोध किया है। वहीं, भाकपा माले नेता दुलारचंद साव ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र, मताधिकार और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए आगामी 8 अक्टूबर को हजारीबाग में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च निकाला जाएगा। इसमें विष्णुगढ़ प्रखंड से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में मार्च की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर कांग्रेस, झामुमो और भाकपा माले के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिहार-झारखंड बॉर्डर पर उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

छह शराब भट्ठियां ध्वस्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : आगामी त्योहारों के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माण एवं कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश एवं सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के पर्यवेक्षण में झारखंड उत्पाद विभाग एवं गयाजी बिहार की टीम ने संयुक्त रूप से 7 अक्टूबर को चौपारण थाना क्षेत्र के भागर झरना गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध चुलाई शराब की छह भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई में मौके से करीब 470 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। वहीं शराब निर्माण के लिए तैयार कुल 23 हजार किलोग्राम किण्वित जावा-महुआ को घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। उत्पाद विभाग के अनुसार, बरामद एवं नष्ट किए गए जावा-महुआ में 200-200 किलोग्राम क्षमता वाले 90 ड्रम तथा चार सीमेंट की टंकियां शामिल थीं। इनमें दो टंकियों में करीब 1900-1900 किलोग्राम तथा दो टंकियों में करीब 600-600 किलोग्राम किण्वित जावा-महुआ पाया गया। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया। विभाग द्वारा अवैध चुलाई शराब भट्ठी संचालकों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

देह व्यापार की सूचना पर होटल सत्यम पहुंची प्रशासन की टीम, नहीं मिली कोई संदिग्ध गतिविधि

बरही : आगामी दुर्गा पूजा को लेकर बरही प्रशासन ने बीती रात्रि को होटलों में जांच अभियान चलाया। इसी क्रम में एसडीओ जोहन टुडू एवं एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में प्रशासन की टीम देह व्यापार की शिकायतों की जांच के लिए बरही स्थित होटल सत्यम पहुंची। प्रशासनिक टीम के अचानक पहुंचते ही होटल में हड़कंप मच गया। टीम ने होटल के विभिन्न हिस्सों की जांच की और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। हालांकि जांच के दौरान किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई और न ही कोई आपत्तिजनक मामला मिला। इस संबंध में एसडीओ एवं एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए बरही क्षेत्र के होटलों में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के मद्देनजर जांच अभियान चलाया जा रहा है।

दुर्गा पूजा को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

आपसी भाईचारे, शांति और सद्भावना के साथ मनायें त्योहार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरकट्ठा : थाना परिसर में अगामी दुर्गा पूजा त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी सुमन कुमार सौरभ और संचालन शिक्षक यमुना प्रसाद ने किया। मौके पर पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रोहित यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सुमन कुमार सौरभ ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ शांति और सद्भावना के साथ मनाएं, पंडालों में सीसीटीवी लगाने, पूजा समिति के द्वारा विभिन्न पंडालों में वालियंटर का चयन कर पूजा स्थलों पर निगरानी रखने और पार्किंग की व्यवस्था करने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया के अफवाहों से दूर रहें अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी वैसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सरकारी गाइड लाइन के तहत त्योहार को संपन्न कराने की अपील की।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

चरही : विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाए जाने को लेकर बुधवार को चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता चुरचू बीडीओ ललित ने की। जबकि संचालन प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,पुलिस इंस्पेक्टर विद्यावति ओहदार और थाना प्रभारी अजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया।इस बैठक में शांति के सदस्यों और पूजा कमिटी के लोगों को कई दिशा-निर्देश दिया गया।साथ हीं यह भी कहा गया कि इस पावन पर्व को सभी समुदाय के लोगो एकजुटता का परिचय देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों पर ध्यान नहीं दें। अगर कोई व्यक्ति शरारत करने का प्रयास करता है,तो इसकी जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें।

श्री श्री दुर्गा व काली समिति की बैठक, पुरानी कमिटी को किया बहाल

चरही : चरही के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा व काली पूजा समिति की बैठक की गई। बैठक में गत वर्ष कि लेखा जोखा को प्रस्तुत किया गया।समिति के लोगों ने कई पहलुओं पर विचार करते हुए रावन करने तथा दो दिवसीय मेला लगाने पर विचार किया गया। बैठक के अंत में पुरानी कमिटी को ही बहाल किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुरारी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष किशुन महतो, उपाध्यक्ष रमेश करमली,राजू ठाकुर,बड़ेलाल ठाकुर,छोटेलाल ठाकुर,नीरज सिंह,प्रकाश ठाकूर, मनोज ठाकुर सचिव कुलेश्वर करमाली,ओम सिन्हा,लाल सिंह, किशुन दयाल करमली,रोहण ठाकुर,रवीन्द्र शर्मा,अवधेश सिंह, श्री कमलदेव सिंह,विश्वनाथ महतो,रामचरण करमली , अजीत सिंह कार्यसमिति, अजय महतो, बुलटन सिंह, गौतम सिंह, राजू महतो,प्रकाश ठाकुर,सहित कई लोग उपस्थित थे।

पिलरों पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग महिलाओं का धरना, विधायक ने रुकवाया काम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

इचाक : एनएच-33 बरियठ में निमार्णाधीन फ्लाईओवर को पिलरों पर बनाने की मांग को लेकर बुधवार को महिलाओं एवं ग्रामीणों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। ग्रामीणों ने कहा कि बरियठ बस्ती सड़क के दोनों ओर बसी है, जिससे विद्यार्थियों, महिलाओं एवं ग्रामीणों का रोजाना आवागमन होता है। सुरक्षित रास्ता नहीं मिलने से बस्ती के आवागमन पर असर पड़ने की आशंका जताई गई। धरनार्थियों ने पिलरों की स्थिति इस प्रकार निर्धारित करने की मांग की, ताकि दोनों ओर के लोगों को सुगम रास्ता मिल सके। कार्यस्थल पर पहुंचे विधायक अमित कुमार यादव ने निर्माण कंपनी के अधिकारियों से ग्रामीणों की बात सुनने और पिलरों पर फ्लाईओवर निर्माण की दिशा में काम करने की बात कही, जिसके बाद तत्काल निर्माण कार्य रोक दिया गया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, श्मशान घाट एवं पंचायत भवन तक सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करने की मांग की।

एक झलक

हर्ल सिन्दरी ने 25 युवाओं को दिया नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण

सिन्दरी (धनबाद) : हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) सिंदरी के प्रायोजन में आयोजित चार माह के निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन हुआ। सिपेट, रांची में आयोजित समापन समारोह में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी 25 युवाओं को पाठ्यक्रम समापन प्रमाणपत्र के साथ नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हर्ल सिंदरी के बिजनेस यूनिट हेड गौतम माजी ने प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाणपत्र और नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मौके पर प्लेसमेंट अधिकारी शाहनवाज अहमद और प्रशिक्षण प्रभारी मो. मासीम हैदर समेत अन्य मौजूद थे। प्रशिक्षण के बाद सभी 25 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है। इनमें मदरसन लिमिटेड, पुणे, मंगलम प्लास्टिक्स, रांची और सुब्रोस लिमिटेड, गुरुग्राम शामिल हैं। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद युवाओं में उत्साह देखा गया। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने के साथ उनके लिए रोजगार के अवसर भी सुनिश्चित किए गए।

चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन में धनबाद पुलिस का बेहतर प्रदर्शन

धनबाद : आम नागरिकों को पुलिस से जुड़ी सेवाएं त्वरित, पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धनबाद पुलिस लगातार प्रयासरत है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सीसीटीएनएस शाखा ने चरित्र प्रमाण पत्र के आवेदनों के सत्यापन और निष्पादन में बेहतर प्रदर्शन किया है। सितंबर में सीसीटीएनएस शाखा को चरित्र प्रमाण पत्र के 3151 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2741 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया, जो कुल आवेदनों का करीब 87 प्रतिशत है। वहीं 410 आवेदन लंबित हैं, जिनके सत्यापन और निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीएनएस के माध्यम से नागरिक सेवाओं को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि नागरिक केंद्रित सेवाओं के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि लोगों को पुलिस संबंधी कार्यों के लिए अनावश्यक विलंब का सामना नहीं करना पड़े। चरित्र प्रमाण पत्र के त्वरित सत्यापन से नौकरी, शिक्षा और अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रमाण पत्र की आवश्यकता रखने वाले लोगों को समय पर सुविधा मिल रही है।

सिन्दरी में आज नहीं होगी जलापूर्ति

सिन्दरी (धनबाद) : सिंदरी शहर में गुरुवार को जलापूर्ति बाधित रहेगी। हर्ल प्रबंधन निर्धारित समय सुबह छह बजे जलापूर्ति नहीं करेगा। इसकी जानकारी हर्ल के एडमिन हेड विक्रांत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्य जलापूर्ति पाइपलाइन में दो स्थानों पर खराबी आने के कारण लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। पाइपलाइन की मरम्मत के लिए बुधवार से ही शटडाउन लिया गया है और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। हर्ल प्रबंधन के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे तक पाइपलाइन की मरम्मत पूरी होने की उम्मीद है।

दुर्गा पूजा में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, सुरक्षा में चूक बर्दाश्त नहीं : प्रशासन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में पूजा समितियों को सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया गया। समितियों को इसके लिए अंडरटेकिंग देना होगा। हर पंडाल के लिए अग्निशमन, भवन प्रमंडल और विद्युत विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य होगा। पंडालों में अग्निशामक यंत्र, बालू की बाल्टियां, प्राथमिक उपचार और वैकल्पिक बिजली व्यवस्था रखनी होगी। महिला-पुरुष के लिए अलग प्रवेश-निकास, पर्याप्त बैरिकेडिंग, खोया-पाया केंद्र और पहचान-पत्र वाले वॉलंटियर तैनात करने होंगे। सभी प्रमुख पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना भी जरूरी होगा। पूजा पंडालों और विसर्जन जुलूस में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर निर्धारित समय और ध्वनि सीमा में ही बजाए जा सकेंगे। सुरक्षा व स्वच्छता मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने वाली समितियों को प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 41 हजार, तृतीय 31 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान तक 11-11 हजार रुपये दिए जाएंगे। विसर्जन स्थलों पर बैरिकेडिंग, नाव, प्रशिक्षित गोताखोर, वॉच टावर और पुलिस बल की तैनाती होगी। पूजा के दौरान सड़क मरम्मत, जर्जर बिजली तारों को दुरुस्त करने और गोविंदपुर समेत प्रमुख चौक-चौराहों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी को 24 घंटे अलर्ट रहने को कहा गया है। एसएसपी ने महिला सुरक्षा पर विशेष निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर अफवाहों की निगरानी के लिए साइबर सेल सक्रिय रहेगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सतर्क रहने और संदिग्ध वस्तु की सूचना तत्काल डायल-112 पर देने की अपील की है।

निरसा में भी डीजे पर प्रतिबंध, पंडालों में सीसीटीवी से निगरानी

निरसा (धनबाद) : दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को निरसा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी सह निरीक्षक अजित कुमार भारती ने की। बैठक में पूजा समितियों, जनप्रतिनिधियों, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों और शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सुरक्षा, यातायात, बैरिकेडिंग, पार्किंग, एंबुलेंस और अग्निशमन व्यवस्था पर चर्चा हुई। पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाने और प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील क्षेत्रों और डार्क स्पॉट पर गश्त बढ़ाने के साथ संकरी गलियों में विशेष बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाएगी। एसडीपीओ लिलेश्वर महतो ने स्पष्ट किया कि पूजा और विसर्जन के दौरान डीजे तथा तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विसर्जन जुलूस के रूट चार्ट, बैरिकेडिंग और यातायात नियंत्रण पर भी विचार-विमर्श किया गया। सड़क किनारे ऑटो खड़े रहने से होने वाले जाम को देखते हुए प्रमुख मार्गों पर यातायात सुचारू रखने पर जोर दिया गया। पुलिस-प्रशासन ने पूजा समितियों और लोगों से आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की। बैठक में बीडीओ इंदु लाल आहोदर, सीओ विक्रम आनंद, विभिन्न ओपी प्रभारी, सांसद प्रतिनिधि पायल कुमारी समेत पूजा समितियों और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

अवैध खनन पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा जेसीबी से खुदाई रुकवा कर भरवाया गड्ढा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के रामकनाली ओपी अंतर्गत बुद्दू बाबू बंगला के समीप कथित अवैध कोयला खनन का प्रयास बुधवार को ग्रामीणों के विरोध के कारण विफल हो गया। कई दिनों से जेसीबी मशीन के जरिए जमीन की खुदाई किए जाने की सूचना मिलने के बाद आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जेसीबी का काम तत्काल बंद करा दिया। ग्रामीणों ने जेसीबी चालक से खुदाई के संबंध में पूछताछ की। आरोप है कि चालक ने रामकनाली के ही एक व्यक्ति के इशारे पर जमीन की खुदाई किए जाने की बात बताई। इसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों ने मौके पर ही अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने देने की चेतावनी दी। सूचना मिलने पर रामकनाली ओपी की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीणों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस पर अवैध कारोबारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। हालांकि ग्रामीण मौके से हटने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीणों का कहना था कि अवैध खनन से क्षेत्र में जमीन धंसने, आग और प्रदूषण का खतरा बढ़ सकता है। काफी देर तक चले विरोध के बाद जेसीबी से खोदे गए गड्ढे को वापस भरवाया गया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में दोबारा अवैध खनन का प्रयास किया गया तो वे सामूहिक रूप से इसका विरोध करेंगे।

08-12 माह से भुगतान लम्बित दुर्गापूजा से पहले राशि देने की मांग

धनबाद : झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ ने बकाया वेतन व अन्य भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के महाप्रबंधक, मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। संघ ने कहा कि दुगार्पूजा नजदीक है, लेकिन महीनों से भुगतान नहीं मिलने के कारण ऊर्जा मित्र आर्थिक संकट में हैं। विभाग से जल्द भुगतान की मांग की गई। संघ ने बताया कि बिजली विपत्र जारी करने के एवज में प्रति विपत्र 10 रुपये भुगतान होना था, लेकिन काम पूरा होने के बाद भी राशि नहीं मिली है। कई ऊर्जा मित्रों का आठ से 12 माह का भुगतान लंबित है। संघ ने बिलिंग एजेंसी पर बिना मीटर रीडिंग के गलत बिजली बिल जारी करने का आरोप लगाया। इससे उपभोक्ताओं और ऊर्जा मित्रों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। कई बार बहस और मारपीट तक की नौबत आ जाती है। संघ ने ऐसी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में आरआईपीएल एजेंसी के कुछ कर्मचारियों पर डाटा एंट्री व लोड सर्वे के नाम पर उपभोक्ताओं से कथित अवैध वसूली का आरोप भी लगाया गया। संघ ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही दुर्गापूजा से पहले सभी लंबित बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने की अपील की।

डीवाई पाटिल स्कूल के छात्रों ने सम्मान केन्द्र का किया भ्रमण

समझी लैंगिक समानता की अहमियत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : बदलती लैंगिक भूमिकाओं और सामाजिक रूढ़ियों को समझने के उद्देश्य से डीवाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद के छात्रों ने बुधवार को सिंदरी स्थित कल्याणेश्वरी टसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (केटीएमपीएल) के सीएसआर पहल के तहत संचालित महिला कौशल विकास केंद्र 'सम्मान' का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने महिलाओं के आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को करीब से जाना और लैंगिक समानता की अवधारणा को समझा। भ्रमण के दौरान केटीएमपीएल के सीएसआर विभाग के प्रभारी कौशिक दास और उनकी टीम ने छात्रों को कंपनी की सामाजिक दायित्व संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'सम्मान' केंद्र के माध्यम से स्थानीय महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को पारंपरिक लैंगिक रूढ़ियों से बाहर निकलकर समान अवसर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है। छात्रों ने केंद्र में संचालित गतिविधियों को देखा और महिलाओं के कौशल विकास से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्हें बताया गया कि शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर महिलाओं के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की ओर से बताया गया कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबों से बाहर निकलकर सामाजिक विषयों को वास्तविक परिस्थितियों में समझने का अवसर मिलता है। भ्रमण का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन तथा पिंकी शर्मा और सुदेष्णा बनर्जी के निर्देशन में किया गया।

कतरास की सुरक्षा पर वैज्ञानिक आधार सार्वजनिक करे बीसीसीएल : विनोद गोस्वामी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कतरास कोयलांचल बचाओ समिति ने क्षेत्र की सुरक्षा, जमीन, आबादी और भविष्य को लेकर जनांदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। समिति जल्द जनजागरण व हस्ताक्षर अभियान चलाकर रैयतों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों को आंदोलन से जोड़ेगी। समिति का कहना है कि विकास और रोजगार जरूरी हैं, लेकिन जनता की सुरक्षा और क्षेत्र के सुरक्षित भविष्य से समझौता नहीं किया जा सकता। समिति ने बताया कि 27 सितंबर को कतरास थाना प्रभारी के माध्यम से उपायुक्त को मांग-पत्र सौंपा गया था। इसमें सुरक्षित खनन, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भूमिगत खनन और वैज्ञानिक तरीके से बालू भराई समेत कई मांगें शामिल थीं। समिति ने प्रशासन व बीसीसीएल से मांग-पत्र पर हुई कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। विधायक के कतरास को सुरक्षित बताए जाने संबंधी बयान पर पूर्व पार्षद विनोद कुमार गोस्वामी ने कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि सुरक्षा का वैज्ञानिक आधार क्या है। यदि कतरास सुरक्षित है तो प्रशासन और बीसीसीएल वैज्ञानिक तथ्यों के साथ इसकी जानकारी जनता के सामने रखें। गोस्वामी ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति के विरोध में नहीं, बल्कि कतरास के सुरक्षित भविष्य के लिए है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

डीसी ने बीएलओ को दिये सख्त निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को बैंक मोड़ स्थित खालसा स्कूल परिसर के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जांच की। उपायुक्त ने बूथ संख्या 93, 208, 209, 210, 211, 214, 215, 216, 338 और 339 के बीएलओ से पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने नोटिस प्राप्त मतदाताओं के आवश्यक दस्तावेज निर्वाचन आयोग के ऐप पर ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि मतदाताओं के सहायक दस्तावेज सही प्रारूप में तत्काल और त्रुटिरहित अपलोड करें। आवेदनों और दस्तावेजों की स्थिति की नियमित निगरानी करने तथा तकनीकी अथवा प्रपत्र संबंधी समस्या होने पर संबंधित सुपरवाइजर व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी से समन्वय कर तत्काल समाधान कराने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण बेहद संवेदनशील कार्य है। नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

मलकेरा में मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में लगी आग, आठ लाख की सम्पत्ति राख

बाघमारा (धनबाद) : कतरास थाना क्षेत्र के मलकेरा में मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में आग लग गई। घटना में दुकान में रखे मोबाइल, रिपेयरिंग उपकरण समेत करीब आठ लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान संचालक मो. रिजवान ने नुकसान का अनुमान आठ लाख रुपये लगाया है। वास्तविक क्षति का आकलन सामानों की सूची तैयार होने के बाद होगा। रोज की तरह रिजवान रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसी दौरान कतरास पुलिस की गश्ती टीम वहां से गुजर रही थी। पुलिसकर्मियों ने दुकान के अंदर से धुआं निकलता देखा। दुकान के बाहर लिखे नंबर पर फोन किया गया, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने बगल के घर के लोगों से जानकारी लेकर रिजवान को बुलाया। दुकान खोलते ही अंदर आग की लपटें देखकर पुलिस और स्थानीय लोग सकते में आ गए। तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। आसपास के लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी सामान जल चुका था।

अग्रसेन जयंती पखवाड़े में सेवा, संस्कार और संस्कृति का दिखेगा संगम

10 से 28 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम, 28 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : महाराजा श्री अग्रसेन जयंती पखवाड़ा-2026 को लेकर बुधवार को बालिका विद्या मंदिर (नया भवन), झरिया में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया के तत्वावधान में 10 से 28 अक्टूबर तक पखवाड़े के तहत सेवा, संस्कार, संस्कृति, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य महाराजा श्री अग्रसेन के सेवा, समानता, सहयोग और परोपकार के संदेश को समाज तक पहुंचाना है। पखवाड़े की शुरूआत 10 अक्टूबर को नर-नारायण सेवा से होगी। 11 अक्टूबर को पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण, 12 को विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग, 13 को अंतरविद्यालय खेलकूद, 14 को रात्रि क्रिकेट मैच, 15 को स्वास्थ्य जांच, 16 को चित्रकला तथा 17 अक्टूबर को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर होगा। वहीं 22 अक्टूबर को गौ सेवा एवं तुला दान, 23 को महिलाओं के लिए वॉल हैंगिंग कार्यशाला, 24 को 'एक शाम देश के नाम' और 25 अक्टूबर को डांडिया फिएस्टा होगा। समापन 28 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा, सामूहिक सहभोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगा।

लोदना जीएम कार्यालय पर बीसीकेयू का प्रदर्शन

25 सूत्री मांगों पर 15 दिन का अल्टीमेटम

■ पानी-बिजली, रोजगार, बकाया मजदूरी व सड़क समेत कई मुद्दे उठाये, कार्रवाई नहीं हुई, तो 22 को चक्का जाम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अलकडीहा (धनबाद) : लोदना क्षेत्र में मजदूरों और स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर बुधवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (बीसीकेयू) की कुइयां शाखा ने लोदना महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। दर्जनों महिला-पुरुष मजदूर पार्टी झंडे लेकर पहुंचे और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद यूनियन ने महाप्रबंधक को 25 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। यूनियन के उपाध्यक्ष कुंदन पासवान ने कहा कि लोदना क्षेत्र के कई मोहल्लों में पेयजल संकट बना हुआ है। नियमित जलापूर्ति के साथ बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की गई। यूनियन ने नॉर्थ तीसरा, साउथ तीसरा और जिनागोरा-कुजामा परियोजना में एमडीओ के तहत ट्रक लोडिंग में स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने, हैंड लोडिंग व ड्यूल सिस्टम लागू करने की मांग उठाई। कुइयां ट्रक लोडिंग में मजदूरों की बकाया मजदूरी का भुगतान, आउटसोर्सिंग कंपनियों की मनमानी पर रोक, पावर कट के दौरान निर्धारित मजदूरी, सीएमपीएफ की कटौती का हिसाब और राशि समय पर जमा कराने की मांग भी की गई।

क्वार्टर दिलाने के नाम पर 48 हजार की वसूली का आरोप, जीएम समेत पांच पर प्राथमिकी

बाघमारा (धनबाद) : बीसीसीएल के क्वार्टर आवंटन के नाम पर कथित वसूली का मामला सामने आने के बाद कंपनी की आवास व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। माटीगढ़ा निवासी विजय कुमार की शिकायत पर बाघमारा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में ब्लॉक-2 के जीएम कुमार राजीव, सिक्योरिटी गार्ड संतोष सिंह, पीएसके सिन्हा नामक एजेंट, विकास साहब समेत एक अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता से क्वार्टर दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। विजय कुमार का आरोप है कि सिक्योरिटी गार्ड संतोष सिंह ने कई लोगों को हिस्सा देने की बात कहते हुए उससे रकम ली। शिकायतकर्ता ने नकद और ऑनलाइन माध्यम से कुल 48 हजार रुपये देने की बात कही है। इसके बावजूद उसे क्वार्टर नहीं मिला। रकम वापस मांगने पर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि पिछले दो वर्षों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अनधिकृत लोगों को क्वार्टर दिलाने के नाम पर 40 से 50 हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। पुलिस अब आरोपों की सत्यता, लेन-देन और क्वार्टर आवंटन की प्रक्रिया की जांच कर रही है। इधर, जीएम कुमार राजीव ने आरोपों से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि क्वार्टर संबंधी काम किसी अन्य कर्मचारी के जिम्मे है। आरोप सही पाए जाने पर विभागीय जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

धनबाद में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च, मताधिकार की रक्षा का लिया संकल्प

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : 'वोट बचाओ-देश बचाओ' नारे के साथ बुधवार को इंडी गठबंधन के घटक दलों ने धनबाद में पदयात्रा निकालकर मताधिकार की रक्षा का संकल्प लिया। मार्च की शुरूआत गांधी सेवा सदन से हुई, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पदयात्रा रणधीर वर्मा चौक होते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पहुंची। यहां डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद सभा हुई। सभा की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन भाकपा माले के जिला सचिव बिंदा पासवान ने किया। मार्च के दौरान गठबंधन नेताओं ने मतदाता सूची और कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए। नेताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सवालों का जवाब देने, जवाबदेही तय करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने की मांग की।

जम्मू तवी एक्सप्रेस से गिर कर अज्ञात युवक की मौत

बाघमारा (धनबाद) : कतरास थाना क्षेत्र के निचितपुर हॉल्ट के पास बुधवार की शाम जम्मू तवी एक्सप्रेस से गिरकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। हादसा करीब शाम चार बजे हुआ। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, जम्मू तवी एक्सप्रेस धनबाद से गया की ओर जा रही थी। ट्रेन जब निचितपुर हॉल्ट की डाउन लाइन से गुजर रही थी, उसी दौरान एक युवक अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया। तेज रफ्तार ट्रेन से गिरने के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्टेशन पर तैनात ग्रुप-डी कर्मियों ने धनबाद आरपीएफ को सूचना दी। सूचना पाकर आरपीएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।

केशलपुर को उजड़ने नहीं देंगे, हर लड़ाई के लिए तैयार : विशाल महतो

■ अवैध कोयला उत्खनन बंद कराने को बीसीसीएल को सात दिन का अल्टीमेटम

■ मांगें नहीं मानीं, तो डीजीएमएस घेराव की चेतावनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : केशलपुर को संभावित भू-धसान और विस्थापन से बचाने की मांग को लेकर कोयलांचल जन सुरक्षा एवं कार्य अधिकार समिति ने बुधवार को जन आक्रोश सभा आयोजित की। सभा में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल कुमार महतो ने बीसीसीएल प्रबंधन के साथ केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केशलपुर को किसी भी कीमत पर उजड़ने नहीं दिया जाएगा और ग्रामीणों के हक की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी। विशाल महतो ने बीसीसीएल प्रबंधन से केशलपुर में कथित अवैध कोयला उत्खनन तत्काल बंद कराने और सात दिनों के भीतर अवैध मुहानों में 100 हाइवा ओबी (ओवरबर्डन) डालकर उन्हें स्थायी रूप से बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो समिति ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर डीजीएमएस कार्यालय का घेराव करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध खनन के जरिए जानबूझकर जमीन को कमजोर किया जा रहा है, जिससे भू-धसान का खतरा बढ़ रहा है और भविष्य में विस्थापन का रास्ता आसान हो सकता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर पूंजीपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास के नाम पर ग्रामीणों की जमीन और जीवन से खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। महतो ने खदानों में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कोल माइंस रेगुलेशन-2017 के प्रावधानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कांटा पहाड़ी, बेनीडीह और कुसुंडा क्षेत्र की एडीआई कोलियरी में हुई मजदूर मौतों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने इन घटनाओं को हादसा नहीं बल्कि कथित तौर पर लापरवाही से हुई मौत बताते हुए दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। सभा में विस्थापित ग्रामीणों के लिए जमीन के बदले जमीन, रोजगार, उचित मुआवजा तथा पानी, बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठी। वक्ताओं ने कहा कि खनन परियोजनाओं की कीमत ग्रामीणों को अपना घर-बार छोड़कर नहीं चुकानी चाहिए। सभा में समिति के महासचिव लालचंद मंडल, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गणेश कुमार महतो, पूर्व पार्षद डॉ. विनोद गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और मजदूर मौजूद थे।

भू-धंसान के विरोध में काला बिल्ला लगा कर सड़क पर उतरे कतरासवासी

बाघमारा (धनबाद) : कतरास और आसपास के इलाकों में लगातार हो रही भू-धंसान की घटनाओं के विरोध में बुधवार को कतरास बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर तले स्थानीय लोग सड़क पर उतरे। मोर्चा के सदस्यों ने शहर में भ्रमण कर दुकानदारों और नागरिकों को काला बिल्ला लगाया और भू-धंसान की समस्या के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इस दौरान बीसीसीएल प्रबंधन और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। वार्ड पांच की पार्षद निरुपमा देवी ने भी प्रदर्शन में शामिल होकर आंदोलन को समर्थन दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कतरास क्षेत्र में लगातार हो रही भू-धंसान की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। कई इलाकों में घरों और सड़कों पर खतरा मंडरा रहा है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वक्ताओं ने भू-धंसान के लिए बीसीसीएल की खनन नीतियों और अवैध उत्खनन को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल रोक लगाने की मांग की। मोर्चा ने प्रभावित लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों का सर्वेक्षण तथा सुरक्षित पुनर्वास की मांग उठाई। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक व उग्र किया जाएगा।

समाहरणालय में जन सुविधा केन्द्र और हेल्प डेस्क शुरू, सहिया दीदियों व स्कूलों को मिली सौगात

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : आम लोगों को प्रशासनिक सेवाओं और सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए बुधवार को समाहरणालय परिसर में जन सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र और हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन समेत अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद रहे। समाहरणालय के तृतीय तल पर आधुनिक सुविधाओं और कंप्यूटर लैब से लैस जन सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया गया। वहीं प्रथम तल पर आम लोगों की समस्याओं के समाधान, मार्गदर्शन और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए हेल्प डेस्क की शुरूआत हुई। अधिकारियों ने कहा कि इससे प्रशासनिक सेवाओं में पारदर्शिता, गति और जन-सुलभता बढ़ेगी। कार्यक्रम में डीएमएफटी मद से सरकारी स्कूलों को मध्याह्न भोजन के लिए बर्तनों के सेट वितरित किए गए।

सम्पादकीय.....

कथित बदलाव और कानूनी अधिकार

चुनाव आयोग ने फॉर्म 6 में जो कथित बदलाव किया है, मुख्य रूप से विवाद इसी के कानूनी अधिकार को लेकर है। इस ऑनलाइन फॉर्म 6 को भरने के क्रम में एक अतिरिक्त घोषणा जोड़ दी गयी थी। इसके तहत नये आवेदकों के लिए यह बताना अनिवार्य कर दिया गया कि क्या उनके माता-पिता या दादा-दादी के नाम पिछली एसआईआर में शामिल था या नहीं। भारत में जब पहले चुनाव की तैयारी चल रही थी, तो दुनिया इस बात से हैरान थी कि बंटवारे से मिले जख्मों से जूझ रहा और महज 12 प्रतिशत साक्षरतावाला देश कैसे लोकतंत्र को अपना पायेगा।...और, लोकतंत्र भी ऐसा, जिसमें सभी वयस्कों को पहली ही बार में मताधिकार मिल गया। अमेरिका और ब्रिटेन भी पहले ही चुनाव से अपनी जनता पर ऐसा भरोसा नहीं कर पाये थे। भारत ने सभी के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया। उसकी सफलता की वजह रही समानता और सभी को बराबर अवसर, जो संविधान ने दिये हैं। दरअसल, फॉर्म 6 से जुड़े विवाद में जाने से पहले इतिहास में इतना झांकना आवश्यक है, ताकि यह स्मरण रह सके कि मतदाता सूची बस एक और सरकारी दस्तावेज नहीं है, जहां नाम दर्ज होना चाहिए। यहीं से निष्पक्ष चुनाव की शुरुआत होती है, यही भारतीय लोकतंत्र का आधार है और इसी से यह सुनिश्चित होता है कि बिना किसी भेदभाव के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी की भागीदारी हो। फॉर्म 6 के जरिये मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया जाता है। इसके साथ कुछ आधारभूत जानकारी की आवश्यकता होती है। लेकिन, विवाद यह है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान फॉर्म 6 से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी मांगी गयी। सवाल उठाया जा रहा है कि क्या नियमों में बदलाव किये बिना आयोग ऐसा कर सकता है? यह मामला तब और गम्भीर हो जाता है, जब आरोप हो कि दोनों चुनाव आयुक्त इस बात के विरोध में थे। चुनाव आयोग का पक्ष है कि फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उसका कहना है कि जो अतिरिक्त घोषणा मांगी गयी, वह केवल एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़ी थी। इसी वर्ष मई में बिहार मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना था कि चुनाव आयोग एसआईआर के लिए अतिरिक्त दस्तावेज या जानकारी मांग सकता है, लेकिन इसके लिए कुछ सीमाएं हैं। मांगी गयी जानकारी एसआईआर के उद्देश्य से जुड़ी होनी चाहिए और पूरी प्रक्रिया कानून के अनुसार होनी चाहिए। जिस व्यक्ति की पात्रता पर सवाल उठे, उसे अपना पक्ष रखने और अपील का अवसर भी मिलना चाहिए। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि उसने मोडिफाइड फॉर्म 6 को मंजूरी नहीं दी थी। वहीं, आयोग पहले यह कह चुका है कि एसआईआर के लिए फॉर्म 6 के साथ जुड़ा डिक्लेरेशन शीर्ष न्यायालय ने सही ठहराया है। क्या इंटेंसिव रिवीजन से जुड़ी मंजूरी को फॉर्म 6 से भी जोड़ा जा सकता है? एक संवैधानिक संस्था के समक्ष दूसरी संवैधानिक संस्था से जुड़ा यह महत्त्वपूर्ण सवाल है, जिस पर चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता टिकी हुई है। बहरहाल, देखना दिलचस्प होगा कि इस विवाद का पटाक्षेप किस तरह और कब तक हो पाता है।

● किसने क्या कहा

'जब तक भारत विकसित नहीं होता, न रुकूंगा, न थकूंगा'

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

जनसेवा को जीवन का ध्येय बना कर राष्ट्रसेवा के पथ पर बढ़े प्रधानमंत्री मोदी

नितिन नवीन
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

विदेशी तेल, घरेलू महंगाई

विशेष **डॉ. सत्यवान सौरभ**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव इसलिए केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर परिवहन, उद्योग, कृषि, खाद्य पदार्थों और अंततः आम आदमी की जेब तक पहुंचता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत बढ़ना भारत के लिए सीधे तौर पर महंगे आयात का संकेत है। जब वैश्विक स्तर पर युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, तेल उत्पादक देशों द्वारा उत्पादन में कटौती, आपूर्ति बाधित होने या मांग बढ़ने जैसे कारणों से कच्चे तेल की कीमत अचानक बढ़ती है, तो भारत को उसी तेल के लिए अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है।

महंगाई केवल बाजार में वस्तुओं की कीमत बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण काम करते हैं। जब किसी देश में विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं या कच्चे माल की कीमत बढ़ती है और उसका असर घरेलू बाजार की कीमतों पर पड़ता है, तो इसे आयातित महँगाई कहा जाता है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती अधिक गंभीर है, क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था ऊर्जा की आवश्यकताओं के लिए काफी हद तक आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव इसलिए केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर परिवहन, उद्योग, कृषि, खाद्य पदार्थों और अंततः आम आदमी की जेब तक पहुँचता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत बढ़ना भारत के लिए सीधे तौर पर महँगे आयात का संकेत है। जब वैश्विक स्तर पर युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, तेल उत्पादक देशों द्वारा उत्पादन में कटौती, आपूर्ति बाधित होने या मांग बढ़ने जैसे कारणों से कच्चे तेल की कीमत अचानक बढ़ती है, तो भारत को उसी तेल के लिए अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। यही वह पहला बिंदु है जहाँ से आयातित महँगाई का दबाव शुरू होता है। तेल की कीमत बढ़ने का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव ईंधन की लागत पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल महँगे होने पर परिवहन लागत बढ़ जाती है। भारत में सड़क परिवहन व्यापार और आपूर्ति-श्रृंखला की रीढ़ है। खेत से मंडी, मंडी से थोक बाजार और वहाँ से दुकानों तक पहुँचने वाली अधिकांश वस्तुओं के परिवहन में ईंधन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए डीजल महँगा होते ही माल ढुलाई का खर्च बढ़ सकता है। परिवहन कंपनियाँ बढ़ी हुई लागत को भाड़े में शामिल करती हैं और अंततः उसका भार उपभोक्ता तक पहुँचता है। तेल का प्रभाव केवल परिवहन तक सीमित नहीं है। अर्थव्यवस्था के अनेक उद्योग ऊर्जा पर निर्भर हैं। सीमेंट, इस्पात, रसायन, उर्वरक और अन्य ऊर्जा-गहन उद्योगों की उत्पादन लागत में ईंधन और ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पादन लागत बढ़ती है। उद्योग अपनी लागत को नियंत्रित करने के लिए उत्पादों की कीमत बढ़ा सकते हैं। इस प्रकार तेल का शुरूआती झटका धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था के अलग-अलग क्षेत्रों में फैलने लगता है। इसका असर खाद्य महँगाई पर भी दिखाई दे सकता है। किसान के लिए डीजल सिंचाई, कृषि मशीनरी और परिवहन में उपयोगी है। कृषि उपज को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। यदि परिवहन और कृषि संबंधी लागत बढ़ती है, तो सब्जियों, फलों, अनाज और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बन सकता है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में आया एक झटका घरेलू रसोई तक पहुँच सकता है। इस पूरी प्रक्रिया में रुपये की विनिमय दर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का कारोबार सामान्यतः अमेरिकी डॉलर में होता है। यदि एक ओर तेल की वैश्विक कीमत बढ़ रही हो और दूसरी ओर रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हो जाए, तो भारतीय आयातकों के लिए कच्चा तेल और महँगा पड़ता है। यानी भारत को एक ही मात्रा के तेल के लिए अधिक रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इससे आयातित महँगाई का दबाव और बढ़ सकता है। तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि महँगाई की अपेक्षाओं को भी प्रभावित करती है। जब लोगों और कारोबारियों को लगता है कि ईंधन महँगा होने के कारण आगे भी लागत बढ़ेगी, तो वे पहले से ही अपनी कीमतों में वृद्धि करने लगते हैं। मजदूरी, माल ढुलाई, सेवाओं और अन्य वस्तुओं की कीमतों पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। इस तरह शुरूआती तेल झटका व्यापक महँगाई में बदलने की क्षमता रखता है। भारतीय रिजर्व बैंक के आकलनों में भी कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का मुद्रास्फीति पर स्पष्ट प्रभाव माना गया है; अक्सर उद्धृत अनुमान के अनुसार कच्चे तेल की कीमत में 10 प्रतिशत वृद्धि से उपभोक्ता मूल्य आधारित महँगाई पर लगभग 20 आधार अंकों का दबाव पड़ सकता है, हालांकि वास्तविक प्रभाव परिस्थितियों के अनुसार बदलता है। ऐसे समय में सरकार और केंद्रीय बैंक के सामने संतुलन की चुनौती होती है। यदि ईंधन पर करों में बहुत अधिक वृद्धि की जाए तो उपभोक्ता पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है, जबकि अत्यधिक कर कटौती से सरकार के राजस्व पर दबाव आ सकता है। इसलिए असाधारण वैश्विक तेल झटकों के समय संतुलित और समयबद्ध कर नीति आवश्यक है। इसी प्रकार मौद्रिक नीति के स्तर पर महँगाई की दूसरी लहर को रोकना जरूरी है, लेकिन अत्यधिक कठोर कदम आर्थिक विकास को प्रभावित कर सकते हैं। दीर्घकालीन समाधान केवल तेल की कीमतों को नियंत्रित करने में नहीं, बल्कि तेल पर निर्भरता कम करने में है। भारत को कच्चे तेल के आयात के स्रोतों में विविधता लानी होगी और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करना होगा, ताकि वैश्विक आपूर्ति संकट के समय तत्काल दबाव कम किया जा सके।

25 वर्ष : सेवा से नेतृत्व तक, नेतृत्व से वैश्विक पहचान तक

गौरतलब **महेश पोद्दार**

यह यात्रा केवल एक राज्य से देश के नेतृत्व तक पहुंचने की यात्रा नहीं है, बल्कि भारत की विकास यात्रा, बदलती आकांक्षाओं और बढ़ते आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की यात्रा भी है। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में बुनियादी ढांचे, डिजिटल व्यवस्था, वित्तीय समावेशन, उद्योग, तकनीक, सामाजिक सुरक्षा एवं जनसेवा के क्षेत्रों में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं।

पूर्व सांसद, राज्यसभा, झारखण्ड महेश पोद्दार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री पोद्दार ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई श्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक सेवा की यात्रा आज 25 वर्षों की निरंतर शासन-सेवा तक पहुंच चुकी है। यह यात्रा केवल एक राज्य से देश के नेतृत्व तक पहुंचने की यात्रा नहीं है, बल्कि भारत की विकास यात्रा, बदलती आकांक्षाओं और बढ़ते आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की यात्रा भी है। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में बुनियादी ढांचे, डिजिटल व्यवस्था, वित्तीय समावेशन, उद्योग, तकनीक, सामाजिक सुरक्षा एवं जनसेवा के क्षेत्रों में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। गुजरात में नीति निर्माण और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच बेहतर तालमेल पर दिया गया जोर आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर शासन की कार्यशैली का भी हिस्सा बना। श्री पोद्दार ने कहा कि अलग-अलग संवैधानिक दायित्वों को स्वीकार करते हुए ली गई शपथों के पीछे राष्ट्रसेवा का संकल्प निरंतर दिखाई देता है। 25 वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में निरंतर सक्रिय रहकर इस संकल्प को निभाना अपने आप में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि किसी भी सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल योजनाओं और आंकड़ों में नहीं, बल्कि जनता के बीच विश्वास अर्जित करने और उस विश्वास को वर्षों तक जिम्मेदारी के साथ निभाने में भी निहित होती है। आज भारत अपनी आर्थिक एवं तकनीकी क्षमता के साथ-साथ विश्व मंच पर भी पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रहा है। भारत की बढ़ती वैश्विक पहचान, मजबूत होती साझेदारियां और विश्व समुदाय में बढ़ती भूमिका ने देश की छवि को नई ऊर्जा प्रदान की है। महेश पोद्दार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को 25 वर्षों की निरंतर सार्वजनिक सेवा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, नागरिकों के बीच अर्जित विश्वास तथा विश्व मंच पर भारत की बढ़ती पहचान के लिए बधाई देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और अधिक सशक्त एवं समृद्ध बने तथा विश्व में अपनी भूमिका को और मजबूत करे, यही उनकी शुभकामना है।

आज का इतिहास

- अमेरिका के लॉस एंजिल्स और सैनफ्रांसिस्को के बीच 1860 में टेलीग्राफ लाइन स्थापित हुई थी।
- भारतीय वायुसेना का गठन 1932 में हुआ।
- लंदन की 481 फुट ऊंची डाकघर मीनार को 1965 में खोला गया। यह इंग्लैंड की उस समय की सबसे ऊंची इमारत थी।
- बोलिविया में चो गुवारा और उनके दल के लोग 1967 में पकड़े गये।
- सोवियत संघ के लेखक एलैकजेंडर सोल्जनित्सन को 1970 में नोबेल पुरस्कार मिला।
- कनाडा की राजधानी ओटावा में 1996 को आयोजित सम्मेलन में लगभग 50 देश बारूदी सुरंगों पर विश्वव्यापी प्रतिबंध लगाने पर सहमत हुए।
- भारत फ्लाइट सेफ्टी फाउंडेशन का सदस्य 1998 में बना।
- वोजोस्लाव कोस्तुनिका 2000 में यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति बने।
- इटली के मिलान हवाई अड्डे पर 2001 को दो विमानों की टक्कर 114 लोगों की मौत।
- पाकिस्तान ने 2002 में शाहीन मिसाइल का पुनः परीक्षण किया।
- टोक्यो में 2003 को आयोजित मिस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में मिस वेनेजुएला गोजेदोर एजुआ ने खिताब पर कब्जा जमाया।
- ईरान की शिरीन इबादी को नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा 2003 में की।
- भारतीय गेहूं पर 2004 में मौनसेंटो का पेटेन्ट रद्द।
- केन्या के पर्यावरणविद वांगरी मथाई को शांति का नोबेल पुरस्कार 2004 में दिया।
- कश्मीर में 2005 को भूकम्प से हजारों लोगों की मौत।
- बांग्लादेश के पूर्व गृहमंत्री मोहम्मद नसीम को 2007 में 13 साल कैद की सजा हुई।
- प्रसिद्ध वकील, न्यायाधीश और नेता बदरुद्दीन तैयब जी का जन्म 1844 में हुआ।
- बालीवुड अभिनेता राजकुमार का जन्म 1926 में हुआ।

अंकजाल - 8413

■	9	14	20	22	19	■	26	30	■
28		9		7		■		7	12
27	2		7		5	■	4		13
■	■	■		7		8		5	34
13	3		2	■	7		4		16
20		9		3	■	5		7	18
25	3		4		2		■	■	■
9		3	■	4		8		5	32
14	8		■		6		7		28
■	26	32	■	16	15	37	15	8	■

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 8412 का हल

■	17	16	49	35	■	■	16	20	■
21	5	6	7	3	■	6	5	4	15
23	9	2	7	5	■	8	7	5	20
■	3	8	2	7	3	4	2	6	35
■	■	■	7	9	3	7	2	5	33
38	7	2	5	7	8	9	■	■	■
35	2	3	8	4	5	2	5	6	■
14	3	4	7	■	8	8	5	8	29
16	6	4	6	■	8	7	3	5	23
■	18	13	■	■	35	51	13	19	■

Jagrutidaur.com, Bangalore

क्या है जीवन का सार

दुख एक मानसिक कल्पना है। कोई पदार्थ, व्यक्ति या क्रिया दुख नहीं है। संसार के सब नाम-रूप गधा-हाथी, स्त्री-पुरुष, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदि खिलौने हैं। हम अपने को खिलौना मानेंगे तो गधा या हाथी होने का सुख-दुख होगा, अपने को स्वर्ण, मूल्यधातु देखेंगे तो यह मनुष्य देह नहीं रहेंगे। हम विराट् हैं, साक्षात ब्रह्म है। जो मनुष्य इस जगत प्रपंच को सत्य देखता है, उसे माया ने ठग लिया है। जो पहले भी नहीं थे, आगे भी नहीं रहेंगे, बीच में थोड़ी देर को दिखाई दे रहे हैं, उन्हीं को सब कुछ समझ कर माया मोहित मनुष्य व्यवहार कर रहा है। तत्वज्ञान शिक्षा देता है कि जो कुछ दिखाई दे, उसे दिखाई देने दो, जो बदलता है, उसे बदलने दो, जो आता-जाता है, उसे आने जाने दो। यह सब जादू का खेल है। ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते। आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः। पुराणों में एक कथा आती है- महाराज जनक के जीवन में कोई भूल हो गई थी। मरने पर उन्हें यमलोक जाना पड़ा। वहां उससे कहा गया- नरक चलो। महाराज जनक तो ब्रह्मज्ञानी थे। उन्हें क्या स्वर्ग, क्या नरक। वे प्रसन्नतापूर्वक चले गए। नरक में पहुंचे तो चारों ओर से पुकार आने लगी- महाराज जनक जी! तनिक यहीं ठहर जाइए।

सुविचार

खेलो, ताकि तुम गम्भीर बन सको।

अनाकार्सिस

सज्जनों का धन तो धैर्य ही है।

बाणभट्ट

क्या विश्वस्तरीय है भारत के मेडिकल कॉलेजों की पढ़ाई का स्तर

विवेक शुक्ला

भारत में मेडिकल शिक्षा का भविष्य बहुत सुनहरा दिखता है। हर साल नए कॉलेज खुल रहे हैं। सीटों की संख्या बढ़ रही है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। प्राइवेट कॉलेजों में इमारत भी बड़ी है और फीस भी। फिर भी कुछ सवाल जस के तस हैं। क्या हमारे सरकारी और प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की पढ़ाई विश्वस्तरीय है? क्या हम अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर के कॉलेजों के स्तर पर पहुँच गए हैं? सीधा जवाब यह है कि कुछ जगह हम उस स्तर के करीब हैं। बाकी ज्यादातर जगहों पर अभी लंबा रास्ता बाकी है। विश्वस्तरीय पढ़ाई का मतलब सिर्फ बड़ी इमारत नहीं होता। अमेरिका और ब्रिटेन में छात्र किताब रट कर पास नहीं होते। उन्हें मरीज के सामने खड़े होकर फैसला लेना सिखाया जाता है। कौन-सी जाँच करनी है, कौन-सी दवा देनी है, कब रेफर करना है। सिंगापुर में क्लास छोटी होती है। टीचर पहले से तैयार होते हैं। हॉस्पिटल का काम पढ़ाई से जुड़ा रहता है। किताब अलग और वार्ड अलग, ऐसा नहीं चलता।

हमारे यहाँ विशेषज्ञ मानते हैं कि सरकारी कॉलेज की असली ताकत मरीज है। एम्स और कुछ बड़े अस्पतालों से जुड़े कॉलेजों में हर तरह की बीमारी दिख जाती है। छात्र वार्ड में सीखते हैं। इतना एक्सपोजर कई अमेरिकी हॉस्पिटल में भी छात्रों को नहीं मिलता। मरीज ज्यादा हैं तो सीखने का मौका भी ज्यादा है।

इसी मुद्दे पर बीते दिनों राजधानी में पुष्पांजलि मेडिकॉन 2026 कांफ्रेस में दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च के प्रो चांसलर डॉ. वेदप्रकाश मिश्र ने कहा कि करिकुलम और क्लिनिकल एजुकेशन को अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और सिंगापुर के बराबर लाना पहला लक्ष्य है। मतलब निशाना साफ है, मंजिल अभी बाकी है। उनकी बात का सीधा मतलब यह है कि हमारे यहाँ मेडिकल कॉलेजों की संख्या तो बढ़ गई, पर स्तर उसी गति से नहीं बढ़ा।

सरकारी अस्पताल मरीजों का इलाज करते हैं, यह उनकी ताकत है। कमी दूसरी जगह है। टीचर कम पड़ते हैं। लैब और शोध से जुड़ी सुविधाएँ कई जगह काफी नहीं हैं। पढ़ाई अक्सर लेक्चर पर टिकी रहती है। टीचर बोलते जाते हैं, छात्र लिखते जाते हैं। वार्ड में जो सीखा, उसकी कक्षा में ठीक से चर्चा नहीं हो पाती। प्राइवेट कॉलेज भी सब एक जैसे नहीं हैं। देश में मेडिकल कॉलेज आठ सौ के पार हैं। बड़ी संख्या में साल 1991 के बाद खुली है और इनमें प्राइवेट कॉलेज ज्यादा हैं। कुछ जगह स्किल लैब, लाइब्रेरी और टाइमटेबल अच्छे हैं। पर हर कॉलेज में मरीज उतने नहीं मिलते। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमारे यहाँ कई मेधावी परिवारों के गरीब बच्चे मोटी फीस की वजह से मेडिकल कॉलेज से बाहर रह जाते हैं। ये गलत है इसलिए प्राइवेट कॉलेजों की फीस को भी देखना होगा। सीट भरना और अच्छा डॉक्टर बनना, दोनों एक बात नहीं है।

पढ़ाई को श्रेष्ठ और विश्वस्तरीय कैसे बनाएँ? विशेषज्ञ चार रास्ते बताते हैं। पहला, अंडरग्रेजुएट कोर्स कंपिटेंसी बेस्ड हो। आसान शब्दों में छात्र सिर्फ याद करके पास न हो। उसे पता हो कि मरीज देखकर क्या करना है। बुखार आए तो कौन-सी बात पूछनी है। साँस फूल रही हो तो पहला कदम क्या हो। हुनर पास हो, तभी डिग्री मिले।

राशिफल

मेष कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। 'कर भला, तो हो भला वाली' कहावत याद रखें।	**तुला** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। सचेत रहें।
वृष यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।	**वृश्चिक** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।
मिथुन शनैः शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा।	**धनु** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।
कर्क मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। सचेत रहें।	**मकर** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें।
सिंह कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जायेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जायेगी।	**कुंभ** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।
कन्या अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।	**मीन** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की सम्भावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। समय अच्छा है।

जब न्याय की कुर्सी से आती है कोई बेबाक आवाज

गौरतलब **कुमार कृष्णन**

उनकी बातों को केवल किसी एक तात्कालिक विवाद के संदर्भ में पढ़ना शायद उनके व्यापक आशय को छोटा करना होगा। पिछले कुछ महीनों में उन्होंने अलग-अलग मंचों से असहमति, शांतिपूर्ण प्रदर्शन, सवाल पूछने की स्वतंत्रता, नागरिक स्वतंत्रता और अब मताधिकार जैसे सवालों पर जो कहा है, उसमें एक साझा सूत्र दिखाई देता है...संविधान नागरिक को केवल शासन का विषय नहीं मानता, उसे लोकतंत्र का सक्रिय भागीदार मानता है।

लोकतंत्र में सबसे मुश्किल काम शायद सत्ता से असहमति जताना नहीं, बल्कि उस असहमति को सुनने की जगह बचाए रखना है। सत्ता बदलती रहती है, सरकारें आती-जाती रहती हैं, संस्थाओं के पदाधिकारी बदलते रहते हैं, लेकिन लोकतंत्र की असली परीक्षा इस बात से होती है कि सवाल पूछने वाले नागरिक के लिए कितनी जगह बची है। सवाल पूछने वाला विद्यार्थी हो, पत्रकार हो, किसान हो, प्रदर्शनकारी हो या मतदाता–लोकतंत्र में उसकी आवाज को सुनने की गुंजाइश जितनी बड़ी होगी, लोकतंत्र उतना ही जीवंत होगा। इसीलिए इन दिनों सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति उज्वल भुइयां की बेबाक टिप्पणियां चर्चा में हैं। उनकी बातों को केवल किसी एक तात्कालिक विवाद के संदर्भ में पढ़ना शायद उनके व्यापक आशय को छोटा करना होगा। पिछले कुछ महीनों में उन्होंने अलग-अलग मंचों से असहमति, शांतिपूर्ण प्रदर्शन, सवाल पूछने की स्वतंत्रता, नागरिक स्वतंत्रता और अब मताधिकार जैसे सवालों पर जो कहा है, उसमें एक साझा सूत्र दिखाई देता है–संविधान नागरिक को केवल शासन का विषय नहीं मानता, उसे लोकतंत्र का सक्रिय भागीदार मानता है। हाल की उनकी टिप्पणी सबसे अधिक इसलिए महत्वपूर्ण है कि उन्होंने मतदाता सूची और मताधिकार के सवाल को नागरिकता की गरिमा से जोड़ दिया। हैदराबाद में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रक्रिया लाखों नागरिकों को मतदान के अधिकार से वंचित करती है और उन्हें अपने ही देश में बिना मताधिकार वाले नागरिकों की स्थिति में पहुंचाती है, तो ऐसी प्रक्रिया मनमानी होगी और संविधान के अनुच्छेद 14 तथा 326 की कसौटी पर सवाल खड़े करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची में शामिल होने के अधिकार को नागरिक की पहचान से अलग नहीं किया जा सकता। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर राजनीतिक और कानूनी विवाद चल रहा है। लेकिन यहां सावधानी जरूरी है। न्यायमूर्ति भुइयां ने अपने भाषण में सीधे चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया का नाम नहीं लिया था। उनके शब्दों को मौजूदा विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। इसलिए उनकी टिप्पणी का अर्थ निकालते समय यह अंतर बनाए रखना जरूरी है कि एक संवैधानिक सिद्धांत क्या है और किसी खास प्रशासनिक प्रक्रिया पर उसका अनुप्रयोग क्या होगा। फिर भी उनका सवाल मामूली नहीं है। मतदाता सूची लोकतंत्र की वह कागजी बुनियाद है, जिस पर चुनाव का पूरा भवन खड़ा होता है। सूची में नाम है तो नागरिक मतदान केंद्र तक पहुंच सकता है। नाम नहीं है तो संविधान की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसकी आवाज का एक महत्वपूर्ण रास्ता बंद हो जाता है। इसलिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी यह भी है कि किसी वास्तविक मतदाता का नाम हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी, न्यायसंगत और सुधार का अवसर देने वाली हो।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एसआईआर डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के निर्देश, उपायुक्त ने भूसुर मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य का उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार ने बुधवार को भूसुर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 255/256 में निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर चल रहे डिजिटाइजेशन शिविर की स्थिति देखी और अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने बीएलओ और अन्य कर्मियों से प्राप्त गणना प्रपत्रों, दस्तावेजों के सत्यापन और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रपत्रों और संबंधित दस्तावेजों की नियमानुसार जांच के बाद ही मतदाताओं का विवरण दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए।उन्होंने डिजिटाइजेशन के दौरान दर्ज किए जा रहे मतदाताओं के विवरण की सावधानीपूर्वक जांच करने तथा आवश्यक दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। साथ ही, एसआईआर कार्य को समय पर पूरा करने के लिए सभी संबंधित कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा।निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने भूसुर पंचायत में निमार्णाधीन हॉकी स्टेडियम, स्विमिंग पूल, प्रशासनिक भवन, बहुउद्देशीय भवन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, छात्रावास और पुस्तकालय का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कार्य एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, बीएलओ सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

10 को सभी मतदान केन्द्रों पर लगेगा विशेष शिविर युवाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील

लातेहार : विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए जिले में चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य का उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार ने बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने बनवारी साहू महाविद्यालय में चल रहे कार्यों का जायजा लिया और विद्यार्थियों से बातचीत कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी।उपायुक्त ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी पात्र युवाओं को प्रपत्र-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मत महत्वपूर्ण है।इसलिए कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहे, इसके लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाया जाएगा।इसके बाद 12 से 16 अक्टूबर तक भी विशेष शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में मतदाताओं को मतदाता सूची के पुनरीक्षण, आवश्यक प्रपत्र और दस्तावेजों से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। लोगों की सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर डिजिटाइजेशन सह सहायता केन्द्र भी बनाए जा रहे हैं।

उपायुक्त ने बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के दिये निर्देश

लातेहार : उपायुक्त संदीप कुमार ने बुधवार को विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बारिश के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए जरूरी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। समाहरणालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई।उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूरा करने और शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को कहा। उन्होंने विद्युत कार्यपालक अभियंता को बारिश को देखते हुए बिजली व्यवस्था से जुड़े सभी संसाधनों की जांच कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि बिजली के पोल, तार, ट्रांसफार्मर और अन्य विद्युत संरचनाओं में जहां भी खराबी या क्षति है, उसे तत्काल ठीक कराया जाए। जर्जर पोल और क्षतिग्रस्त तारों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने को कहा गया, ताकि बारिश और तेज हवा के दौरान दुर्घटना या बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति से बचा जा सके।

एक झलक

सवारी वाहन और बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़-रांची मुख्य मार्ग पर अपना ढाबा के पास बुधवार को सवारी वाहन और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान केवरकी निवासी असीम टोप्पो और गोदशन किस्पोट्टा के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, सवारी वाहन रांची की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक पर सवार होकर आ रहे दोनों युवकों की अपना ढाबा के पास वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आई।दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए लातेहार रेफर कर दिया।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास के नेतृत्व में एएसआई आनंद कुमार रवि ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे में शामिल सवारी वाहन और बाइक के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि पर लातेहार में श्रद्धांजलि सभा आज

लातेहार : लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को को लातेहार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश सचिव एवं झारखंड आंदोलनकारी नेता मुरली प्रसाद के नेतृत्व में किया जा रहा है। मुरली प्रसाद ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में रामविलास पासवान की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों, पार्टी कार्यकताओं तथा समाज के गणमान्य लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।रामविलास पासवान देश की राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहे और सामाजिक न्याय, समानता तथा विकास के मुद्दों को लेकर अपनी राजनीतिक पहचान बनाई। उन्होंने केंद्र सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक मंच पर प्रमुखता से उठाने के कारण उनकी अलग पहचान बनी। मुरली प्रसाद ने आगे कहा कि रामविलास पासवान के विचार और सामाजिक न्याय के लिए उनका संघर्ष आज भी लोगों को प्रेरणा देता है। उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से उनके योगदान को याद किया जाएगा तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा।

सोहर में पानी-बिजली को तरसे लोग, बोले- समस्या नहीं सुलझी, तो नहीं करेंगे मतदान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

महुआडांड़(लातेहार) : महुआडांड़ प्रखंड के सोहर इलाके में पानी और बिजली की दिक्कत से गांव के लोग काफी परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह परेशानी आज की नहीं, कई साल से चली आ रही है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी गांव की हालत में कोई खास बदलाव नहीं आया। अब ग्रामीणों ने कहा है कि समस्या दूर नहीं हुई तो आने वाले चुनाव में वोट नहीं देंगे।गांव में पानी के लिए जलमीनार तो लगा दी गई, लेकिन कई जलमीनार काफी समय से खराब पड़ी हैं। ऐसे में लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार बनने के बाद लगा था कि अब पानी की परेशानी खत्म हो जाएगी, लेकिन खराब पड़ी मशीनों के कारण आज भी वही हाल है।बिजली को लेकर भी गांव के लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में बिजली पहुंचाने के लिए कई साल पहले पोल गाड़ दिए गए थे। इसके बाद भी घरों में बिजली नहीं पहुंची। लोगों का कहना है कि पोल तो खड़े हैं, लेकिन बिजली कब आएगी, इसका कोई पता नहीं है। शाम होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है।महावीर खेरवार, घहनू कुंवर, केवता लोहरा, रमेश कंवर और भागीरथी खेरवार समेत ग्रामीणों ने खराब जलमीनारों को ठीक कराने और गांव में बिजली पहुंचाने की मांग की है।

वर्षों से तैयार आश्रम विद्यालय, अब तक नहीं शुरू हुई पढ़ाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

महुआडांड़(लातेहार) : महुआडांड़ के बोहटा में बच्चों की शिक्षा के लिए बनाया गया आश्रम विद्यालय वर्षों से तैयार है, लेकिन अब तक यहां पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है। भवन निर्माण पर सरकारी राशि खर्च होने के बाद भी इसका उपयोग नहीं हो पाना व्यवस्था और विभागीय स्तर पर गंभीर सवाल खड़े करता है। विद्यालय परिसर फिलहाल खाली पड़ा है और देखरेख के अभाव में भवन की स्थिति भी धीरे-धीरे खराब हो रही है।ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय शुरू होने से आसपास के बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर सुविधा मिल सकती थी। भवन तैयार होने के बावजूद संचालन नहीं होने से इसका उद्देश्य ही अधूरा रह गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विद्यालय का निर्माण पूरा हो चुका है तो इसके संचालन में अब तक क्या अड़चन है और उसे दूर करने के लिए विभाग की ओर से क्या कदम उठाए गए हैं।

निरीक्षण के बाद भी नहीं बदली स्थिति

मई 2025 में तत्कालीन उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बोहटा स्थित नवनिर्मित आश्रम विद्यालय का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां शुरू नहीं हो सकी हैं।स्थानीय लोगों ने विद्यालय का संचालन जल्द शुरू कराने और भवन की नियमित देखरेख सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सरकारी योजना का लाभ बच्चों तक तभी पहुंचेगा, जब तैयार भवन में विद्यालय का संचालन शुरू होगा। अब देखना है कि प्रशासन इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करता है।

एसआईआर के विरोध में निकला प्रतिवाद मार्च, समाहरणालय गेट पर पुतला दहन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में बुधवार को विभिन्न वामपंथी संगठनों ने प्रतिवाद मार्च निकाला। भाकपा माले, माकपा, छात्र संगठन आइसा और झारखंड जनरल मजदूर यूनियन के संयुक्त नेतृत्व में बाजारटांड़ से निकला मार्च शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए समाहरणालय गेट पहुंचा। यहां प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और सभा कर पुनरीक्षण प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की।मार्च में शामिल कार्यकर्ता विशेष गहन पुनरीक्षण रद्द करने, ईवीएम की जगह मतपत्र से चुनाव कराने, लोकतंत्र पर हमला बंद करने और मतदाता सूची से हटाए गए नामों को दोबारा जोड़ने की मांग को लेकर नारे लगा रहे थे।कार्यक्रम का नेतृत्व भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम, माकपा जिला सचिव अयूब खान, झारखंड जनरल मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष सह भाकपा नेता प्रमोद साहू, आइसा के राज्य कमिटी सदस्य सह जिला प्रभारी नागेंद्र राम और गीता कुमारी ने किया।सभा को संबोधित करते हुए बिरजू राम ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की।

नवोदय विद्यालय में बच्चों ने निभायी ग्राम सभा की भूमिका, पंचायत की प्रक्रिया का किया जीवंत प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार के सांस्कृतिक कला केंद्र में बुधवार को बच्चों के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पंचायत की कार्यप्रणाली और ग्राम सभा की प्रक्रिया को संवाद व भूमिका-अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी गौतम कुमार साहू और जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी थीं। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह और कस्तूरबा गांधी विद्यालय की प्राचार्य पिंकी कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी प्राचार्य सुखराम भगत ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय की ओर से स्वागत संबोधन भी दिया।बच्चों ने ग्राम सभा में पंचायत संचालन की प्रक्रिया को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। अल्मा कुमारी ने सरपंच, अनंत कुमार ने पंचायत सचिव और आशीष तूरी ने उप सरपंच की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने पंचायत की बैठक, निर्णय लेने की प्रक्रिया और जनभागीदारी से जुड़े पहलुओं को अभिनय के जरिए सामने रखा।जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तुति वास्तविक ग्राम सभा की प्रक्रिया जैसी लगी।

महुआडांड़ के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी लगाने की मांग, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील

महुआडांड़(लातेहार) : महुआडांड़ अनुमंडल मुख्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से शास्त्री चौक, रांची मोड़, बिरसा चौक, रामपुर चौक और बस स्टैंड समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर कैमरे लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि इन स्थानों पर दिनभर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सीसीटीवी कैमरे लगने से गतिविधियों पर नजर रखना आसान होगा। सड़क हादसे, चोरी, विवाद या अन्य आपराधिक घटनाओं की स्थिति में कैमरे की रिकॉर्डिंग जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

ट्रक मालिकों की समस्याओं को लेकर एसपी से मिले सांसद बैद्यनाथ राम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : बॉक्साइट परिवहन में लगे ट्रकों के निर्धारित समय और चंदवा में वाहनों को रोके जाने की समस्या को लेकर राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम ने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मुलाकात की। सांसद के नेतृत्व में लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने ट्रक मालिकों और चालकों की समस्याएं एसपी के समक्ष रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने समस्या के व्यावहारिक समाधान की मांग की।सांसद बैद्यनाथ राम ने कहा कि लोहरदगा, गुमला और लातेहार के बड़ी संख्या में लोग ट्रक व्यवसाय से जुड़े हैं और इससे कई परिवारों की आजीविका चलती है। उन्होंने कहा कि ट्रकों के लिए निर्धारित समय में कई बार नो-एंट्री, जाम, बाजार, स्कूल, चेकनाका सहित अन्य कारणों से देरी हो जाती है। ऐसे में समय-सीमा को लेकर व्यावहारिक व्यवस्था जरूरी है।प्रतिनिधिमंडल ने चंदवा थाना प्रभारी पर बॉक्साइट परिवहन में लगे ट्रकों को अनावश्यक रूप से रोकने और चालकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। आवेदन में मंगलवार को नुकैया मोड़ के पास एक ट्रक को रोके जाने तथा चालक के साथ कथित गाली-गलौज, जातिसूचक टिप्पणी और मारपीट की शिकायत की गई। एसोसिएशन के अनुसार ट्रक के आवश्यक कागजात मौजूद थे। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।सांसद ने एसपी से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और ट्रक मालिकों की समस्या का समाधान निकालने का आग्रह किया। एसपी कुमार गौरव ने मामले और संबंधित स्थल को देखने के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

दशहरा को लेकर शहर में एंटी क्राइम चेकिंग तेज, ट्रिपल राइडिंग और बिना हेलमेट वाहन चालकों पर कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : दशहरा पर्व को देखते हुए मेदिनीनगर शहर में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। शहर के छह मुहान चौक समेत विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर पुलिस एवं ट्रैफिक टीम द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं, चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले चालकों को भी पकड़ा जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जा रही है तथा संबंधित चालान जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ), पलामू के यहां भेजे जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से पूर्व में भी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा के अवसर पर मेदिनीनगर में आयोजित हुई सेवा ज्योति यात्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जनसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों को विकसित भारत @2047 के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से आज देशभर में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में पलामू सांसद श्री विष्णु दयाल राम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोग तथा छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन को उत्साहपूर्वक सुना।इस अवसर पर पलामू सांसद श्री विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रसेवा, जनसेवा और सुशासन के प्रति अद्वितीय समर्पण रहा है। उनका जीवन देश के प्रति सेवा, समर्पण और संकल्प का प्रेरणादायी उदाहरण है। सेवा ज्योति यात्रा प्रधानमंत्री जी की सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित भारत @2047 के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है।सांसद श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आज आत्मविश्वास के साथ विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में देश ने विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल सरकार का संकल्प नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से साकार होने वाला राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है।

ओरिएंट पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान, 200 विद्यार्थियों ने ली शपथ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदनीनगर : सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को ओरिएंट पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। उपायुक्त एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में करीब 200 विद्यार्थियों ने यातायात नियमों के पालन की सामूहिक शपथ ली। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग एवं वाहन चलाते समय मोबाइल के इस्तेमाल से बचने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही 'गुड सैमेरिटन' एवं 'हिट एंड रन' कानून की जानकारी देते हुए दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तत्काल मदद करने की अपील की गई। विद्यार्थियों को 'दुर्घटना से पहले अपने अपनों को रोकें-टोकें' का संदेश देते हुए स्वयं सुरक्षित रहने और दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। कार्यक्रम में मोटरयान निरीक्षक नीतीश कुमार गुप्ता, आईटी सहायक डब्लू कुमार यादव, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट मो. अली अंसारी, विद्यालय के निदेशक सुधीर कुमार मेहता सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

एसआईआर को लेकर डीईओ ने किया डिजिटाइजेशन कैम्प का निरीक्षण

बूथवार प्रपत्र-6 के कलेक्शन की ली जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले में चल रहे कार्यों की जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समीक्षा की। उन्होंने चैनपुर प्रखंड कार्यालय एवं बन्दुवा पंचायत भवन में लगाए गए डिजिटाइजेशन कैंप का निरीक्षण कर बूथवार प्राप्त किए गए प्रपत्र-6 की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिन बूथों पर प्रपत्र-6 का कलेक्शन अपेक्षाकृत कम पाया गया, वहां संबंधित कर्मियों से कम कलेक्शन के कारणों की जानकारी ली गई। वहीं, जिन बूथों पर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि संबंधित बूथ क्षेत्र के सभी योग्य नागरिकों से प्रपत्र-6 प्राप्त कर लिया गया है, वहां के बीएलओ एवं सुपरवाइजर को इसकी लिखित पुष्टि देने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके भारतीय युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बूथ क्षेत्र में कोई योग्य मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के अनुरूप ही पूरी की जाए। इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी लेस्लीगंज प्रखंड सभागार पहुंचे और वहां चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने प्रखंड के सोनबर्षा, खैराट एवं गोराडी खास क्षेत्रों में प्रपत्र-6 के कम कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ओबीसी बंदी के बाद कचहरी परिसर में धरना, 27 प्रतिशत आरक्षण समेत जातिगत जनगणना की मांग की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड के आह्वान पर ओबीसी बंदी और मशाल जुलूस की सफलता के बाद बुधवार को स्थानीय कचहरी परिसर में ओबीसी मोर्चा की ओर से धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना के दौरान वक्ताओं ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में पिछड़ी जातियों को नौकरी, राजनीति, पेसा कानून और जनगणना में उचित अधिकार देने की मांग की। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र भी सौंपा गया। धरना को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी और रांची जिले में पिछड़ा वर्ग लंबे समय से अपने अधिकारों से वंचित है। उन्होंने कहा कि जिस समाज की बड़ी आबादी खेती-बारी, मजदूरी और छोटे रोजगार के सहारे जीवनयापन करती है, उसके बच्चों को शिक्षा के बाद भी रोजगार में उचित अवसर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में ओबीसी को एक समान 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। केंद्रीय महासचिव दिलीपनाथ साहू ने कहा कि ओबीसी समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय उसकी आबादी के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर नगर निकाय और विधानसभा-लोकसभा तक पिछड़े वर्ग की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए ठोस व्यवस्था होनी चाहिए।

एक झलक

एनसीसी कैडेट अमन कुमार ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैम्प के लिए अरुणाचल प्रदेश रवाना

चतरा : उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण के एनसीसी कैडेट अमन कुमार राणा का चयन बिहार एवं झारखंड डायरेक्टरेट से 'ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप' के लिए हुआ है। अमन कुमार इस राष्ट्रीय कैंप में हिस्सा लेने के लिए ईटानगर अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना हो चुके हैं। बुधवार को विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर सह शिक्षक दीपक कुमार, कैडेट अमन को लेकर हजारीबाग पहुँचे, जहाँ से अन्य एनसीसी अधिकारियों एवं टीम के साथ उन्हें ईटानगर के लिए रवाना किया गया। यह ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप 10 अक्टूबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से चुने हुए एनसीसी कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन के दौरान कैडेट्स को अनुशासन, फायरिंग तथा अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख सांस्कृतिक एवं दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस शानदार उपलब्धि पर चतरा जिला की जिला शिक्षा पदाधिकारी कंचन कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, प्रधानाध्यापक विकास कुमार केसरी तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों ने कैडेट अमन कुमार राणा और एनसीसी ऑफिसर दीपक कुमार को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

महिला का वीडियो बनानेवाले आरोपी को कोर्ट से मिली जमानत

डंडई/गढवा : बाथरूम में स्नान कर रही कथीत एक महिला का वीडियो बनाने मामले में आरोपी नीरज उर्फ गुरु को व्यवहार न्यायालय गढ़वा से जमानत मील गई है। जमानत मिलने के बाद जहाँ आरोपी ने राहत की सांस लिया है वही उसके माता–पिता व अन्य परिजन भी काफी खुश नजर आने लगे हैं । जबकि इससे पहले आरोपी पुलिस की दबीस के कारण इधर–उधर भटकते चल रहा था जिससे उसके परिजन भी काफी परेशान रह रहे थे । मुकदमा का पैरवी कर रहे अधिवक्ता ओम बाबू ने बताया कि केस का नकल पढ़ने के बाद से ही पूरी तरह लग रहा था कि इसमें कोई जान नहीं है बावजुद आरोपी का न्यायालय से जमानत लेना जरूरी था ।उन्होंने कहा की जमानत के लिए जैसे ही मैं अपनी बात माननीय न्यायालय के न्यायाधीश के पास रखा वैसे ही आरोपी को जमानत देने के लिए उन्होंने हामी भर दी ।

दुर्गा पूजा-2026 को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

शांति और सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : बिरसा सांस्कृतिक भवन में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में दुगार्पूजा-2026 के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन तथा विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुगार्पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा, विसर्जन व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा बुनियादी सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समिति के समक्ष रखा। इनमें पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सड़क मरम्मत, पंडालों तक पहुंचने वाले मार्गों की व्यवस्था, विसर्जन घाटों की तैयारी, प्रकाश व्यवस्था, सोशल मीडिया निगरानी, चिकित्सा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा गोताखोरों की उपलब्धता आदि प्रमुख विषय रहे। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी पूजा समितियों से जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पर्व को आपसी भाईचारे एवं सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उपायुक्त ने सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं तथा उनकी निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था की जाए। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पंडाल में प्रवेश एवं निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए जाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंडालों के आसपास वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त स्थान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के अनुश्रवण के लिए पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति की जाए। सभी वॉलेंटियर्स को पहचान पत्र एवं निर्धारित ड्रेस कोड उपलब्ध कराया जाए। वॉलेंटियर्स की सूची संबंधित थानों में भी उपलब्ध रहे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे समन्वय स्थापित किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी घटना की सूचना मिलने अथवा किसी प्रकार के गलत या भ्रामक संदेश के प्रसारित होने की स्थिति में लोग स्वयं उसे आगे प्रसारित न करें, बल्कि इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी को दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर निगरानी करने का निर्देश दिया।

धरातल पर उतरने से पहले ही वीबी-जी रामजी योजना में कमीशनखोरी के आरोप

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डंडई/गढवा : डंडई प्रखंड में वीबी-जी रामजी योजना की योजनाएं अभी धरातल पर उतरी भी नहीं हैं कि इससे पहले ही योजना की स्वीकृति और वर्क कोडिंग की प्रक्रिया को लेकर कमीशन मांगने के आरोप सामने आने लगे हैं। प्रखंड क्षेत्र में योजना के क्रियान्वयन की शुरूआती प्रक्रिया के दौरान ही इस तरह के आरोप लगने से सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।बताया जाता है कि प्रखंड में विबी-जी रामजी योजना के तहत योजनाओं की स्वीकृति और वर्क कोडिंग की प्रक्रिया के साथ ही इसके क्रियान्वयन की तैयारी शुरू की गई है। इसी बीच नाम नहीं छापने की शर्त पर टीसीबी (ट्रेंच कम बंड) योजना से जुड़े प्रखंड क्षेत्र के कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ पंचायतों में टीसीबी योजना की स्वीकृति दी गई है । योजना स्वीकृती के दौरान ही उनसे प्रति योजना 10 हजार रुपये की मांग की जाने लगी। आरोप लगाने वाले लोगों का कहना है कि जब योजना का काम अभी जमीन पर शुरू भी नहीं हुआ है, तब शुरूआती प्रक्रिया में ही कमीशन की मांग किया जाना गंभीर मामला है।आरोप लगाने वाले लोगों के अनुसार, टीसीबी योजना की प्राक्कलित राशि लगभग 50 हजार रुपये के आसपास है। ऐसे में प्रति योजना 10 हजार रुपये की कथित मांग कुल प्राक्कलित राशि का करीब 20 प्रतिशत हो जाता है। उनका कहना है कि यदि योजना की स्वीकृति के दौरान ही इतनी बड़ी राशि की मांग की जाती है, तो काम पूरा होने तक लाभुक या योजना से जुड़े लोगों पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है।

17 से 21 नवम्बर तक यदूटांड़ स्थित गोशाला परिसर में होगा आयोजन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर कवि सम्मेलन तक होंगे आकर्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरीतिलैया : आठ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर यदूटांड स्थित श्री कोडरमा गौशाला समिति परिसर में मेले की रौनक देखने को मिलेगी। गोपाष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाले इस पांच दिवसीय मेले को लेकर समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेले में बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ मनोरंजन और साहित्यिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इससे गोपाष्टमी मेला धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा।श्री कोडरमा गौशाला समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक मंगलवार, 6 अक्टूबर को अग्रसेन भवन, झुमरीतिलैया में हुई। बैठक की शुरूआत गायत्री वंदना से हुई, जिसके बाद अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई तथा आगामी गोपाष्टमी मेला 2026 के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

17 से 21 नवम्बर तक पांच दिवसीय मेला

बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 नवंबर से 21 नवंबर 2026 तक पांच दिवसीय गौशाला मेला आयोजित किया जाएगा। मेला यदूटांड स्थित श्री कोडरमा गौशाला समिति परिसर में लगेगा। आठ वर्षों के बाद होने वाले इस आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों में विशेष उत्साह है। मेले को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

स्कूली बच्चों को मिलेगा प्रतिभा प्रदर्शन का मंच

मेले के दौरान स्कूली बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और गायन प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल हैं।

चेन्नई रेलवे स्टेशन से चतरा का युवक लापता, काम पसंद नहीं आने पर लौट रहा था घर

चतरा : चतरा जिले के वशिष्ठनगर (जोरी) थाना क्षेत्र के बानसिंग गांव निवासी चेतलाल साव का पुत्र भीम कुमार प्रसाद चेन्नई रेलवे स्टेशन से लापता हो गया है। परिजनों के अनुसार, भीम करीब चार दिन पहले काम की तलाश में चेन्नई गया था। वहां काम पसंद नहीं आने के बाद वह वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान चेन्नई रेलवे स्टेशन से उसका संपर्क परिजनों से टूट गया। बताया गया कि मंगलवार से भीम कुमार प्रसाद का कोई पता नहीं चल पा रहा है। परिजन लगातार उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बात नहीं हो पा रही है। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसके लापता होने की जानकारी दी है। परिजनों ने बताया कि भीम काम की तलाश में चेन्नई गया था। काम पसंद नहीं आने के कारण उसने घर वापस लौटने का निर्णय लिया था। वह चेन्नई रेलवे स्टेशन पहुंचा था, लेकिन इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला है। परिवार के लोग उसकी तलाश को लेकर चिंतित हैं और रेलवे स्टेशन समेत संभावित स्थानों पर उसकी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।

अनुबंध खत्म होते ही बेरोजगार हुए चतरा के 248 सहायक पुलिसकर्मी, मानदेय भुगतान को लेकर भी बढ़ी चिन्ता

- नौ साल की सेवा के बाद ड्यूटी से हटे सहायक पुलिसकर्मी संघ ने कहा- मांगें नहीं मानीं, तो होगा आन्दोलन
- हेमन्त कैबिनेट के फैसले पर टिकीं जवानों की निगाहें बकाया मानदेय भुगतान को लेकर एसपी से गुहार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : संघ के चतरा जिला अध्यक्ष उज्जवल सिंह ने कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों ने पिछले नौ वर्षों में कानून-व्यवस्था, नक्सल अभियान, चुनाव, ट्रैफिक व्यवस्था और पर्व-त्योहारों के दौरान लगातार ड्यूटी की है। इसके बावजूद अनुबंध समाप्त होने के बाद उन्हें सेवा से बाहर बैठना पड़ा है। उन्होंने कहा कि संघ की मांग है कि स्थायी निर्णय होने तक किसी भी सहायक पुलिसकर्मी को सेवा से नहीं हटाया जाए। जिलाध्यक्ष ने सरकार से अनुबंध का अविलंब नवीनीकरण, नौ वर्षों की सेवा को देखते हुए नियमितीकरण अथवा झारखंड पुलिस में समायोजन, समान कार्य के लिए समान वेतन, वर्दी भत्ता, चिकित्सा सुविधा और अनुकंपा का लाभ देने की मांग दोहराई है।

बकाया मानदेय को लेकर भी नाराजगी

जिला अध्यक्ष ने बताया कि चतरा के सहायक पुलिसकर्मियों को अगस्त और सितंबर माह का मानदेय अब तक नहीं मिला है। उन्होंने पुलिस के अकाउंट विभाग पर भुगतान में लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसपी अनिमेष नैथानी से हस्तक्षेप कर शीघ्र बकाया भुगतान कराने की मांग की है। उज्जवल सिंह ने कहा कि यदि जल्द मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो संघ समाहरणालय का घेराव करने को बाध्य होगा। उन्होंने बताया कि राज्य संघ के आह्वान पर आगे रांची में भी आंदोलन किया जा सकता है। वहीं, आज होने वाली हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट बैठक को लेकर सहायक पुलिसकर्मियों की निगाहें सरकार के संभावित निर्णय पर टिकी हैं।

11 से शुरू होगा शारदीय नवरात्र, हाथी पर सवार होकर आयेंगी मां दुर्गा

- घटस्थापना का अभिजित मुहूर्त 11:37 से 12:24 बजे तक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : शक्ति आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि इस वर्ष 11 अक्टूबर रविवार से शुरू होगा। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा के साथ कलश स्थापना की जाएगी। पं कुन्तलेश पाण्डेय के अनुसार प्रतिपदा तिथि 10 अक्टूबर की रात 9:19 बजे से 11 अक्टूबर की रात 9:30 बजे तक रहेगी। घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:08 बजे से 10:03 बजे तक है। वहीं अभिजित मुहूर्त 11:37 से 12:24 बजे तक रहेगा। नवरात्रि में मां ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा होगी। 21 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी। पं कुन्तलेश पाण्डेय ने बताया कि इस बात माता का आगमन रविवार से शुरू होने के कारण मां दुर्गा का वाहन हाथी माना गया है। हाथी पर माता का आगमन अच्छी वर्षा का संकेत माना जाता है। जबकि विदाई भी हाथी पर होने कारण शुभ माना जाता है। घटस्थापना में मिट्टी के पात्र में जौ बोने, कलश में जल, सुपारी, सिक्का और आम या अशोक के पत्ते रखने तथा नारियल पर लाल चुनरी चढ़ाने की परंपरा है। श्रद्धालु नौ दिनों तक नियमित पूजा, मंत्र-जप, दुर्गा सप्तशती पाठ और साधना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना से शक्ति, भक्ति, मानसिक बल और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

उपायुक्त के नाम व फोटो का दुरुपयोग कर संचालित कथित फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट से सावधान रहें

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : जिला प्रशासन, चतरा के संज्ञान में आया है कि उपायुक्त, चतरा रवि आनंद के नाम एवं फोटो का उपयोग कर एक कथित फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट संचालित किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया उक्त अकाउंट उपायुक्त अथवा जिला प्रशासन का आधिकारिक व्हाट्सएप अकाउंट प्रतीत नहीं होता। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील किया है कि ऐसे किसी भी संदिग्ध व्हाट्सएप नंबर, सोशल मीडिया अकाउंट अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त संदेश, कॉल, आर्थिक लेन-देन या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने संबंधी किसी अनुरोध पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें। यदि किसी व्यक्ति को उपायुक्त के नाम अथवा फोटो का उपयोग कर संचालित किसी संदिग्ध अकाउंट से संदेश, कॉल अथवा अन्य गतिविधि प्राप्त होती है, तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय थाना अथवा जिला प्रशासन को दें, ताकि आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि आधिकारिक सूचनाएं, निर्देश एवं जनहित से संबंधित जानकारी केवल अधिकृत प्रशासनिक माध्यमों एवं आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही प्रसारित की जाती हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से साइबर ठगी एवं फर्जी सोशल मीडिया/मैसेजिंग अकाउंट के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित प्राधिकार को देने की अपील की है।

AFFIDAVIT

sarita kimari w/o Dewlal mahto, resident of sirka po Maheshpur Angara, Ranchi, 835 103, Dist, Ranchi, Jharkhand do hereby solemnly affirmand declare as followss

1. That Jiya Mahto D/o Dewlal Mahto is my Daughter's,having her correct name,

2. That my said daughter's name has also bein inserted in her Aadhar card as Jiya Kumari, in place of Jiya Mahto her date of birth is 12/04/2018.

3. That it is necessary to correct her name in her Aadhar card like this From Jiya Kumari to Jiya Mahto

4.That this affidavit is being sworn by me for carrecting her name in her aadhar card, and also Paper/Newspaper/Gazette publication in this respect, Hance it is necessary to take oath hence this.

Affidavit No.8820
Dated:- 06/10/2026
Place:- Ranchi

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची

अति अल्पकालीन ईप्रोक्यॉमेंट नोटिस
(द्वितीय आमंत्रण)

ई–निविदा आमंत्रण संख्या–DWSD/HEADWORKS/-06 /2026–27 (ii)
दिनांकः–07.10.2026

प्रथम आमंत्रण–P.R No. 387622 Drinking water & Sanitation (26-27)#D

1	कार्य का नाम	Renovation of One Number Filter Bed No.-08 and etc. allied work New W.T.P. at Rukka Under D.W. S. Swarnrekha Headworks Division, Ranchi.
2	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	30,30,856.00 लाख (तीस लाख तीस हजार आठ सौ छप्पन रूपये) मात्र।
3	अग्रधन की राशि (रूपये में)	60,700.00 (साठ हजार सात सौ रूपये) मात्र।
4	कार्य समाप्ति की अवधि	02 माह
5	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	5,000.00 (पाँच हजार)।
6	बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एव समय	15.10.2026 को अपराह्न 05:00 बजे
7	निविदा के पूर्व बैठक की तिथि	———
8	बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	22.10.2026 को अपराह्न 04:00 बजे तक।
9	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	23.10.2026 को अपराह्न 05:00 बजे ।
10	विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।
11	जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।
12	प्रोक्यॉरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0	7541824824 E-Mail ID:- eedwsd.headworks@gmail.com
13	ईप्रोक्यॉरमेंट सेल का सहायता केन्द्र सं0	0651–2480345

नोटः–1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नैंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी।
4. केवल ई निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
5. विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाइट http://jharkandtenders.gov.in पर देखें।
6. निविदा बिना कारण बताये कभी भी संशोधित या रद्द किया जा सकता है।
7. राज्य सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
8. उपरोक्त कार्य पर Jharkhand Procurement Policy लागू होगी।
9. विभागीय पत्रांक 1410 दिनांक 10.06.2026 मध्यस्थता एवं ई–बीजी संबंधी निर्गत अधिसूचना का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें।

–ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची

PR 391274 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)

सेवा व समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने पर गुमला में निकली सेवा ज्योति यात्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 25 वर्ष की सेवा पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को गुमला में भाजपा कार्यकताओं ने सेवा ज्योति यात्रा निकाली। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से भाजपा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथ में मशाल लेकर कार्यकताओं ने देशहित और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गुमला स्थित पर्यटक भवन में हुई। यहां भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालने से लेकर लगातार 25 वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में सेवा का अवसर मिलने के लिए देश की जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सेवा का अवसर जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से मिला है और इसके लिए वह जनता को झुककर नमन करते हैं।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा और राज्यसभा के माध्यम से जनता ने उन्हें देश की सेवा करने का अवसर दिया है।

नेशनल एंटरप्रेन्योर चैलेंज जूनियर में सेक्रेड हार्ट के विद्यार्थियों ने दिखायी उद्यमिता की चमक

स्टार्टअप पिच और पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : किताबों में पढ़े विचारों को अपने हुनर, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ वास्तविक दुनिया के समाधान में बदलने का जज्बा सेक्रेड हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों में देखने को मिला। नेशनल एंटरप्रेन्योर चैलेंज जूनियर 2.0, इ-सेल, आईआईटी मुंबई के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी उद्यमशील सोच और रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। एनईसी जूनियर के तहत विद्यार्थियों ने स्टार्टअप पिच प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। स्टार्टअप पिच प्रतियोगिता में मिडिल एवं सीनियर स्कूल के कुल 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, तकनीक, डिजिटल सेवाओं, प्लास्टिक अपशिष्ट के पुनर्चक्रण, शहरी विकास और आधुनिक तकनीकी समाधान जैसे विषयों पर अपने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। कई विद्यार्थियों ने अपने विचारों को बिजनेस मॉडल, प्रोटोटाइप और प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से सामने रखा। विद्यालय की विशेष प्रार्थना सभा में इन प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को IIT Bombay द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर उनकी मेहनत और प्रतिभा की सराहना की। इस दौरान पूरी सभा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी।

खाद्य नियमों के उल्लंघन पर लाइसेंस निरस्त करने की होगी सख़्त कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिसई : दुगार्पूजा एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और बाजार में शुद्ध व मिलावटमुक्त खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने सिसई प्रखंड में सघन जांच अभियान चलाया। अपर मुख्य सचिव - खाद्य सुरक्षा आयुक्त के सख्त निर्देशों और मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) गुमला के निर्देश पर हुई इस औचक कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों और होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। अभियान का संयुक्त नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर, आशा राज और तंबाकू निषेध पदाधिकारी वंदना स्मिता होरो ने किया। जांच टीम ने मेसर्स श्री बाबा दाल मिल, मेसर्स मो. इरमान किराना, मेसर्स अबुल किराना स्टोर, मेसर्स कृष्णा होटल तथा मेसर्स अंजलि स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मेसर्स अंजलि स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से कलाकंद व पनीर तथा मेसर्स श्री बाबा दाल मिल से मसूर दाल के नमूने एकत्र कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य खाद्य सुरक्षा लैब भेजे गए। अधिकारियों ने बताया कि लैब रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोटपा एक्ट व FSSAI के तहत जुर्माना

निरीक्षण के क्रम में तंबाकू नियंत्रण नियमों की अनदेखी पाए जाने पर तंबाकू निषेध पदाधिकारी की मौजूदगी में 2 दुकानों पर कोटपा एक्ट के तहत 1,000 का चालान काटकर अर्थदंड वसूला गया। वहीं, मो. मेसर्स इरमान की दुकान, मेसर्स अबुल किराना स्टोर और मेसर्स कृष्णा होटल में साफ-सफाई की भारी कमी तथा एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत जुमार्ना लगाया जाएगा। जांच टीम ने निर्देश दिया कि सभी होटलों, ठेलों एवं खोमचों में काम करने वाले कर्मचारी अनिवार्य रूप से एप्रन, ग्लव्स और हेडगियर (सिर ढकने वाली टोपी) का प्रयोग करें। साथ ही खाद्य सामग्री परोसने या लपेटने के लिए अखबार (न्यूज पेपर) और मिलावट अथवा छोले या चाट के लिए अखाद्य रंगों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सख्त हिदायत दी गई। अधिकारियों ने दो टूक कहा कि ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित संचालक के खिलाफ तत्काल खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई होगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि होटल, ठेले एवं खोमचे पर बिकने वाले सभी गोलगप्पा विक्रेता खाद्य सामग्री तैयार करने और ग्राहकों को पिलाने के लिए केवल प्रमाणित आरओ प्लांट के शुद्ध पानी का ही उपयोग करें।

अंचल अधिकारी का कार्यालय,अरगोड़ा,रॉंची
(coargora-ranchi@jharkhandmail.gov.in)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 (SIR) के अंतर्गत दिनांक–10/10/2026 को सभी संबंधित मतदान केन्द्रों पर मेगा हेल्प डेस्क शिविर का आयोजन किया जाना है।

शिविर में निम्नलिखित कार्यों के लिए सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगाः–

1. मतदाता सूची में नाम जोड़नाः–18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के पात्र नागरिकों, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, को प्रपत्र–6 भरने में सहायता।
2. छूटे हुए प्रवासी मतदाताओं का पंजीकरणः–ऐसे पात्र नागरिक, जिनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका है, उनके प्रपत्र–6 प्राप्त करना।
3. मतदाता सूची में त्रुटि सुधारः–नाम अथवा अन्य प्रविष्टियों में सुधार हेतु प्रपत्र–8 भरने में सहायता।
4. नोटिस से संबंधित सहायताः– SIR-2026 के दौरान मैपिंग नहीं होने अथवा विवरण में विसंगति के कारण प्राप्त नोटिस का जवाब एवं संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन।
5. दस्तावेज उपलब्ध न होने की स्थिति में मार्गदर्शनः–अपने अथवा माता–पिता के जन्मस्थान एवं अन्य अपेक्षित विवरणों से संबंधित जानकारी या दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर आवश्यक सहायता।

अतः संबंधित नागरिकों से अनुरोध है कि प्राप्त नोटिस, उपलब्ध दस्तावेज क्रमशः मैट्रिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, संस्थागत् आईकार्ड, पासपोर्ट, निवास/जाति/आय प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, बिजली बिल, गैस कनेक्शन, ड्राईवींग लाईसेंस, विगत SIR 2003 से संबंधित जानकारी इत्यादी साथ लेकर शिविर में उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए अपने मतदान केन्द्र के बूथ स्तरीय पदाधिकारी (BLO) से संपर्क करें।

सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी
64–हटिया–सह–अंचल अधिकारी,
अरगोड़ा रॉंची

PR 391237 District(26-27).D

एक झलक

मुख्य चुनाव आयुक्त समेत पीएम व गृहमंत्री का पुतला फूंका

दरभंगा : दरभंगा जिले के विभिन्न प्रखंडों में बुधवार चुनाव आयुक्त के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत महागठबंधन के आह्वान पर सोमवार को मनीगाछी एवं तारडीह प्रखंड मुख्यालयों पर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। मनीगाछी में राजद प्रखंड अध्यक्ष मो. अलकमा के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मनीगाछी एवं नेहरा थानाध्यक्ष क्रमशः रंजीत कुमार सिंह और मोती कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं, तारडीह प्रखंड मुख्यालय पर भी प्रदर्शन को लेकर प्रशासन चौकस रहा। सकतपुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा बंदोबस्त किया था। प्रदर्शन में प्रखंड प्रमुख पवन कुमार यादव, जिला पार्षद ललित पासवान, मनोज चौधरी, रामलखन यादव, मो. इम्तियाज सहित महागठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की।

दुर्गापूजा में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, पंडालों में सीसीटीवी अनिवार्य

दरभंगा : दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय के डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में विधि-व्यवस्था, यातायात, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, प्रकाश, अग्नि सुरक्षा, स्वास्थ्य, मूर्ति विसर्जन एवं पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पूजा स्थलों एवं शहर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पहुंच पथ और नागरिक सुविधाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में पूजा पंडालों में किसी राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी से संबंधित पोस्टर, बैनर या प्रचार सामग्री नहीं लगाई जाएगी।

विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी से साकार करने का आह्वान

दरभंगा : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा से राष्ट्रसेवा की 25 वर्षों की यात्रा के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा जिला दरभंगा की ओर से ओझौल स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विकसित भारत संकल्प सभा सह सेवा ज्योति कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी अभयानंद झा ने की, जबकि संयोजन युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश महासेठ ने किया। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह बेनीपट्टी विधायक विनोद नारायण झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष जनसेवा, राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के प्रति समर्पण की यात्रा है। उन्होंने कहा कि विकास को केवल सरकार की जिम्मेदारी न मानकर जनभागीदारी का अभियान बनाया गया है।

सीएचसी की बदली तस्वीर : एक्स-रे सेवा शुरू, राजू श्रीवास्तव की पहल लायी रंग

उपायुक्त को आवेदन देकर उठायी थी आवाज

■ अब मरीजों को एक्स-रे जांच के लिए नहीं लगानी पड़ेगी बाहर की दौड़

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णुगढ़ में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार एक्स-रे सेवा शुरू हो गई। इससे विष्णुगढ़ प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत मिली है। अब एक्स-रे जांच के लिए मरीजों को निजी जांच केंद्रों अथवा दूसरे अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। सीएचसी में ही आवश्यक एक्स-रे जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। सीएचसी में एक्स-रे सेवा शुरू होने से दुर्घटना में घायल मरीजों, हड्डी संबंधी बीमारी से जूझ रहे लोगों तथा चिकित्सकीय जांच की आवश्यकता वाले अन्य मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा। पहले एक्स-रे जांच के लिए बाहर जाना पड़ता था, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को अतिरिक्त समय, आने-जाने के खर्च और निजी जांच की फीस का बोझ उठाना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर सुविधा मिलने से इन परेशानियों से राहत मिलेगी। मशीन उपलब्ध होने के बावजूद एक्स-रे सेवा शुरू नहीं होने का मामला भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी राजू श्रीवास्तव ने जोरदार ढंग से उठाया था। उन्होंने ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे सेवा शुरू कराने की मांग को लेकर हजारीबाग उपायुक्त को आवेदन दिया था। आवेदन के माध्यम से उन्होंने जिला प्रशासन से मामले में आवश्यक पहल करते हुए एक्स-रे जांच सेवा शीघ्र शुरू कराने का आग्रह किया था। राजू श्रीवास्तव ने कहा कि विष्णुगढ़ जैसे बड़े प्रखंड की बड़ी आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है। ऐसे में एक्स-रे जैसी जरूरी जांच के लिए मरीजों को बाहर भेजना परेशानी के साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ाता था। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध संसाधनों का पूरा लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध रहनी चाहिए। एक्स-रे सेवा शुरू होने से विष्णुगढ़ के अलावा आसपास के गांवों के मरीज भी लाभान्वित होंगे। विशेषकर आपात स्थिति में मरीजों की जांच स्थानीय स्तर पर होने से उपचार की प्रक्रिया में भी तेजी आने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने सीएचसी में एक्स-रे सेवा शुरू होने पर खुशी जताई है। लोगों ने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उम्मीद जताई कि एक्स-रे सेवा नियमित रूप से संचालित होगी और आने वाले दिनों में सीएचसी में अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं भी बेहतर होंगी।

विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ा हजारों कार्यकर्ताओं का सैलाब

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग जिला द्वारा बुधवार को कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग स्टेडियम में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा हजारीबाग जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की तथा कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जय नारायण कुशवाहा ने की। कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के विभिन्न मंडलों, प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे और विकसित भारत के संकल्प के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा का उल्लेख करते हुए देशवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने सार्वजनिक जीवन का आधार बताते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास और जनभागीदारी का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत-2047 के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी।

प्रोजेक्ट समर्थ शिविर में बिरहोर परिवारों को योजनाओं का लाभ

जर्जर सड़क पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : मसरीडीह स्थित पंचायत भवन साड़म में बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से पीवीटीजी एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। बिरहोर समुदाय पीवीटीजी वर्ग में शामिल है। इसी समुदाय के परिवारों को सरकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाद उपायुक्त ऋतुराज बिरहोर कॉलोनी पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सड़क, आवास और रोशनी की व्यवस्था का जायजा लिया तथा इन सुविधाओं को बेहतर करने के लिए आवश्यक पहल और चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कॉलोनी के बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण भी किया गया। प्रशासन की इस पहल से बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने और कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएँ मजबूत करने पर जोर स्पष्ट दिखा। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के दौरान उपायुक्त को जर्जर सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने गोला क्षेत्र की बदहाल सड़कों की स्थिति को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि वर्षों से सड़क की समस्या झेल रहे लोगों को अब स्थायी समाधान चाहिए। वहीं, कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था को लेकर भी कुछ ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। ग्रामीणों का कहना था कि सामुदायिक कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था सभी उपस्थित लोगों को ध्यान में रखकर होनी चाहिए। हालांकि, कुछ ग्रामीणों द्वारा भोजन कर लिए जाने की बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सुधा वर्मा, अंचलाधिकारी सीताराम महतो, विधायक प्रतिनिधि मनोज पुजहर, कमलेश कुमार महतो, गौरीशंकर महतो, पंचायत समिति सदस्य लालदेव महतो, मुखिया, पंचायत सेवक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी मौजूद रहे।

लारी में जेएलकेएम का जनता दरबार, उप स्वास्थ्य केन्द्र चालू कराने की मांग

■ लारी के ग्रामीणों की मांग पर जेएलकेएम गम्भीर, उप स्वास्थ्य केन्द्र चालू कराने को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष की तैयारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रतिनिधिमंडल द्वारा बुधवार को रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत लारी में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता जेएलकेएम जिला उपाध्यक्ष पिंटू कुमार ने की, जबकि संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य तपन कुमार महतो ने किया। जनता दरबार में ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को प्रतिनिधिमंडल के समक्ष रखा। मुख्य रूप से ग्रामीणों ने लारी में पूर्व से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र को अविलंब चालू कराकर स्वास्थ्य सेवा बहाल करने की माँग की। ग्रामीणों ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के चालू होने से लारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी तथा छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान जेएलकेएम जिला प्रवक्ता पांडव कुमार महतो ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र में सेवा बहाल कराने के लिए पार्टी जल्द ही संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा पूर्व में भी संबंधित पदाधिकारियों को लिखित रूप से इसकी सूचना दी जा चुकी है। इसके बावजूद यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो सड़क से सदन तक आंदोलन की रूपरेखा तय कर जनहित में आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। वर्षों से निर्मित स्वास्थ्य केंद्र का उपयोग नहीं होना ग्रामीणों के हित के साथ न्याय नहीं है। जनता दरबार में जिला सचिव अमरदीप चौधरी, गोला प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से निशा देवी, पूनम कुमारी, रूबी देवी, संजू देवी, बिना देवी, अन्नू देवी, रजनी देवी, वीणा देवी, सालखों देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। उक्त जानकारी केंद्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने दी।

अनुशासनहीनता के आरोप में पुलिस पदाधिकारी निलम्बित

एजेंसी

पश्चिम चम्पारण : पुलिस अधीक्षक, बगहा ने ड्यूटी में लापरवाही, अनुशासनहीनता और मनमाने आचरण के मामलों में दो पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। भितहा थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक (सअनि) राजकुमार राम को ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में रहने, अनुशासनहीन व्यवहार करने, थाना की गोपनीयता भंग करने तथा पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में राजकुमार राम को सामान्य जीवनयापन भत्ता देय होगा तथा उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, बगहा निर्धारित किया गया है। उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया है।वहीं, गोवर्धना थाना से संबंधित एक मामले में शिकायत एवं उपलब्ध तथ्यों की समीक्षा के बाद पुलिस अधीक्षक ने गोवर्धना थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक जितेन्द्र कुमार राय के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। मामला गोवर्धना थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी एक आवेदक द्वारा लकड़ी काटने को लेकर उत्पन्न विवाद से संबंधित था। आरोप है कि संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने बिना किसी वरीय पदाधिकारी की अनुमति अथवा समुचित जांच के विवादित लकड़ी को 10 सितंबर 2026 को एक पक्ष के प्रभाव में आकर उसे सौंप दिया। मामले में उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन प्राप्त जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

एचजेडबी आरोग्यम कुणाल वूमेन एंड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर दिया परामर्श

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : इमली कोठी स्थित एचजेडबी आरोग्यम कुणाल वूमेन एंड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 100 लोगों ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया। शिविर में महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, बच्चों, नवजात शिशुओं और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान मरीजों को जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. कुमारी और डॉ. रीमा वर्मा ने महिलाओं तथा गर्भवती महिलाओं की जांच कर गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों, स्त्री रोग संबंधी समस्याओं और प्रसव से जुड़े विषयों पर चिकित्सकीय सलाह दी। वहीं, बाल एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ. डी.के. गुप्ता ने बच्चों और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने बच्चों के विकास, सामान्य स्वास्थ्य और नवजात शिशुओं की उचित देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां अभिभावकों को दीं। जनरल फिजिशियन डॉ. पल्लवी ने भी मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। मरीजों की स्थिति के अनुसार उन्हें आगे की जांच और उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी डायग्नोस्टिक जांच पर 20 प्रतिशत और दवाइयों पर 10 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की गई। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक सहज और सुलभ तरीके से पहुंचाना अस्पताल की प्राथमिकताओं में शामिल है।

डीडीसी ने कदमहा पंचायत में विकास योजनाओं का लिया जायजा

एजेंसी

सुपौल : उप विकास आयुक्त इन्द्रवीर कुमार ने बुधवार को मरौना प्रखंड की कदमहा पंचायत में विभिन्न विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रहे विकास कार्यों और कायाकल्प अभियान के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने पंचायत में कराए जा रहे ईंट सोलिंग, पीसीसी सड़क सहित अन्य विकास कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली और स्थानीय लोगों से भी योजनाओं के संबंध में पूछताछ की। स्थानीय लोगों से कार्य की गुणवत्ता और उपयोगिता के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। कायाकल्प अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय गिरमोहन टोला में निमार्णाधीन चारदीवारी का भी उप विकास आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

जगदीश और शत्रुघ्न ने अंतरराष्ट्रीय हठ योग एवं कर्म योग कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा कर बढ़ाया झारखण्ड का मान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : बिहार स्कूल ऑफ योग द्वारा मुंगेर स्थित गंगा दर्शन विश्व योग पीठ में आयोजित नौ दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के हठ योग एवं कर्म योग कोर्स को रांची के जगदीश सिंह और रामगढ़ के शत्रुघ्न कुमार ने सफलतापूर्वक पूर्ण कर झारखंड का गौरव बढ़ाया है। 28 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के साथ-साथ अमेरिका, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, कनाडा, मलेशिया, मकाऊ, बुल्गारिया, वियतनाम, मैक्सिको और स्पेन सहित कई देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न देशों और राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच आयोजित इस प्रशिक्षण ने योग की वैश्विक स्वीकार्यता और भारतीय योग परंपरा के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को भी प्रदर्शित किया। प्रशिक्षण के दौरान दोनों को हठ योग एवं कर्म योग के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं की गहन जानकारी प्राप्त हुई। जगदीश सिंह और शत्रुघ्न कुमार ने बताया कि नौ दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान उन्हें योग साधना, अभ्यास, अनुशासन और योग के जीवनोपयोगी पक्षों से जुड़ी कई नई एवं महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। विभिन्न देशों से आए योग साधकों के साथ विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान भी उनके लिए विशेष सीखने का अवसर रहा।

सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान 2026 के तहत आज रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक गिरीश कुमार राठौर ने किया। शिविर में कुल 108 स्वयंसेवकों ने रक्तदान के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य जाँच के दौरान कम हीमोग्लोबिन, रक्तचाप एवं अन्य चिकित्सकीय कारणों से 72 स्वयंसेवक रक्तदान के लिए पात्र नहीं पाए गए। जाँच के उपरांत कुल 36 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में पार्टनर ब्लड बैंक के रूप में सदर अस्पताल, रामगढ़ के ब्लड बैंक का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक गिरीश कुमार राठौर ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा इस प्रकार के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन आगे भी निरंतर किया जाएगा।ह्व उन्होंने रक्तदान के लिए आगे आए सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सेवई उत्तरी के मुखिया कुलदीप सिंह, सेवई दक्षिणी की मुखिया किरण देवी तथा मुस्कुराहटें संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी (मा. सं.) रामानुज प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (वि.या.) अनुप डुंगडुंग, प्रबंधक (पर्यावरण) विवेक द्विवेदी, डॉ. विवेक रंजन, डॉ. दीपाली बिशेन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में मुस्कुराहटें संस्था ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। रक्तदान शिविर में रक्त संग्रह सदर अस्पताल रामगढ़ के ब्लड बैंक द्वारा किया गया। शिविर के माध्यम से कर्मचारियों एवं स्थानीय समुदाय के बीच स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

एक कार्यकर्ता से विश्व के लोकप्रिय नेतृत्व तक; नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा : बाबूलाल मरांडी

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ ही ऐसे अवसर आते हैं जब एक जननेता का सार्वजनिक जीवन स्वयं में एक युग बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष ऐसे ही युग के 25 वर्ष हैं। 7 अक्टूबर 2001 से शुरू हुई यह संवैधानिक यात्रा आज 25 वर्ष पूरे कर रही है। यह यात्रा केवल सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संकल्प की अविरल यात्रा है। इसी गौरवमयी अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक पूरे देश में 'सेवा संकल्प अभियान' मना रही है। यह उत्सव किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस विचार का है जिसने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया।

गुजरात-विकास की प्रयोगशाला

जब 2001 में नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला, तब गुजरात भूकंप की तबाही से जूझ रहा था। प्रशासन बिखरा हुआ था, जनता में निराशा थी। लेकिन उन्होंने आपदा को अवसर में बदला। उन्होंने गुजरात को तीन मंत्र दिए-सुशासन, विकास और जन-भागीदारी।

कृषि के क्षेत्र में ज्योतिग्राम योजना ने गांव-गांव को 24 घंटे बिजली दी, जिससे कृषि क्रांति आई। कृषि महोत्सव के माध्यम से वैज्ञानिकों को खेत तक पहुंचाया गया। पानी के लिए उन्होंने नर्मदा के जल को सुजलाम-सुफलाम योजना से गुजरात के कोने-कोने तक पहुंचाया। चेक डैम और भुंगरिया से जल संरक्षण का मॉडल बना। उद्योग में वाइब्रेंट गुजरात समिट ने दुनिया के निवेशकों को गुजरात की ओर आकर्षित किया। यह समिट आज भारत के औद्योगिक विकास का मॉडल है। जन-कल्याण में चिरंजीवी योजना, बाल भोग योजना, 108 आपात सेवा, कन्या केलवणी और शाला प्रवेशोत्सव जैसी योजनाओं ने सामाजिक विकास की नई परिभाषा लिखी। भुज के ध्वस्त शहर को उन्होंने दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होने वाला शहर बना दिया। गुजरात में उन्होंने सिद्ध किया कि यदि नीति स्पष्ट हो, नीयत साफ हो और नेतृत्व में राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

राष्ट्रीय पटल पर परिवर्तन-2014 से नया भारत

2014 में देश ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। घोटालों और नीतिगत पंगुता से जूझते देश ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र दिया।

पिछले 12 वर्षों में शासन को गरीब की झोपड़ी से जोड़ा गया।

गरीब कल्याण : 50 करोड़ से अधिक जनधन खाते खुले, 11 करोड़ से अधिक शौचालय बने, 4 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास बने, 10 करोड़ से अधिक बहनों को उज्ज्वला योजना से धुएं से मुक्ति मिली, जल जीवन मिशन से 14 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचा, और आयुष्मान भारत से 55 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिला। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देकर उन्होंने कोई गरीब भूखा न सोए, यह सुनिश्चित किया।

किसान और गांव : पीएम किसान सम्मान निधि से 11 करोड़ किसानों को सीधी मदद, यूरिया की नीम कोटिंग से कालाबाजारी खत्म, एमएसपी में ऐतिहासिक वृद्धि और पीएम फसल बीमा योजना ने किसान को सम्मान और सुरक्षा दी।

नारी शक्ति : तीन तलाक से मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि, महिला आरक्षण बिल और लखपति दीदी योजना ने महिलाओं को केंद्र में लाया।

युवा और आत्मनिर्भर भारत : मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया से भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। आज भारत मोबाइल निर्माण में दुनिया में दूसरे नंबर पर है।

राष्ट्र सर्वोपरि-निर्णायक भारत

मोदी जी ने दिखाया कि राष्ट्रहित में कठोर निर्णय कैसे लिए जाते हैं। धारा 370 और 35अ को हटाकर जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह से भारत के साथ जोड़ा गया। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने दुनिया को बताया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। कोरोना काल में जब दुनिया रुक गई थी, तब भारत ने 220 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज लगाकर और 100 से अधिक देशों को वैक्सीन भेजकर विश्वगुरु की भूमिका निभाई। आज चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर है, आदित्य छ-1 सूर्य का अध्ययन कर रहा है और वंदे भारत ट्रेनें देश को नई गति दे रही हैं।

झारखंड और आदिवासी गौरव

झारखंड के लिए प्रधानमंत्री जी का विशेष लगाव है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करना, रांची में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय बनाना, उलिहातू का विकास और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से आदिवासी समाज को सम्मान और विकास दोनों मिले हैं। आज झारखंड में सड़क, रेल, हवाई अड्डा, एम्स, ट्राइबल यूनिवर्सिटी जैसी योजनाएं केंद्र के सहयोग से तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

सेवा ही संगठन-हमारा संकल्प

प्रधानमंत्री जी का जीवन हमें सिखाता है कि कार्यकर्ता ही संगठन की आत्मा है। उन्होंने संगठन के एक साधारण कार्यकर्ता से प्रधानमंत्री तक की यात्रा में कभी भी सेवा का भाव नहीं छोड़ा। 7 अक्टूबर को होने वाली सेवा ज्योति यात्रा और 17 सितंबर को हर गांव में जलने वाला आशीर्वाद का दीया, इसी सेवा भावना का प्रतीक है। झारखंड भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान के तहत गांव-गांव जाएगा, लाभार्थियों से मिलेगा और सेवा को संस्कार बनाएगा। 25 वर्ष की यह यात्रा नरेंद्र मोदी जी की व्यक्तिगत यात्रा नहीं है। यह 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास की यात्रा है। यह एक कार्यकर्ता के तप, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण की यात्रा है। आइए, हम सब मिलकर इस यात्रा को नमन करें और विकसित भारत 2047 के संकल्प को झारखंड की धरती से नई ऊर्जा दें। सेवा से संगठन, संगठन से राष्ट्र और राष्ट्र से विश्वगुरु भारत-यही हमारा पथ है, यही हमारा लक्ष्य है।

एक झलक

कौल्हुआ पहाड़ की तलहटी में वन विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान

चतरा : हंटरगंज झारखण्ड के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल कौल्हुआ पहाड़ की तलहटी स्थित हटवरिया में वन विभाग के नेतृत्व में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तीर्थ क्षेत्र और उसके आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों और सभी वन कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। अभियान का नेतृत्व मुख्य रूप से फोरेस्टर उज्जवल कुमार, प्रधान वनरक्षी मुकेश कुमार, दीपक खलखो, अमरदीप टोप्पो और अमरेंद्र राणा ने किया।

लाउडस्पीकर से दुकानदारों को किया गया जागरूक

सिर्फ साफ-सफाई ही नहीं, बल्कि इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा संदेश भी दिया गया। वन विभाग की टीम ने लाउडस्पीकर के जरिए स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों को जागरूक किया। सभी दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों को पूरी तरह से 'प्लास्टिक मुक्त' बनाने और कचरे के सही निपटारे के लिए दुकान के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबीन (कूड़ेदान) रखने की अपील की गई।

वन कर्मियों ने संदेश दिया कि तीर्थ स्थल की पवित्रता और पर्यावरण की रक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस पहल की स्थानीय लोगों और तीर्थयात्रियों ने भी काफी सराहना की है।

माता कौलेश्वरी तीर्थ क्षेत्र में रुद्रा फाउंडेशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

चतरा : माता कौलेश्वरी पौराणिक तीर्थ क्षेत्र में रुद्रा फाउंडेशन के तत्वावधान में आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। संस्था के सचिव श्रीराम पाण्डेय के नेतृत्व एवं निगरानी में संस्था के सदस्यों, युवाओं, स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों ने मिलकर माता कौलेश्वरी मंदिर प्रांगण एवं आसपास के तीर्थ क्षेत्र की साफ-सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव श्रीराम पाण्डेय ने ह्लसेवा ही स्वच्छता अभियान हैह्व का उद्घोष करते हुए उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि स्वच्छता को केवल एक दिन का कार्यक्रम न मानकर इसे निरंतर सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि माता कौलेश्वरी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी पौराणिक विरासत एवं धरोहर है, जिसकी स्वच्छता, सुरक्षा और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री पाण्डेय ने कहा कि अभियान के दौरान क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को देखकर यह महसूस हुआ कि यहां केवल साफ-सफाई ही नहीं, बल्कि पेयजल व्यवस्था, नल-टोटी, बिजली एवं प्रकाश व्यवस्था, रास्तों की स्थिति, सुरक्षा एवं बैरिकेडिंग, श्रद्धालुओं के बैठने एवं विश्राम की व्यवस्था, शौचालय तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के नियमित रखरखाव की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को लेकर रुद्रा फाउंडेशन द्वारा संबंधित विभागों, चतरा उपायुक्त महोदय, पर्यटन विभाग एवं अन्य सक्षम पदाधिकारियों को पत्र देकर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई कराने का आग्रह किया।

भवनाथपुर में अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

भभुआ मोहनिया ने रेणुकूट को 1-0 से हराया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भवनाथपुर : राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को अमर शहीद दिशोम गुरु शिबू सोरेन अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ताहिर अंसारी, टूर्नामेंट के संरक्षक धर्मराज पासवान एवं युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना की सीख देता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के अंतरराज्यीय टूर्नामेंट के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर में अ2मर शहीद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर प्रत्येक वर्ष फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने भवनाथपुर में पावर प्लांट स्थापना की उम्मीद जताते हुए कहा कि इसके स्थापित होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। संरक्षक धर्मराज पासवान ने कहा कि टूनार्मेंट का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। ताहिर अंसारी ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक मजबूती के साथ रोजगार का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। उद्घाटन मैच भभुआ मोहनिया और रेणुकूट हिंडालको के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में भभुआ मोहनिया ने रेणुकूट हिंडालको को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार रवि ने किया। मौके पर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

गुमो स्पोर्टिंग क्लब ने चरकी पहरी को पेनाल्टी शूटआउट में दो गोल से हराया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : आजाद क्लब गुमो के तत्वावधान में झुमरिया टांड मैदान में आयोजित नकुल मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट के चौथे दिन का मैच गुमो सपोर्टिंग क्लब और चरकी पहरी के बीच खेला गया। खेल के 15 और 20वे मिनट में चरकी पहरी ने दो गोल की बढ़त बना ली। जबकि मध्यांतर के 5 मिनट पूर्व गुमो स्पोर्टिंग क्लब में एक गोल की वापसी कर ली। खेल के अंतिम समय में गुमो सपोर्टिंग ने दोनों गोल की वापसी कर ली। पेनाल्टी शूटआउट में गुमो स्पोर्टिंग क्लब ने चरकी पहरी को दो गोल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश पा लिया है। खेल में शानदार प्रदर्शन को देखते हुए गुमो स्पोर्टिंग क्लब के विशाल को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका मृत्युजय कुमार, गोविन्द यादव शुभम कुमार, संतोष कुमार ने निभाई। इस मौके पर झुमरी तिलैया के नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोहर कुमार राम और पार्षद प्रतिनिधि बबलू पांडेय, पूर्व खिलाडी राजेंद्र जायसवाल, अरशद खान, बंटी ओझा, पिंटू शुक्ला अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों ने मैन ऑफ द मैच को टी शर्ट और डेमो चेक देकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र राम ने हिंदी और विजय मिश्रा ने अंग्रेजी में किया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन कमेटी के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, उपाध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी, अविनाश पांडेय, अनिल पंडित, उमेश पांडेय, सचिव बबलू पाण्डेय, सहसचिव अवध पांडेय, कोषाध्यक्ष जितेंद्र राम, धर्मेंद्र राम, विपिन पाण्डेय, प्रभाकर पांडेय, विवेक पांडेय, विकास पांडेय, विनोद पाण्डेय, रवि पाण्डेय, प्रेमजीत राय, मुकेश पाण्डेय, धीरज पाण्डेय, पिंटू साव, सागर राम, अंशु पाण्डेय, सुनील पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। मौके पर अजय पाण्डेय, समाजसेवी पंकज यादव, बासुदेव यादव, शिवकुमार यादव, दिनेश यादव, संजीत कुमार, उमेश यादव, अरुण यादव, विपलव कांत पाण्डेय, नितेश पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, अनीस सिंह सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट में बंगाल चैम्पियन, धनबाद के तीन युवाओं ने बढ़ाया झारखंड का मान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : तीसरी जूनियर राष्ट्रीय दस-ओवर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में बंगाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। टीम की इस सफलता में धनबाद के गोविंदपुर प्रखंड के परसी क्षेत्र के तीन युवा खिलाड़ियों सामी साजीद, अरशद अंसारी और दीपक मालाकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर तीनों ने धनबाद के साथ पूरे झारखंड का मान बढ़ाया। टेनिस बॉल क्रिकेट संघ, जम्मू-कश्मीर के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में

विभिन्न राज्यों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। दस ओवर के तेज प्रारूप में खिलाड़ियों को कम समय में बेहतर प्रदर्शन करना था। बंगाल की टीम ने बेहतरीन तालमेल और खेल भावना के साथ मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन किया। धनबाद के तीनों खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन से टीम को मजबूती दी और चैंपियन बनने में योगदान दिया। तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धि से उनके गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। विधायक प्रतिनिधि शफीक अंसारी, सरपंच तारीख अनवर, मुखिया मैराज अंसारी, पूर्व मुखिया शमशेर अली, मनजुर आलम और गफ्फार अंसारी ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें तो वे राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

अलपीटो का लाल टेनिस बॉल क्रिकेट में लहराया परचम, क्षेत्र को किया गौरवान्वित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड अंतर्गत अलपीटो पंचायत के ग्राम हेठली बोदरा निवासी डेगलाल यादव के पुत्र पिंटू कुमार यादव ने जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित माता वैष्णो देवी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीसरी जूनियर राष्ट्रीय टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2026-27 में शानदार प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वतित किया है। पिंटू ने वेस्ट बंगाल की टीम की ओर से खेलते हुए महज 10 गेंदों में 22 रनों की आक्रामक पारी खेली और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेस्ट बंगाल की टीम ने गोवा के खिलाफ मुकाबले में 79 रनों का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में गोवा की टीम को वेस्ट बंगाल के खिलाड़ियों ने 39 रनों से पराजित कर दिया। शानदार प्रदर्शन के लिए पिंटू कुमार यादव को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। पिंटू की इस उपलब्धि से अलपीटो पंचायत सहित पूरे विष्णुगढ़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

एनएचआरए के प्रदेश युवा अध्यक्ष के दो पुत्रों ने कराटे में दिखायी अपनी प्रतिभा, जीता रजत व कांस्य पदक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही: निवासी एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के प्रदेश युवा अध्यक्ष मनोज साव के दो पुत्रों ने पटना में ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 6th KAIO ईस्ट जोन कराटे चैंपियनशिप-2026 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मनोज के एक पुत्र वैभव ने ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में एक रजत और एक ब्राउन मेडल जीता। वही दूसरा पुत्र अभिनव ने दो ब्राउन मेडल जीता। दोनों पुत्रों की कराटे चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन ने बरही एवं पूरे हजारीबाग में गौरन्वित किया है। ज्ञात हो कि पटना में आयोजित 6th KAIO ईस्ट जोन कराटे चैंपियनशिप-2026 में हजारीबाग की द कोबरा कराटे एके-डमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। इसी संस्थान से वैभव गुप्ता एवं अभिनव गुप्ता ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए रजत एवं कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता 2 से 4 अक्टूबर 2026 तक ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। जिसमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लगभग 600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। हजारीबाग से 14 खिलाड़ियों ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया।

झारखंड

एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति का प्रमंडलीय आयुक्त ने लिया जायजा

डिजिटाइजेशन ड्राइव व मतदाता पुनरीक्षण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदनीनगर : विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के तहत गढ़वा जिले में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्यों का पलामू प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती कुमुद सहाय ने औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। गढ़वा आगमन पर उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा द्वारा सर्किट हाउस में पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रमंडलीय आयुक्त का स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त ने 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फ्ढ गोविन्द +2 हाई स्कूल एवं पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जाटा तथा 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर के प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं पंचायत सचिवालय, नरही* का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने SIR प्रक्रिया के तहत संचालित डिजिटाइजेशन ड्राइव, जनसुनवाई कार्यक्रम, फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों से कार्यों की स्थिति, प्रक्रिया एवं गुणवत्ता की जानकारी ली तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण में कार्य संतोषजनक लोगों से संवाद कर जानीं समस्याएं

निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर रक्क्र से संबंधित कार्य संतोषजनक एवं व्यवस्थित पाए गए। मौके पर उपस्थित नागरिकों से प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने सीधे संवाद कर मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ली।

मरकच्चो में धूमधाम से मना साई प्रतिमा का 23वां स्थापना दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मरकच्चो : मरकच्चो के लाल नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में ओम साईं मंदिर के साईं प्रतिमा का 23 वां स्थापना दिवस 7 अक्टूबर को उनके अनुयायियों के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जुटे श्रद्धालुओं ने सुबह 10:00 बजे साईं प्रतिमा को दूध से नहला कर चादर व फूल माला चढ़ाया। संध्या 6:00 बजे ओम साईं की भव्य आरती उतारी गई ।मालूम हो कि ओम साईं मंदिर का निर्माण व प्रतिमा की स्थापना स्थानीय निवासी जान जुगनू जयंत के द्वारा 2003 ईस्वी में किया गया था ।तब से लगातार प्रतिवर्ष 7 अक्टूबर को बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से ओम साईं प्रतिमा का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है ।

कुंडहित में 1000 एमटी गोदाम व छह अतिरिक्त कक्षों का शिलान्यास

कुडहित (जामताड़ा): कुंडहित प्रखंड में बुधवार को विकास से जुड़ी दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रवींद्रनाथ महतो ने 1000 एमटी क्षमता वाले गोदाम तथा अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुंडहित में छह अतिरिक्त कक्षों (जी+2) के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया ।मौके पर रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि क्षेत्र का विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारने से संभव है। शिक्षा, कृषि, आधारभूत संरचना और जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष बनने से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधा मिलेगी, जबकि 1000 एमटी गोदाम बनने से किसानों को कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण में सुविधा होगी।

गडजोड़ी में प्राथमिक स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कुडहित (जामताड़ा): बुधवार को कुंडहित प्रखंड के गडजोडी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य रीना मंडल, प्रमुख राम किशोर मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि शरम मंडल, मुखिया गीता पहाड़िया, पूर्व जिला परिषद भजहरि मंडल, डीपीएम राहुल कुमार तथा बीपीएम को पुष्पगुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सखी मंडल दीदी के मैनेजर ने वार्षिक आम बजट को पढ़कर सुनाया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल ने कहा आज सरकार देश के आधा आबादी के विकास के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है ताकि देश के आधा आबादी महिलाएं स्वरोजगार करके आत्मनिर्भर बन सके। इसलिए सरकार ने जेएसएलपीएस के माध्यम से सखी मंडल के दिदिऔ कोकम ब्याज के दर पर ऋण उपलब्ध करा रहे हैं ताकि हुए विभिन्न प्रकार की कुटीर उद्योग जैसे मोमबत्ती बनाना अगरबत्ती बनाना सिलाई मशीन चलाना छोटे-छोटे राशन दुकान खोलकर पत्ता ग्लास मुर्गी पालन बकरी पालन आदि कुटीर उद्योग करके अपने रोजगार को बढ़ा सकें और महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार समाज तथा राज्य का विकास कर सके।

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस चौकस, मासिक अपराध समीक्षा बैठक में पुराने मामलों के निपटारे पर भी जोर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : दुर्गा पूजा को लेकर जिले में पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली गई। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया ।बैठक में पिछले महीने जिले में हुई प्रमुख आपराधिक घटनाओं पर चर्चा हुई। हत्या, लूट, दुष्कर्म, पॉक्सो और अस्वाभाविक मृत्यु के मामलों में अब तक हुई कार्रवाई,

आरोपियों की गिरफ्तारी और मामलों के खुलासे की स्थिति की जानकारी ली गई। लंबित मामलों को जल्द निपटाने के लिए जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया गया ।पुलिस अधीक्षक ने पिछले एक साल से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली। दागी व्यक्तियों पर नजर रखने और घर में सेंधमारी के मामलों में कार्रवाई तेज करने को कहा गया। अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियानों की प्रगति की भी समीक्षा की गई ।बैठक में आम लोगों से जुड़ी पुलिस सेवाओं पर भी ध्यान दिया गया। लंबित पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। थानों में जब्त सामान के रख-रखाव और उससे जुड़े अभिलेखों की स्थिति की भी जानकारी ली गई।

एस आई आर 2026 के तहत उपायुक्त ने रायडीह प्रखंड के विभिन्न विशेष शिविरों का किया औचक निरीक्षण

सीलम में कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला: भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में चल रही सुनवाई एवं सत्यापन प्रक्रिया की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गुमला दिलेश्वर महतो ने आज बुधवार को रायडीह प्रखंड के विभिन्न विशेष मतदाता शिविरों का औचक निरीक्षण किया ।इस दौरान उपायुक्त ने पंचायत भवन सीलम एवं ग्राम पंचायत सिकोई में आयोजित विशेष शिविरों का निरीक्षण करते हुए मतदाताओं की उपस्थिति, प्राप्त दावों एवं आपत्तियों, नोटिस तामिला, दस्तावेजों के सत्यापन तथा मामलों के निष्पादन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने शिविर में उपस्थित मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं प्रक्रिया से संबंधित कठिनाइयों की जानकारी भी प्राप्त की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि पात्र मतदाताओं को अनावश्यक परेशानी न हो तथा प्रत्येक मामले में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप दस्तावेजों का सत्यापन करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से कठिन एवं जटिल मामलों की नियमित समीक्षा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर वरीय अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।निरीक्षण के दौरान शिविरों के लिए टैग वरीय अधिकारी एसडीओ सदर अखिलेश कुमार एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ललन कुमार रजक से उपायुक्त ने लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी ली। सीलम वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के मतदाता सत्यापन की समीक्षा*विशेष शिविरों के निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने सीलम स्थित वृद्धाश्रम का भी दौरा किया। यहां उन्होंने निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के मतदाता सत्यापन की स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारियों को सभी पात्र वृद्धजनों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

डोमचांच प्रखंड के बगडो पंचायत भवन व फुलवरिया पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर लगा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डोमचांच/ कोडरमा : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार के नेतृत्व में डोमचांच प्रखंड के बगडो पंचायत भवन व फुलवरिया पंचायत भवन में दिन बुधवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर मुख्य रूप से साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, लैंगिंग समनता, तथा महिलाओं से संबंधित कानून पर आधारित जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि

गौतम कुमार ने कहा कि अभी मौजूदा वर्तमान समय में साइबर अपराध होने के चलते कई लोग पैसे ठगी का शिकार हो रहे हैं जिससे बचने के लिए सबसे पहले जागरूक होने की आवश्यकता है इसे दूर करने के लिए समय-समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम करने की आवश्यकता है। अक्सर लोग जानकारी के अभाव में डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो जाते हैं गांव देहात के लोगों को वीडियो कॉल के माध्यम से पुलिस अधिकारी, जज बनकर बात करते हैं और कहते हैं कि आपके द्वारा गलत कार्य किया गया है के विरुद्ध हमारे पास शिकायत प्राप्त हुई है अगर आप इससे बचना चाहते हैं इतना रुपया तत्काल हमें भेजिए और लोग भयभीत होकर अपने खाते से पैसा भेज देते हैं बाद में उन्हें पता चलता है कि उनके द्वारा कोई इस तरह का अपराध नहीं किया गया है और ना ही कोई शिकायत थाना पुलिस में दर्ज है। इसके साथ उन्होंने कहा कि अगर लोग साइबर ठगी का शिकार होते हैं तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपना शिकायत दर्ज कराये।

एक झलक

मुथूट फिनकॉर्प बना भारतीय घरेलू क्रिकेट का टाइटल स्पॉन्सर

रांची : रांची में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी के साथ भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले में मुथूट फिनकॉर्प भारतीय क्रिकेट के साथ अपनी नई साझेदारी का जश्न मनाएगा। मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड अब भारत में खेले जाने वाले घरेलू क्रिकेट मैचों के साथ-साथ सभी अंतरराष्ट्रीय सीरीज और टूर्नामेंट का टाइटल स्पॉन्सर बन गया है।

इस साझेदारी के तहत भारतीय पुरुष सीनियर राष्ट्रीय टीम, महिला सीनियर राष्ट्रीय टीम, इंडिया-ए पुरुष, इंडिया-बी पुरुष, इंडिया-ए महिला तथा अंडर-19 पुरुष एवं महिला टीमों सहित अन्य निर्धारित टीमें शामिल होंगी। कंपनी प्रमुख घरेलू प्रतियोगिताओं से भी जुड़ेगी। इनमें रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप, दलीप ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी प्रमुख हैं। मुथूट फिनकॉर्प की ओर से मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को 'गोल्डन प्लेयर ऑफ द मैच' के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

आईपीओ में 46,712 करोड़ रुपये का निवेश

मुंबई : आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए कंपनियां जुटाई गई रकम का बड़ा हिस्सा कर्ज चुकाने में खर्च कर रही हैं। वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों में कंपनियों ने नए शेयर जारी कर 46,712 करोड़ रुपये जुटाए। इसमें से करीब 18,068 करोड़ रुपये यानी 39 फीसदी राशि कर्ज चुकाने के लिए रखी गई। पिछले साल इसी अवधि में यह हिस्सा 32 फीसदी था। आंकड़ों के मुताबिक, क्षमता बढ़ाने, नए प्रोजेक्ट और मशीनरी पर खर्च होने वाली राशि 8,857 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,418 करोड़ रुपये हो गई। वहीं, अधिग्रहण और रणनीतिक निवेश पर खर्च 534 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,436 करोड़ रुपये पहुंच गया। दूसरी ओर, पूंजी मजबूत करने और बैंकिंग लागत में भी बदलाव देखने को मिला। रोजमर्रा के खर्च के लिए रखी गई रकम 7,534 करोड़ रुपये से घटकर 4,521 करोड़ रुपये रह गई। ब्रांड और विज्ञापन पर खर्च भी 471 करोड़ से घटकर 341 करोड़ रुपये हो गया। आईपीओ से जुटाई गई पूंजी का इस्तेमाल कंपनियां वित्तीय बोझ कम करने के साथ विस्तार और कारोबार मजबूत करने में कर रही हैं।

जयपुर में सीएनजी और पीएनजी हुई महंगी

जयपुर : जयपुर में बुधवार से कॉम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप वाली नेचुरल गैस (पीएनजी) दोनों की कीमतें 2 रुपये प्रति इकाई बढ़ी हैं। इस बढ़ोतरी के बाद, जयपुर में CNG की कीमत अब 97.50 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 99.50 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि रसोई गैस के रूप में इस्तेमाल होने वाली PNG अब 51.50 रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर से बढ़कर करों सहित 53.50 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर हो गयी है। यह नई दरें आज से ही प्रभावी हुई हैं। गौरतलब है कि ये पहली बार नहीं है जब टोरेंट गैस ने शहर में गैस की कीमतों में इजाफा किया है। इससे पहले इसी साल मई के महीने में भी सीएनज और पीएनजी के दाम बढ़ाए गए थे। इस बार की 2 रुपये की बढ़ोतरी के साथ, कंपनी ने कम समय में दूसरी बार गैस की कीमतों में वृद्धि की है, जिससे उपभोक्ताओं पर लगातार दबाव बढ़ रहा है।

शेयर बाजार में गिरावट, महंगाई के अनुमान में हुई बढ़ोतरी से लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी

बाजार की कमजोरी से निवेशकों को लगी 3.76 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

नयी दिल्ली : घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट का शिकार हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति द्वारा रेपो रेट में की गई बढ़ोतरी और महंगाई के अनुमान में हुई बढ़ोतरी की वजह से शेयर बाजार आज बुरी तरह से प्रभावित हुआ। ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका की वजह से शेयर बाजार में आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। हालांकि पहले एक घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की लेकिन उनकी कोशिश सफल नहीं हो सकी। दिन के दूसरे सत्र में बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.76 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बाजार में आई गिरावट के कारण शेयर बाजार के निवेशकों की लगभग 3.76 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति स्वाहा हो गई। बीएसई का सेंसेक्स आज 102.43 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 72,965.38 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से यह

सूचकांक गिर कर 72,520.73 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स काफी हद तक सुधर कर 73,018.82 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की कमजोरी भी बढ़ने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक 599.09 अंक यानी 0.82 प्रतिशत टूट कर 72,468.72 अंक के स्तर तक चला गया। हालांकि अंतिम समय में हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 170 अंक की रिकवरी कर 429.11 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,638.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 85.65 अंक यानी 0.38 प्रतिशत टूट कर 22,690.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक की कमजोरी भी बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से पहले घंटे के कारोबार में ही यह सूचकांक 22,578.25 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे तक निफ्टी 22,717.65 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण इस सूचकांक ने दोबारा लुढ़कना शुरू कर दिया। शेयरों की लगातार हो रही बिक्री की वजह से यह सूचकांक 229.80 अंक यानी 1.01 प्रतिशत फिसल कर 22,546.30 अंक के स्तर तक गिर गया। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई खरीदारी के कारण निफ्टी दिन के निचले स्तर से 55 अंक से अधिक की रिकवरी कर 173.05 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,603.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज दिनभर के कारोबार के दौरान मीडिया और पीएसयू बैंक सेक्टर को छोड़ कर सारे सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज मेटल सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से बीएसई का मेटल इंडेक्स 2.46 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया।

मौद्रिक नीति से स्टॉक मार्केट में मायूसी उम्मीद के बावजूद नहीं मिल सका बूस्टर डोज

नयी दिल्ली : देश की आर्थिक विकास दर को रफ्तार देने और महंगाई पर लगाम कसने के इरादे से नीतिगत ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी करने का फैसला शेयर बाजार के लिए बहुत चौंकाने वाला नहीं था, क्योंकि शेयर बाजार को पहले से ही इस बढ़ोतरी की उम्मीद थी। हालांकि, शेयर बाजार में इस बात को लेकर मायूसी जरूर है कि मौद्रिक नीति ने स्टॉक मार्केट को वो बूस्टर डोज नहीं दिया, जिसकी लंबे समय से उम्मीद की जा रही थी। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना ही कि इस बार बड़े निवेशकों और ब्रोकरेज हाउसेज का ध्यान नीतिगत दरों में बदलाव से कहीं ज्यादा रिजर्व बैंक के उस रुख पर गया है, जहां एक तरफ देश की आर्थिक विकास दर (जीडीपी) के अनुमान को काफी मजबूत किया गया है, तो दूसरी तरफ महंगाई के मोर्चे पर चिंताएं अभी भी बरकरार दिखाई दे रही हैं। रिजर्व बैंक ने अपने रुख को तटस्थ से बदलकर 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' यानी नपी-तुली सख्ती की ओर मोड़ दिया है, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि आने वाले समय में ब्याज दरों में

कटौती की उम्मीद फिलहाल बहुत कम है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों के लिए रिजर्व बैंक का यह मिला-जुला रुख एक नई पहेली लेकर आया है। एक तरफ जहां जीडीपी विकास दर के अनुमान को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कॉर्पोरेट जगत की कमाई और मांग में मजबूती का स्पष्ट संकेत है। दूसरी तरफ, महंगाई के अनुमान को भी 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया गया है। यह विरोधाभास शेयर बाजार के लिए चिंता की वजह बना हुआ है। इससे यह बात भी साफ होती है कि केंद्रीय बैंक देश के आर्थिक विकास की मजबूत रफ्तार को देखते हुए अब पूरा ध्यान महंगाई को काबू में करने पर केंद्रित करेगा। बाजार के नजरिये से देखें, तो यह स्थिति बताती है कि ब्याज दरों में हाल-फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने वाली है, जिससे कंपनियों की कर्ज लागत ऊंची बनी रहेगी। धामी का कहना है कि बाजार की मौजूदा स्थिति पहले से ही काफी नाजुक बनी हुई है।

आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस ने इंदौर में खोली नयी शाखा

इंदौर : आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एबीएचएफएल) ने मध्य प्रदेश में अपना नेटवर्क बढ़ाते हुए इंदौर में नई शाखा शुरू की है। इसके साथ प्रदेश में कंपनी की शाखाओं की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। कंपनी के अनुसार, नई शाखा के जरिए ग्राहकों को आवास ऋण सहित विभिन्न वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी ने इंदौर में शाखा विस्तार के पीछे शहर में बढ़ती आवासीय मांग को प्रमुख वजह बताया है। औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार, बेहतर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विकास से शहर में आवास की मांग बढ़ रही है। नई शाखा के शुभारंभ पर कंपनी ने 7 से 31 अक्टूबर तक पात्र ग्राहकों के लिए शून्य लॉगिन शुल्क और 50 लाख रुपये तक के ऋण की मौके पर मंजूरी का ऑफर दिया है।

मामूली शुल्क से यूपीआई लेन-देन पर नहीं पड़ेगा खास असर : आरबीआई गवर्नर

मुंबई : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर ह्यमर्चेंट डिस्काउंट रेटह्व (एमडीआर) के रूप में मामूली शुल्क लगाए जाने से यूपीआई लेन-देन की मात्रा पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा।मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के कारण पूंजी प्रवाह में कमी आई है और चालू खाते पर बना दबाव अस्थायी समस्या है। उन्होंने भरोसा जताया कि भुगतान संतुलन जल्द ही अधिशेष की स्थिति में लौट आएगा। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा के बाद केंद्रीय बैंक मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में मल्होत्रा ने कहा कि फिलहाल हमें लेन-देन की मात्रा में कोई गिरावट नहीं दिख रही है। मुझे व्यक्तिगत रूप से नहीं लगता कि

मामूली शुल्क का लेन-देन की मात्रा पर कोई बड़ा असर पड़ेगा। मल्होत्रा ने बताया कि बैंकों की कर्ज वृद्धि आगे भी मजबूत बनी रहेगी और इससे व्यापक आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आरबीआई अत्यधिक नकदी के बीच कर्ज देने वाली गैर-बैंकिंग कंपनियों (एनबीएफसी) की संपत्ति की गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर से अवगत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक को ऐसी स्थिति पैदा होने की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में बैंकों में अतिरिक्त नकदी देखी गयी है लेकिन यह लंबे समय तक नहीं बनी रहेगी। मल्होत्रा ने यह भी कहा कि रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत प्रवासी भारतीयों से करीब 133 अरब अमेरिकी डॉलर की जमा राशि जुटाया जाना एफसीएनआर (बी) योजना और देश की व्यापक आर्थिक बुनियाद की मजबूती को बताता है।

आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 फीसदी से बढ़ा कर किया 5.5

मुंबई : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के साथ प्रमुख नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को करीब साढ़े तीन साल बाद 0.25 फीसदी बढ़ाकर 5.50 फीसदी कर दिया। इसके साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 0.40 फीसदी बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों की बुधवार को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों पर गौर करते हुए एमपीसी ने आम सहमति से रेपो रेट को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 5.50 फीसदी करने का निर्णय किया। इसके साथ एमपीसी ने अपने रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'जरूरत के अनुसार सख्त' करने का निर्णय किया। मल्होत्रा ने बताया कि साथ ही चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.1 फीसदी कर दिया गया है, जो पहले 6.7 फीसदी था।

सैमसंग ने भारत में शुरू की गैलेक्सी टैब एस12 सीरीज की बिक्री

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सैमसंग इंडिया ने अपनी नई गैलेक्सी टैब एस12 सीरीज की भारत में बिक्री शुरू कर दी है। इस सीरीज में गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा और टैब एस12 प्लस मॉडल शामिल हैं। दोनों टैबलेट धूसर और रजत रंगों में उपलब्ध हैं। गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा में 14.6 इंच और टैब एस12 प्लस में 12.6 इंच का डायनैमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले दिया गया है। दोनों मॉडल में 3 नैनोमीटर प्रोसेसर, 45 वाट तेज चार्जिंग, आईपी68 जल एवं धूलरोधी सुरक्षा और एस पेन दिया गया है। अल्ट्रा मॉडल की मोटाई 5.1 मिलीमीटर है। दोनों टैबलेट एंड्रॉयड 17 और वन यूआई 9 पर चलते हैं। इनमें नोट असिस्ट, सैमसंग ब्राउजर समरी समेत कई गैलेक्सी एआई सुविधाएं दी गई हैं। कंपनी के अनुसार, दोनों मॉडल को सात वर्ष तक परिचालन प्रणाली में उन्नयन और सुरक्षा अद्यतन मिलेंगे। गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा की शुरूआती कीमत 1,49,999 रुपये, जबकि टैब एस12 प्लस की शुरूआती कीमत 1,29,999 रुपये है। दोनों मॉडल वाई-फाई और 5जी विकल्पों के साथ 12 जीबी रैम तथा 256 जीबी और 512 जीबी भंडारण क्षमता में उपलब्ध हैं। दोनों मॉडल की बिक्री 7 अक्टूबर से सैमसंग के विशेष स्टोर, साझेदार स्टोर, सैमसंग की वेबसाइट और अन्य ऑनलाइन मंचों पर शुरू हो गई है। ग्राहकों को बैंक नकद वापसी, उन्नयन बोनस और अन्य छूट का लाभ भी मिलेगा।

सोने पर फिलहाल दबाव, 2027 में लौटेगी रौनक : एचएसबीसी

नयी दिल्ली : वैश्विक वित्तीय सेवा प्रदाता एचएसबीसी का मानना है कि सोने की कीमतों पर फिलहाल दबाव बना रहेगा, लेकिन 2027 तक इसमें फिर तेजी लौट सकती है। हालांकि, यह चमक तुरंत दिखने की उम्मीद नहीं है। इस साल 2026 में सोने ने 5,450 डालर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छूने के बाद 3,942 डालर प्रति औंस तक की गिरावट देखी, जो बाजार में बड़ी अस्थिरता को दिखाती है। मामले से जुड़े जानकार के अनुसार, ऊंचे कच्चे तेल के दाम, अमेरिकी डॉलर की मजबूती और अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका ने सोने के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इन चुनौतियों के चलते बैंक ने अपने शॉर्ट टर्म गोल्ड प्राइस अनुमान में कटौती की है। जानकार बताते हैं कि 2027 में सोने की चाल काफी हद तक अमेरिकी ब्याज दरों पर निर्भर करेगी, यदि अमेरिकी फेडरल रिजर्व बाजार की मौजूदा उम्मीद से कम दरें बढ़ाता है, तब सोने को फिर से मजबूती मिल सकती है। सोने की कीमतों को केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीद से बड़ा सहारा मिल रहा है, जो अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य निवेश में विविधता लाना और भू-राजनीतिक जोखिमों से बचाव करना है। इसके अतिरिक्त, भारत और चीन जैसे बड़े बाजारों में वित्तीय संस्थानों के लिए सोना खरीदने के नियमों में हुए बदलाव भी बड़ी मांग को बढ़ावा दे रहे हैं, खासकर उस समय में जब प्रॉपर्टी और शेयर बाजार कमजोर चल रहे हैं।

जियो की 'स्मार्ट शॉप', ऑफलाइन कारोबार को देगी ऑनलाइन वाली ताकत

- सोशल मीडिया से ग्राहक लाने से लेकर उसे दोबारा शॉप तक बुलाने का डिजिटल लूप
- क्यूआर से वाई-फाई और ऑफर, डैशबोर्ड बतायेगा कौन आया और कौन लौटा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

नयी दिल्ली : ग्राहक दुकान पर आया और चला गया, तो अक्सर दुकानदार के पास उससे दोबारा जुड़ने का कोई आसान तरीका नहीं होता। जियो की 'स्मार्ट शॉप' इसी कमी को दूर करने की कोशिश है। सोशल मीडिया से ग्राहक तक पहुंचना, उसे शॉप पर लाना, क्यूआर स्कैन पर

वाई-फाई और ऑफर देना और बाद में फिर से दुकान पर बुलाना, ये सब एक ही सिस्टम से किया जा सकेगा। यह टेक 7 से 10 अक्तूबर तक दिल्ली में चल रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 में दिखायी गयी है। हर फिजिकल दुकान का अपना एक कैचमेंट एरिया होता है यानी वह इलाका, जहां से उसके ज्यादातर ग्राहक आते हैं। ऐसे में दुकानदार के लिए जरूरी है कि वह अपने आसपास के ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचे। यहीं सोशल मीडिया काम आता है। जियो की 'स्मार्ट शॉप' पर दुकानदार हैप्टिक सोलो और आर्टफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से इंस्टाग्राम पर अपना कैटलॉग तैयार कर सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट बना सकता है। और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से अपने कैचमेंट एरिया के ग्राहकों तक पहुंच सकता है। जस्टडायल और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर दिखे ग्राहक को शॉप तक लाना भी इसी सिस्टम का हिस्सा है। एक बार ग्राहक शॉप पर पहुंचा, तो फिर दुकान उसे कभी भूलेगी नहीं। ग्राहक चाहे, तो शॉप पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर वाई-फाई से जुड़ सकता है। यह केवल वाई-फाई के लिए नहीं है, शॉप पर उपलब्ध ऑफर और डिस्काउंट कूपन भी उसे तुरंत व्हाट्सऐप पर मिल जायेंगे। इसमें ग्राहक का फायदा तो है ही, दुकानदार को भी उससे डिजिटल तौर पर जुड़े रहने का रास्ता मिल जायेगा। जियो स्मार्ट शॉप का डैशबोर्ड दुकानदार को बता सकता है कि ग्राहक कब आया, किस आउटलेट पर आया, कितनी देर रुका और वह पहली बार आया है या रिपीट कस्टमर है। कई शॉप हों, तो उनकी जानकारी भी एक ही डैशबोर्ड पर देखी जा सकती है। यानी फंडा सीधा है, ग्राहक तक पहुंचो, उससे जुड़ो, उसकी विजिट को समझो, फिर से सम्पर्क करो और आखिर में उसे रिपीट ग्राहक में बदलो। जियो इसे सिर्फ वाई-फाई प्रोडक्ट नहीं, बल्कि 'सिंगल पार्टनर, फुल स्टैकह्न मॉडल के तौर पर दिखा रहा है। यानी अलग-अलग डिजिटल जरूरतों के लिए कई टूल और वेंडर जोड़ने के बजाय एक इंटीग्रेटेड रिटेल सॉल्यूशन। फिलहाल, इसे टेक्नोलॉजी डेमो के तौर पर दिखाया गया है। बताते चलें कि कम्पनी कितने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को इस सिस्टम से जोड़ेगी अभी साफ नहीं है।

पेज एक के शेष

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की मां रूपी सोरेन का निधन, सर्वत्र शोक...

रूपी सोरेन के निधन से झारखंड के राजनीतिक जगत में भी शोक का माहौल है। अलग-अलग दलों के नेताओं की ओर से उनके निधन पर शोक जताये जा रहे हैं।

कौन थीं रूपी सोरेन

रूपी सोरेन झारखंड की राजनीति के प्रमुख नाम शिबू सोरेन की पत्नी और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की मां थीं। सोरेन परिवार झारखंड की राजनीति में लम्बे समय से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ऐसे में रूपी सोरेन का परिवार में विशेष स्थान रहा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कई मौकों पर अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अपने जुड़ाव का उल्लेख करते रहे हैं। रूपी सोरेन परिवार के लिए मातृशक्ति के रूप में महत्त्वपूर्ण रही थीं।

निधन की खबर से समर्थकों में शोक

रूपी सोरेन के निधन की खबर सामने आने के बाद झामुमो समर्थकों और सोरेन परिवार से जुड़े लोगों में शोक की स्थिति है। लोग सोशल मीडिया और व्यक्तिगत तौर पर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

जब तक भारत विकसित नहीं होता, न रुकूंगा, न थकूंगा : मोदी...

उन्होंने कहा, 'राष्ट्र प्रथम मेरा संकल्प होगा, राष्ट्र की समृद्धि मेरा प्राण रहेगा, राष्ट्र की सेवा मेरा लक्ष्य रहेगा और कर्म मेरा धर्म रहेगा।' उन्होंने संकल्प दोहराते हुए कहा, 'जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक मैं न रुकूंगा, न थकूंगा, न अपने पथ से डिगूंगा।'

मोदी ने कहा, 'आज का यह दिन सिर्फ यादों के लिए नहीं है। यह अपने संकल्पों को नयी ऊर्जा से भरने का दिन है। यह दिन उस वादे को दोहराने और उस इरादे को व्यक्त करने का दिन है, जो कहता है कि हम करके रहेंगे

मेरा अधिकार मेरे कर्म पर है, इसलिए मैं कर्म को अपना कर्तव्य मानता हूं और हर कर्म पूरी क्षमता से करता हूं, निरन्तर कर्म करता हूं। कर्म करो, काम रुकना नहीं चाहिए, प्रयास रुकना नहीं चाहिए। इसलिए, मेरे लिए कर्म सिर्फ जिम्मेदारी नहीं है, ये देश के प्रति मेरी साधना है। कर्म देश के लिए, कर्म देशवासियों के लिए और इसमें भाव यही है : मा फलेषु कदाचन! फल की चिंता नहीं, श्रेय की भी चिन्ता नहीं।'

उन्होंने कहा, 'देश ने अवसर दिया, लोगों ने विश्वास दिया, परिस्थितियों ने सीख दी, जिसकी वजह से मुझे देशवासियों की अविरल सेवा का अवसर मिल रहा है। आज मैं जो कुछ हूं, जहां भी हूं, जिस दायित्व पर हूं, उसमें सबसे बड़ा योगदान जनता-जनार्दन का ही है। मेरे लिए जनता-जनार्दन ईश्वर का ही रूप है। लाखों-करोड़ों देशवासियों के विश्वास और लाखों कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति रही है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इसलिए देश के लिए मेरा दायित्व भी सबसे अधिक है और मैं हृदय से ये मानता हूं कि देश के हर नागरिक का मुझ पर सबसे बड़ा हक है। ये 25 वर्ष का जन विश्वास, ये 25 वर्षों का अनुभव बहुत बड़ी पूंजी है और यह पूंजी सिर्फ मोदी की नहीं है, यह पूंजी देश की है, मां भारती की हर संतान इस पूंजी की अधिकारी है।'

मोदी ने कहा, 'आज जब मैं पीछे मुड़ कर देखता हूं, तो केवल कृतज्ञता का भाव ही नजर आता है। मैं कृतज्ञ हूं, हर उस व्यक्ति, हर उस घटना के प्रति, जिसने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है। जिसने मुझे जिताया, उसने मुझे विनम्र होना सिखाया। जिसने मुझे गिराया, उसने मुझे फिर खड़ा होना सिखाया।

शुभचिन्तकों ने मुझे प्रोत्साहित किया और आलोचकों ने मुझे अपने भीतर झांकना सिखाया। जिसने मेरा साथ दिया, उसने मुझे विश्वास की शक्ति दिखायी। जिसने मेरा विरोध किया, उसने मुझे लोकतंत्र की शक्ति समझायी।

हर संकट मेरे धैर्य की परीक्षा रहा, हर सफलता ने मेरे दायित्व को विस्तार दिया और हर सिद्धि ने बड़े लक्ष्यों की तरफ बढ़ने का साहस और जज्बा दिया।'

जनसेवा को जीवन का ध्येय बना कर राष्ट्रसेवा के पथ पर बढ़े प्रधानमंत्री मोदी : नितिन नवीन...

का निरन्तर प्रयास किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सार्वजनिक जीवन जनसेवा को राष्ट्रसेवा से जोड़ने और राजनीति को सेवा का माध्यम बनाने के संकल्प की यात्रा रहा है।

दूसरे दिन भी घमसान सड़क पर संग्राम...

विपक्ष का यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हो रहा है। विपक्षी दल एसआईआर की प्रक्रिया में गड़बड़ियों का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठे सवालों का जवाब मिलना चाहिए और ज्ञानेश कुमार को पद से इस्तीफा देना चाहिए।

सांसदों को पीट रही है पुलिस : प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'ये लोग चुनाव आयुक्त से मिलने की गुहार लगानेवाले सांसदों के साथ ऐसा बर्ताव करते हैं। ये हमारे साथ ऐसा बर्ताव करते हैं। वे सांसदों को पीट रहे हैं। पुलिसकर्मियों ने मुझे जगह-जगह खरोंच दिया है। उन्होंने हमें जमीन पर पटक दिया है। अब हम यहां से नहीं हटेंगे। चाहे वे अपने बल वापस बुला लें, मैं यहां से नहीं हटूंगी।'

वे गुंडागर्दी का ले रहे सहारा : रेणुका चौधरी

इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा, 'वे (केन्द्र सरकार) गुंडागर्दी का सहारा ले रहे हैं। हम डरेंगे नहीं। हम देश के युवाओं के लिए लड़ रहे हैं।'

पुलिस कर रही मारपीट और लाठीचार्ज : महुआ मोइत्रा

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि आप देख सकते हैं कि दिल्ली पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ कितनी क्रूरता से पेश आ रही है। ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना होगा। हमारी गलती क्या है? दिल्ली पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ इतनी बेरहमी से मारपीट और लाठीचार्ज क्यों किया जा रहा है? सांसदों को जंतर-मंतर तक पहुंचने से क्यों रोका जा रहा है? आखिर यहां क्या हो रहा है?

एफआईआर मेरे लिए मेडल, संख्या 100 कर दो : राहुल गांधी

चुनाव आयोग में कथित गड़बड़ियों और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन के बाद राजनीतिक गलियारों में सत्ता और विपक्ष के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। इसी कड़ी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मंगलवार को लोकसभा के करीब 300 सांसद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गयी। विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने अपनी बेबाकी दिखा कर कहा कि उन पर अब तक 45 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, और यदि यह संख्या बढ़ कर 100 भी हो जाये, तब वे हर एफआईआर को अपने लिए एक मेडल की तरह मानेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि ज्ञानेश कुमार भारत के लिए सही मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत और स्वयं ज्ञानेश कुमार पर देश के साथ गद्दारी करने और भारतीय लोकतंत्र को खत्म करने का गम्भीर आरोप लगाया। यह प्रदर्शन चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने के उद्देश्य से किया गया था।

आकाशवाणी भवन में जबरन घुसने पर राहुल-प्रियंका व अन्य पर एफआईआर...

और उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक इंडिया गठबंधन के मार्च के लिए नयी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त कार्यालय से अनुमति नहीं ली गयी थी और मार्च की अनुमति भी नहीं दी गयी थी। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार सुबह संसद भवन से चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर मार्च शुरू किया। पुलिस ने रास्ते में बैरिकेड्स लगा कर उन्हें रोक दिया था।

विपक्षी दल विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग के कामकाज में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने 'वोट चोरी' का मुद्दा उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग भी की थी।

प्राथमिकी में लगायी गयीं धाराओं और नामजद आरोपितों का विस्तृत ब्योरा अभी सामने नहीं आया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया अटल टनल का दौरा...

से मनाली वर्षभर लाहौल-स्पीति घाटी से जुड़ा रहता है। 9.02 किलोमीटर लंबी इस टनल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2020 में किया था।

राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ और लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कर्नाटक में केपीएससी के दो अधिकारी गिरफ्तार...

और कोझिकोड तथा आसपास के सात-आठ ठिकानों पर कार्रवाई की गयी। तीसरे मामले में कुट्टानेल्लूर को-ऑपरेटिव बैंक के पदाधिकारियों पर मालिकों और जमाकर्ताओं की सहमति के बिना गिरवी रखी सम्पत्तियों के हस्तांतरण का आरोप है। इस मामले में करीब 27 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित सम्पत्ति का उल्लेख है और त्रिशूर तथा आसपास के पांच-छह ठिकानों पर तलाशी चल रही है।

वहीं, कर्नाटक में ईडी ने केपीएससी के निलम्बित अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस. साहूकार और सदस्य बी.वी. गीता को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आयोग के माध्यम से पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं और धन के लेनदेन की जांच के तहत की गयी है। ईडी ने साहूकार के बेंगलुरु स्थित आवास पर नए सिरे से तलाशी के बाद दोनों को गिरफ्तार किया। मामले में पूर्व परीक्षा नियंत्रक ज्ञानेन्द्र कुमार गंगवार और कथित बिचौलिये बसवराज कन्नाले से भी ईडी पहले पूछताछ कर चुकी है।

ईडी की जांच में भर्ती प्रक्रिया में कथित रिश्वत, परीक्षा में अनियमितता और अवैध धन के लेनदेन के पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। एजेंसी ने कहा कि साहूकार और गीता की गिरफ्तारी इसी धन शोधन जांच का हिस्सा है। मामले की आगे की जांच जारी है।

सीजेपी और एआईएसए 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन...

चुनावी व्यवस्था में सुधार होने के बाद ही वापस लौटेगी। उन्होंने कहा कि सरकार 10 अक्टूबर के विरोध प्रदर्शन के आह्वान के खिलाफ साजिश रचने के बजाय, व्यवस्था में सुधार पर बातचीत के लिए युवाओं के प्रतिनिधिमंडल को क्यों नहीं बुला सकती। उन्होंने सरकार पर विरोध प्रदर्शन को पटरी से उतारने और तनावपूर्ण एवं हिंसक माहौल बनाने का आरोप लगाया है।

सौरव ने कहा कि एक लम्बे आन्दोलन के लिए तैयार रहें। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे हममें से कितनों को हिरासत में लेते हैं, याद रखें कि यह लड़ाई तो लड़नी ही है, चाहे हम हों या न हों। अगर वोट देने का हमारा अधिकार सुरक्षित रहेगा, तभी हम अपने भ्रष्ट तंत्र को बदल पायेंगे। नेहा बोरा ने कहा कि 10 अक्टूबर को होनेवाला प्रदर्शन हिन्दुस्तान के इतिहास में दर्ज किया जायेगा। हम अपनी आखिरी सांस तक अपने लोकतंत्र के लिए लड़ेंगे और इसे कमजोर या खत्म करने की कोशिश करनेवाली हर ताकत के खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे।

एक झलक

हमास हमले ने बदली इजराइल की राजनीति

तेल अवीव : इजराइल में 27 अक्टूबर को आम चुनाव होने हैं। पहले महंगाई, घरों की कीमत और नेतन्याहू के खिलाफ मुकदमे जैसे मुद्दे चुनावी बहस में प्रमुख थे। अब सुरक्षा, हमास, सेना और फिलिस्तीन का सवाल सबसे ऊपर है। इसका फायदा पहले से मजबूत दक्षिणपंथी राजनीति को मिला है। हालांकि पीएम नेतन्याहू के हारने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं लेफ्ट कमजोर हुआ है और अरब पार्टियों के लिए सरकार बनाने में पहले जैसी किंगमेकर भूमिका निभाना मुश्किल हो गया है। गौरतलब है कि 7 अक्टूबर 2023 को हमास के करीब 6 हजार लड़ाकों ने इजराइल पर हमला किया। लोगों को घरों और बंकरों में मारा गया, कई लोगों को जिंदा जला दिया गया और 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले जाया गया। करीब 1,200 लोग मारे गए। इसके जवाब में इजराइल ने गाजा पर हमला शुरू कर दिया। तीन साल बाद भी 7 अक्टूबर का असर सिर्फ युद्ध तक सीमित नहीं है। इस हमले ने इजराइल की राजनीति का एजेंडा भी बदल दिया।

फ्रांस-जापान के वैज्ञानिकों को मिला केमिस्ट्री नोबेल

स्टॉकहोम : 2026 का केमिस्ट्री नोबेल पुरस्कार फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के केन्सो सोआई को दिया गया है। दोनों वैज्ञानिकों ने रसायन विज्ञान की करीब 100 साल पुरानी गुत्थी सुलझाई है। हेनरी बी. कागन और केन्सो सोआई ने यह समझाने में बड़ी मदद की कि मिरर इमेज जैसे दिखने वाले दो अणुओं में से सिर्फ एक को कैसे बनाया जा सकता है। यह खोज खास तौर पर दवाएं बनाने में काम आ रही है। नोबेल पुरस्कार के विजेताओं को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2026 में नोबेल पुरस्कार की राशि करीब 11.5 करोड़ रुपए है।

ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भी तगड़ी चोट

वाशिंगटन : अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य संघर्ष इसी साल फरवरी में शुरू हुआ था। करीब 8 महीने से चले आ रहे इस युद्ध में दोनों ही देशों को जान-माल का भारी नुकसान हो चुका है। इस बीच कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका को इस युद्ध के दौरान बहुत भारी नुकसान हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सैन्य संघर्ष में अमेरिका के कम से कम 81 सैन्य एयरक्राफ्ट और ड्रोन या तो नष्ट हुए हैं या उन्हें नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान की अनुमानित आर्थिक कीमत करीब 3.3 अरब डॉलर बताई गई है। रिपोर्ट में अमेरिका के कुछ सबसे आधुनिक और महंगे लड़ाकू विमानों के साथ-साथ निगरानी, ईंधन भरने और मानवरहित विमानों को हुए नुकसान का भी जिक्र है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के एफ-35ए लाइटिंग2, एफ-15ई,ए-10 थंडरबोल्ट2, केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर और एमक्यू-9 रीपर जैसे फाइटर जेट को नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सेना ने मिडिल ईस्ट में चलाए गए ऑपरेशन के दौरान 12 एफ-15ई एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल किया था।

मुठभेड़ में मारे प्रतिबंधित संगठन के 18 आतंकवादी

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान में अलग-अलग मुठभेड़ में 18 आतंकवादियों को मार गिराया। दावा किया गया है कि मारे गए आतंकियों का संबंध फित्ना-अल-ख्वारिज और फित्ना-अल-हिंदुस्तान से है। यह दोनों संगठन पाकिस्तान में प्रतिबंधित हैं। डान अखबार के अनुसार संघीय सरकार के नियंत्रण वाले पाकिस्तान टीवी ने बुधवार को प्रसारित रिपोर्ट में कहा कि खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ शुरू अज्म -ए-इस्तेहकाम के तहत उत्तरी वजीरिस्तान में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान में फित्ना-अल-ख्वारिज के 13 आतंकवादियों को मार गिराया।

आईपीयू सभा में भारत का पाकिस्तान को जवाब, कश्मीर भारत का अभिन्न व अविभाज्य हिस्सा

एजेंसी

नयी दिल्ली : तंजानिया के अरुशा में 153वीं अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) सभा में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को विभिन्न समितियों की बैठकों और चर्चाओं में हिस्सा लिया। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सभा के दूसरे दिन की कार्यवाही में भाग लिया। राज्यसभा सचिवालय की ओर से बुधवार को जारी जानकारी के अनुसार, हरिवंश ने आईपीयू सभा की बैठकों में हिस्सा लिया और कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की ओर से की गई टिप्पणियों पर जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है तथा भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है। लोकसभा सदस्य संजय जायसवाल ने आईपीयू की स्वास्थ्य समिति के सत्र में हिस्सा लिया और समिति के साथ एक क्षेत्रीय दौरे में भी शामिल हुए। लोकसभा सदस्य अनुराग सिंह ठाकुर ने लोकतंत्र और मानवाधिकार संबंधी स्थायी समिति की बैठक में हिस्सा लिया तथा 'सभी के लिए समावेशी सामाजिक

विकास : दिव्यांग लोगों के अधिकारों और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए संसदीय रणनीतियां' विषय पर मसौदा प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लिया। लोकसभा सदस्य कमलजीत सहरावत ने शांति और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति की बैठक में हिस्सा लिया और 'शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण : स्थायी शांति के लिए संसदीय कूटनीति, मध्यस्थता और संवाद' विषय पर चर्चा में भाग लिया। राज्यसभा सदस्य सस्मित पात्रा ने इसी समिति के पैनल विमर्श में 'सैन्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में शांति सुनिश्चित करने में संसदों की भूमिका' विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने लोकतंत्र और मानवाधिकार संबंधी स्थायी समिति की चचाओं में भी भाग लिया और प्रस्ताव के मसौदे को तैयार करने में योगदान दिया। लोकसभा सदस्य एन.के. प्रेमचंद्रन ने आतंकवाद के खिलाफ संसदीय प्रतिक्रिया मजबूत करने तथा महत्वपूर्ण खनिजों पर संसदीय निगरानी मजबूत करने से संबंधित कार्यशालाओं में भाग लिया। भारतीय उच्चायोग ने प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में शाम को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भारतीय प्रवासी समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की।

भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण व घाना विवि के बीच अहम समझौता

एजेंसी

कोलकाता : भारत और अफ्रीकी देशों के बीच वैज्ञानिक एवं संस्थागत सहयोग को मजबूत करने की दिशा में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण (जेडएसआई) और घाना विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। यह कार्यक्रम छह अक्टूबर को घाना की राजधानी अक्रा स्थित विदेश मंत्रालय में आयोजित किया गया। समझौते के जरिए जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव स्वास्थ्य, बीमारी निगरानी और संरक्षण जीनोमिक्स जैसे क्षेत्रों में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। जेडएसआई की ओर से गुरुवार को इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।

एमओयू का आदान-प्रदान भारत के विदेश मंत्रालय के मध्य एवं पश्चिम अफ्रीका प्रभाग के अतिरिक्त सचिव सेवाला नाइक मुडे और घाना विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज के डीन प्रो. फ्रांसिस गबोग्बो ने किया। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, घाना के विदेश मंत्री सैमुअल ओकुडजेटो अब्बलाक्वा और शिक्षा मंत्री हारुना इदरिसु भी उपस्थित रहे।

जेडएसआई के अनुसार, यह समझौता शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्षमता निर्माण के लिए व्यापक संस्थागत ढांचा तैयार करेगा। इसके तहत 'वन हेल्थ' और बीमारी निगरानी, जैव विविधता की निगरानी, संरक्षण जीनोमिक्स तथा जैव विविधता प्रबंधन के लिए आधुनिक जीनोमिक तकनीकों के इस्तेमाल जैसे क्षेत्रों में संयुक्त कार्य की संभावनाएं तलाश की जाएंगी।

जेडएसआई की निदेशक डॉ. धृति बनर्जी और वैज्ञानिक (डी) डॉ. मुकेश ठाकुर इस दौरान वैज्ञानिक सहयोग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए घाना के दौरे पर थे। डॉ. बनर्जी ने घाना के शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों के साथ संवाद में भारत और घाना के बीच दीर्घकालिक संस्थागत साझेदारी विकसित करने की दिशा में विचार साझा किए। उन्होंने जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त शोध कार्यक्रम विकसित करने तथा युवा शोधकताओं के आदान-प्रदान पर जोर दिया। इससे दोनों देशों के वैज्ञानिकों के बीच ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करने के साथ अनुसंधान क्षमता को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

जेडएसआई ने बताया कि संस्थान पिछले तीन वर्षों से घाना में जैव विविधता अनुसंधान से जुड़ा हुआ है। इनमें डॉ. मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में पैंगोलिन संरक्षण से संबंधित परियोजना भी शामिल है। नए एमओयू से इस तरह की वैज्ञानिक गतिविधियों को व्यापक संस्थागत आधार मिलने की संभावना है। समझौते के तहत जेडएसआई और घाना विश्वविद्यालय अपनी वैज्ञानिक विशेषज्ञता एवं संस्थागत क्षमताओं को साझा कर संयुक्त अनुसंधान, क्षमता निर्माण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में घाना में भारत के उच्चायुक्त सुरिंदर भगत सहित भारतीय मिशन और घाना विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

■ जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण पर भारत-घाना वैज्ञानिक सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

भारत-घाना वैज्ञानिक सहयोग को नयी दिशा

- जेडएसआई और घाना विश्वविद्यालय के बीच एमओयू का आदान-प्रदान
- जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव स्वास्थ्य और बीमारी निगरानी पर होगा सहयोग
- संरक्षण जीनोमिक्स और आधुनिक जीनोमिक तकनीकों पर संयुक्त शोध को बढ़ावा
- वैज्ञानिक अनुसंधान, क्षमता निर्माण और युवा शोधकर्ताओं के आदान-प्रदान पर जोर
- प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए विकसित किये जायेंगे संयुक्त कार्यक्रम

कांग्रेस अपनी हार स्वीकार करना व संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करना सीखे : धनखड़

श्रीओम शर्मा

बहादुरगढ़ : भाजपा के वरिष्ठ नेता औमप्रकाश धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव में 'वोट चोरी' के लगाए जा रहे आरोपों का करारा जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस झूठ का नैरेटिव चलाती है। हिमाचल, केरल पंजाब, तमिलनाडु की सरकार भी चुनाव आयोग कि प्रक्रिया के तहत चुनी गई है। राहुल सहित कांग्रेस के सांसद भी चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत निर्वाचित होकर संसद पहुंचे हैं। धनखड़ ने कहा कांग्रेस अपनी हार स्वीकार नहीं पा रही है। कांग्रेस नेता अपनी हार का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ रही है। यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस हार की जिम्मेदारी खुद लेने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर डालने का प्रयास करती है, ताकि उसके कार्यकर्ता निराशा में न डूबें।

पूर्व राष्ट्रीय सचिव धनखड़ झज्जर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग किए जाने के सवाल पर धनखड़ ने कहा कि चुनाव आयुक्त का पद संवैधानिक है और किसी के मांगने मात्र से संवैधानिक पदाधिकारी इस्तीफा नहीं देता। उन्होंने चुनाव आयोग की चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बताते हुए कहा कि भारत की चुनाव प्रक्रिया की अन्य देशों ने भी सराहना की है। धनखड़ ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव आयोग की 'छलनी' से कांग्रेस के बांग्लादेशियों के वोट के लालच की कहानी टूट गई है। उनके इस बयान को कांग्रेस के चुनावी आरोपों पर सीधा राजनीतिक पलटवार माना जा रहा है।

मोदी के विकसित भारत के संकल्प की सराहना

धनखड़ ने झज्जर के नेहरू कॉलेज में बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण ऑनलाइन देखने के कार्यक्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट संदेश है कि संकल्प लेकर आगे बढ़ें—हम कर सकते हैं और करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना भारत को 2047 तक विकसित देश बनाना है और आज देश का प्रत्येक नागरिक भारत को ऊंची उड़ान भरते हुए देख रहा है।

मोहन भागवत आज पश्चिम बंगाल के दौरे पर

कोलकाता : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले गुरुवार, 8 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल के दौरे पर आएंगे। दोनों संघ पदाधिकारी पूर्व बर्धमान के 'उल्लास' स्थित संघ कार्यालय में राज्य के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। संघ के दक्षिण बंगाल प्रांत प्रचार प्रमुख विप्लव रॉय ने बुधवार को बताया कि यह दौरा संघ के आंतरिक और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के लिए निर्धारित किया गया है। बर्धमान स्थित संघ कार्यालय में होने वाली बैठक सुबह नौ बजे शुरू होगी।

वाराणसी में 'आबे मेमोरियल कॉरिडोर' का उद्‍घाटन, योगी बोले

जापान का सच्चा और विश्वसनीय मित्र भारत

एजेंसी

वाराणसी : वाराणसी के सिगरा स्थित रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केंद्र में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शिंजो आबे के सम्मान में निर्मित 'आबे मेमोरियल कॉरिडोर' का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शिंजो आबे की पत्नी आकिए आबे ने संयुक्त रूप से किया। यह स्मृति गलियारा शिंजो आबे की दिसंबर 2015 की ऐतिहासिक काशी यात्रा और प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके आत्मीय संबंधों की दुर्लभ तस्वीरों को संजोए हुए है। बुधवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत और जापान के संबंधों को रेखांकित करते हुए जापान को भारत का सच्चा और विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर भारत-जापान की दोस्ती का प्रतीक है और इसी परिसर में शिंजो आबे की स्मृतियों को संजोना दोनों देशों के गहरे रिश्तों का सम्मान है।

अनन्त अम्बानी की 'चैम्पियंस ऑफ केयर' मुहिम हर साल 20 लाख जानवरों तक पहुंचेगी मदद

- देशभर के 50 से ज्यादा पशु कल्याण संगठन 'चैम्पियंस ऑफ केयर' से जुड़े
- इलाज, रेस्क्यू, शेल्टर, भोजन और लंबे समय की देखभाल में मिलेगा सहयोग

एजेंसी

जामनगर : अनन्त अम्बानी ने देशभर में जानवरों की मदद के लिए 'चैम्पियंस ऑफ केयर' मुहिम शुरू की है। वनतारा की इस मुहिम से 50 से ज्यादा पशु कल्याण संगठन जुड़े हैं। अनुमान है कि इसके जरिये हर साल करीब 20 लाख जानवरों को इलाज, रेस्क्यू, शेल्टर, भोजन और दूसरी जरूरी मदद पहुंचाई जा सकेगी। इसमें सड़कों पर रहने वाले कुत्ते और बिल्लियां, छोड़े गये या घायल जानवर, साथ ही मवेशी, गधे और घोड़े भी शामिल होंगे। जरूरत के मुताबिक पशु कल्याण संगठनों को एम्बुलेंस, रेस्क्यू उपकरण, इलाज और जांच की मशीनें, शेल्टर और ट्रेनिंग जैसी मदद दी जायेगी।

अनन्त अम्बानी ने कहा, 'हर दिन बहुत से लोग सीमित साधनों के बावजूद जरूरतमंद जानवरों की देखभाल करते हैं। 'चैंपियंस ऑफ केयर' के जरिये हम उनके साथ खड़े होकर इस काम को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारे लिए यही 'एवरी लाइफ मैटर्स' का असली अर्थ है।' वनतारा और मुहिम से जुड़े संगठनों ने साथ मिल कर काम करने के लिए एक सहमति पत्र पर भी हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत वे जानकारी, अनुभव और संसाधन साझा करेंगे, ताकि जानवरों की मदद करनेवाले संगठनों को उनकी जरूरत के मुताबिक बेहतर सहयोग मिल सके।

बर्धमान का फर्जी डॉक्टर साइदुल दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार

कोलकाता : दुबई भागकर पत्नी के साथ खाड़ी देश में बसने का सपना देख रहे पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले के फर्जी डॉक्टर शेख साइदुल की योजना पर पानी फिर गया। पत्नी को साथ ले जाने के इरादे से मंगलवार को दिल्ली पहुंचे साइदुल को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही पुलिस ने धर दबोचा। बुधवार को बर्धमान थाने की एक विशेष टीम उसे ट्रांजिट रिमांड पर पश्चिम बंगाल लाने के लिए दिल्ली रवाना हो चुकी है। शेख साइदुल की फर्जी गतिविधियों का खुलासा सितंबर के पहले हफ्ते में हुआ था। पूर्व बर्धमान के नवाबहाट स्थित 'लाइफ केयर' नामक एक निजी नर्सिंग होम में फाइमोसिस की सर्जरी के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई थी।

दूसरी बार माता-पिता बनेंगे कियारा-सिद्धार्थ

मुंबई : अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द ही दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक प्यारी तस्वीर शेयर कर यह खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की। तस्वीर में दोनों अपनी बेटी सरायाह के साथ नजर आ रहे हैं। इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस और बॉलीवुड सितारों की ओर से बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। कियारा और सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'एक बार फिर सबसे महान उपहार से नवाजे गए हैं, हमारा दिल प्यार और आभार से भर गया है।' तस्वीर में दोनों अपनी बेटी के साथ हाथों में बुने हुए छोटे बच्चों के जूते थामे नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस तस्वीर का अंदाज उनकी पहली बेटी के जन्म की घोषणा से काफी मिलता-जुलता है। इस खास पोस्ट पर करण जौहर ने सबसे पहले प्रतिक्रिया देते हुए दिल वाले इमोजी के साथ उन्हें प्यार भेजा। अथिया शेट्टी, भूमि पेडनेकर, रिया कपूर और फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा समेत कई हस्तियों ने भी जोड़ी को बधाई दी। कियारा और सिद्धार्थ ने फरवरी 2023 में राजस्थान में शादी की थी। इसके बाद 2025 में दोनों पहली बार माता-पिता बने और अपनी बेटी सरायाह का स्वागत किया। दोनों अपनी निजी जिंदगी को काफी हद तक लाइमलाइट से दूर रखते हैं और खास मौकों पर ही प्रशंसकों के साथ निजी पल शेयर करते हैं।

अब पहले ही पता चल जायेगा कहां आ रही बाढ़, आईआईटी मद्रास के शोध से बढ़ी उम्मीद

एजेंसी

नयीदिल्ली/चेन्नई : कहने को देश की राजधानी दिल्ली सभी संसाधनों से भरपूर है लेकिन जब तेज बारिश होती है तब दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा होना जैसे आम बात है। मुंबई में कुछ घंटों की तेज बारिश के बाद सड़कों का दरिया बन जाना, चेन्नई में मूसलधार बारिश के साथ जलाशयों और नदियों का दबाव बढ़ना, बेंगलुरु में शहरी जलभराव से जनजीवन प्रभावित होना, हैदराबाद और कोलकाता में भारी वर्षा के बाद निचले इलाकों में पानी भरना, जैसी देश के तेजी से बढ़ते महानगरों के सामने एक जैसी चुनौती उभर रही है। दूसरी ओर इसी चुनौती के बीच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के नेतृत्व में हुआ एक अध्ययन (शोध) शहरी बाढ़ के पूवानुमान को अधिक सटीक बनाने की दिशा में वैज्ञानिक रास्ता सामने रखता है।

यह शोध आईआईटी मद्रास, जर्मनी के जीएफजेड हेल्महोल्ट्ज सेंटर फॉर जियोसाइंसेज, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) और काठमांडू विश्वविद्यालय के बीच एक बहुविषयक सहयोग के माध्यम से किया गया, जिसमें वायुमंडलीय विज्ञान, जल विज्ञान, हाइड्रोलिक मॉडलिंग और पृथ्वी अवलोकन में विशेषज्ञता को एक साथ लाया गया। दरअसल, इस अध्ययन ने वायुमंडल

में बनने वाली बारिश से लेकर शहर में पानी पहुंचने और जलाशयों पर पड़ने वाले दबाव तक की पूरी प्रक्रिया को एक साथ समझने का प्रयास किया है। इसमें वायुमंडलीय मॉडलिंग, जल विज्ञान, जल संचयन सिमुलेशन और उपग्रह आधारित पृथ्वी अवलोकन को जोड़ा गया है। शोध का जोर विशेष रूप से शहरी बेसिन स्तर पर अत्यधिक वर्षा का अधिक सटीक पूर्वानुमान तैयार करने पर है इसके निष्कर्ष नेचुरल हैजर्ड्स एंड अर्थ सिस्टम साइंसेज में प्रकाशित हुए हैं, जोकि एक पीयर-रिव्यूड, ओपन-एक्सेस अंतरराष्ट्रीय जर्नल है। इस शोध पत्र के सह-लेखक डॉ. एन. निथिला देवी, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी मद्रास और जीएफजेड हेल्महोल्ट्ज सेंटर फॉर जियोसाइंसेज, जर्मनी के अनुभाग 4.4: जल विज्ञान विभाग, डॉ. राकेश तेजा कोंडुरु, पृथ्वी अवलोकन अनुसंधान केंद्र, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) के डॉ. कुंदन लाल श्रेष्ठ, काठमांडू विश्वविद्यालय, नेपाल के डॉ. कुंदन लाल श्रेष्ठ और ऑस्कर पॉल, प्रोफेसर सौमेंद्र नाथ कुइरी और प्रोफेसर चंदन सारंगी (संबंधित लेखक) हैं, जो आईआईटी मद्रास से हैं।

इस शोध के महत्व को समझाते हुए, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. चंदन सारंगी, जो इस शोध के सह-लेखक भी हैं, ने कहा, 'शहरी बाढ़ पूवानुमान को अक्सर मुख्य रूप से वर्षा से अपवाह की समस्या के रूप में देखा जाता है। शहरी बाढ़ पूवानुमान में समस्या यह है कि वर्षा का स्थानिक और समयिक वितरण हमारे मौसम मॉडलों द्वारा ठीक से नहीं दशार्या जाता है। वर्षा से पहले और उसके दौरान वायुमंडल में होने वाली घटनाएं वर्षा के स्थानिक पैटर्न को काफी हद तक प्रभावित कर सकती हैं।